राष्ट्रीय आवास बैंक
NATIONAL HOUSING BANK

भारत में आवास की प्रवृत्ति एवं प्रगति रिपोर्ट

REPORT ON TREND AND PROGRESS OF HOUSING IN INDIA

2016

राष्ट्रीय आवास बैंक
NATIONAL HOUSING BANK

भारत में आवास की प्रवृत्ति एवं प्रगति रिपोर्ट 2016

राष्ट्रीय आवास बैंक
NATIONAL HOUSING BANK

श्रीराम कल्याणरामन
प्रबन्ध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी
Sriram Kalyanaraman
Managing Director & Chief Executive Officer

राष्ट्रीय आवास बैंक
NATIONAL HOUSING BANK

अंतरण पत्र

रा.आ.बैंक(न.दि.)/एमडी एंड सीईओ/12460/2017
14 दिसंबर, 2017

वित्त सचिव
भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
नॉर्थ ब्लॉक
नई दिल्ली–110 001

महोदय,

राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 की धारा 42 के प्रावधान के अनुसार, मैं इस पत्र के साथ भारत में आवास की प्रवृत्ति एवं प्रगति की रिपोर्ट वर्ष – 2016 की एक प्रति भेज रहा हूँ।

भवदीय,

(श्रीराम कल्याणरामन)

संलग्न: यथोपरि

भारतीय रिजर्व बैंक
के संपूर्ण स्वामित्व में

कोर 5–ए, इंडिया हैबिटेट सेंटर, लोधी रोड, नई दिल्ली–110003
दूरभाष (डी) +91–11–2464 2722 (पीबीएक्स) +91–11–2464 9031–35 फैक्स : +91–11–2464 9030
ई–मेल : sriram.kalyanaraman@nhb.org.in

Wholly owned by
Reserve Bank of India

Core 5-A, India Habitat Centre, Lodhi Road, New Delhi-110003
Phone : (D) +91-11-2464 2722 (PBX) +91-11-2464 9031-35 Fax : +91-11-2464 9030
e-mail : sriram.kalyanaraman@nhb.org.in

"बैंक हिन्दी में पत्राचार का स्वागत करता है"

श्रीराम कल्याणरामन
प्रबन्ध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी
Sriram Kalyanaraman
Managing Director & Chief Executive Officer

राष्ट्रीय आवास बैंक
NATIONAL HOUSING BANK

अंतरण पत्र

रा.आ.बैंक(न.दि.)/एमडी एंड सीईओ/12462/2017
14 दिसंबर, 2017

गवर्नर
भारतीय रिजर्व बैंक
केन्द्रीय कार्यालय भवन
शहीद भगत सिंह रोड
मुंबई–400 001

महोदय,

राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 की धारा 42 के प्रावधान के अनुसार, मैं इस पत्र के साथ भारत में आवास की प्रवृत्ति एवं प्रगति की रिपोर्ट वर्ष – 2016 की एक प्रति भेज रहा हूँ।

भवदीय,
(श्रीराम कल्याणरामन)

संलग्न: यथोपरि

भारतीय रिजर्व बैंक के संपूर्ण स्वामित्व में
कोर 5–ए, इंडिया हैबिटेट सेंटर, लोधी रोड, नई दिल्ली–110003
दूरभाष (डी) +91–11–2464 2722 (पीबीएक्स) +91–11–2464 9031–35 फैक्स : +91–11–2464 9030
ई–मेल : sriram.kalyanaraman@nhb.org.in

Wholly owned by Reserve Bank of India
Core 5-A, India Habitat Centre, Lodhi Road, New Delhi-110003
Phone : (D) +91-11-2464 2722 (PBX) +91-11-2464 9031-35 Fax : +91-11-2464 9030
e-mail : sriram.kalyanaraman@nhb.org.in

"बैंक हिन्दी में पत्राचार का स्वागत करता है"

विषय सूची

विवरण	पृष्ठ सं.
अध्याय 1: दृष्टिकोण एवं नीतिगत माहौल	
1.1 आवासीय तंत्र–एक दृष्टिकोण	09
1.2 वैश्विक आर्थिक परिदृश्य	10
1.3 भारतीय अर्थव्यवस्था एवं आवास का विहंगावलोकन	13
1.4 राष्ट्रीय आवास बैंक की भूमिका	15
अध्याय 2: भारत में आवास	
2.1 आवास प्रेरक के रूप में	19
2.2 भारत में आवास संबंधी पहलें	19
2.3 वित्तीय सुधार	37
2.4 विधिक सुधार	39
2.5 भू सम्पदा (विनियम एवं विकास) अधिनियम, 2016 और प्रभावित क्षेत्र	40
अध्याय 3: प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों द्वारा आवास वित्त कारोबार	
3.1 आवास वित्त में प्राथमिक ऋणदाता संस्थान	43
3.2 वैयक्तिक आवास ऋण पर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) की कार्य–निष्पादकता	47
3.3 आवास वित्त कंपनियां एवं उनका कारोबार	49
3.4 आवास वित्त में अन्य पक्ष	61
अध्याय 4: वर्ष 2022 तक सबके लिए आवास	
4.1 पृष्ठभूमि	66
4.2 वर्ष 2022 तक सबके लिए आवास	66
अध्याय 5: भावी परिदृश्य	*70*

तालिका

तालिका सं. 1.1:	विगत तीन वर्षों में संस्थान–वार पुनर्वित्त संवितरण	16
तालिका सं. 2.1 :	ग्रामीण क्षेत्रों में आवासों की कमी के विभिन्न कारण	20
तालिका सं. 2.2 :	शहरी क्षेत्रों में आवास की कमी के कारण	23
तालिका सं. 2.3 :	सीएलएसएस के तहत ईडब्ल्यूएस/एलआईजी श्रेणियों के लाभार्थियों पर लागू मानदंड	25
तालिका सं. 3.1 :	सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के वैयक्तिक आवास ऋणों की कार्य–निष्पादकता	47
तालिका सं. 3.2 :	आवास वित्त कंपनियों के मुख्य वित्तीय संकेतक	51
तालिका सं. 3.3 :	आ.वि.कं. की जमाएं स्वीकार करने की स्थिति के आधार पर आ.वि.कं. के मुख्य वित्तीय मापदंड	52

विवरण		पृष्ठ सं.

तालिका सं. 3.4 :	आवास वित्त कंपनियों की उधार राशियों का संघटन	54
तालिका सं. 3.5 :	आवास वित्त कंपनियों के बकाया ऋण एवं अग्रिम तथा निवेश	56
तालिका सं. 3.6 :	आवास वित्त कंपनियों के कुल ऋणों के साथ आवास ऋणों की तुलना	57
तालिका सं. 3.7 :	आवास वित्त कंपनियों के खंड–वार वैयक्तिक आवास ऋण	57
तालिका सं. 3.8 :	आ.वि.कं. द्वारा वैयक्तिकों को नए घरों के अधिग्रहण/निर्माण हेतु आवास ऋणों के संवितरण की तुलना	59
तालिका सं. 3.9 :	आ.वि.कं. द्वारा वैयक्तिकों को उन्नयन (मुख्य मरम्मतों सहित) हेतु आवास ऋणों के संवितरण की तुलना	59
तालिका सं. 3.10 :	आ.वि.कं. द्वारा वैयक्तिकों को पुराने/मौजूदा घरों (पुनर्विक्रय) के अधिग्रहण हेतु आवास ऋणों के संवितरण की तुलना	59
तालिका सं. 3.11 :	आ.वि.कं. द्वारा वैयक्तिकों को आवास ऋणों के कुल संवितरण की तुलना	60
तालिका सं. 3.12 :	आवास ऋणों का राज्य/केन्द्र शासित–वार संवितरण	60
तालिका सं. 3.13 :	विगत तीन वर्षों की शीर्ष सहकारी आवास परिसंघों (संचयी) के उधार राशियों, संस्वीकृतियों एवं संवितरणों की प्रवृत्ति	61
तालिका सं. 3.14 :	विगत तीन वर्षों के संवितरित आवास ऋण एवं एसीएचएफ (राज्य वार) द्वारा निर्मित इकाईयों की प्रवृत्ति	62

ग्राफ

ग्राफ 1.1 :	संवहनीयता बढ़ाने के तरीके	13
ग्राफ 1.2 :	सीआरआर, बैंक दर, रेपो दर एवं 10 वर्ष के सरकारी क्षेत्र के प्रतिफल में प्रवृत्ति	14
ग्राफ 1.3 :	30 जून, 2016 को योजना–वार पुनर्वित्त संवितरण (प्रतिशत में)	17
ग्राफ 1.4 :	30 जून, 2016 को अवधि–वार पुनर्वित्त संवितरण (प्रतिशत में)	17
ग्राफ 1.5 :	परियोजना वित्त के संवितरण में प्रवृत्ति	17
ग्राफ 3.1 :	बैंकों एवं आ.वि.कं. के आवास ऋण बकाया	44
ग्राफ 3.2 :	बैंकों एवं आ.वि.कं. के बीच आवास ऋण बाजार अंश	45
ग्राफ 3.3 :	कुल खाद्येतर पोर्टफोलियो हेतु अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) और आवास वित्त कंपनी (आ.वि.कं.) का आवास पोर्टफोलियो	45
ग्राफ 3.4 :	बैंकों और आ.वि.कंपनियों के बकाया आवास ऋणों में प्रवृत्ति	46
ग्राफ 3.5 :	यथा 31.03.2016 को शीर्ष सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के वैयक्तिक आवास ऋण बकाया (खंड–वार)	48
ग्राफ 3.6 :	सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) का खंड–वार बकाया वैयक्तिक आवास ऋण आंकड़े	49
ग्राफ 3.7 :	पंजीकृत आवास वित्त कंपनियों का वर्गीकरण	49
ग्राफ 3.8 :	विगत 2 वर्षों में पंजीकृत आ.वि.कं. की शाखाओं/कार्यालयों का राज्य/केन्द शासित प्रदेश–वार वितरण	50
ग्राफ 3.9:	विगत तीन वर्षों में आ.वि.कं. के बकाया संसाधनों की प्रवृत्ति	53
ग्राफ 3.10:	विगत तीन वर्षों में आ.वि.कं. की सार्वजनिक जमाओं की आकार–वार प्रवृत्ति	54

विवरण		पृष्ठ सं.

ग्राफ 3.11:	विगत तीन वर्षों में आ.वि.कं. की सार्वजनिक जमाओं की ब्याज दर–वार प्रवृत्ति	55
ग्राफ 3.12:	विगत तीन वर्षों में आ.वि.कं. की सार्वजनिक जमाओं की परिपक्वता प्रवृत्ति	55
ग्राफ 3.13:	विगत तीन वर्षों में आ.वि.कं. के बकाया ऋण एवं अग्रिम तथा निवेश की प्रवृत्ति	56
ग्राफ 3.14:	आ.वि.कं. के वैयक्तिकों हेतु आवास ऋणों की परिपक्वता स्वरूप–वार प्रवृत्ति	57
ग्राफ 3.15:	आ.वि.कं. के वैयक्तिकों हेतु आवास ऋणों की उद्देश्य–वार प्रवृत्ति	58
ग्राफ 3.16:	आवास ऋणों की उधारकर्ता के प्रकार–वार संवितरण की प्रवृत्ति	58
ग्राफ 3.17:	वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान वैयक्तिकों को आवास ऋणों के संवितरण का राज्य–वार विभाजन	63
ग्राफ 3.18:	वैयक्तिकों हेतु बकाया आवास ऋणों का राज्य–वार विभाजन	63
ग्राफ 3.19:	वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान भवन निर्माताओं को आवास ऋणों के संवितरण का राज्य–वार विभाजन	64
ग्राफ 3.20:	भवन निर्माओं हेतु बकाया आवास ऋणों का राज्य–वार विभाजन	64
ग्राफ 3.21:	वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान वैयक्तिकों को नए घरों के अधिग्रहण/ निर्माण हेतु आवास ऋणों के संविरण का राज्य–वार विभाजन	65
ग्राफ 4.1:	घटक जिसके माध्यम से पीएमएवाई–शहरी कार्यान्वित किया गया है	68
ग्राफ 4.2:	यथा तिथि 31 दिसम्बर, 2016 को पीएमएवाई–सीएलएसएस के तहत राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश वार प्रदर्शन	69
ग्राफ 5.1 :	''वर्ष 2022 तक सबके लिए आवास मिशन'' के तहत नए तंत्र का उद्भव	71

बॉक्स

बॉक्स 1.1:	वैश्विक आवास	10
बॉक्स 1.2:	वैश्विक शहरीकरण की प्रवृत्ति	11
बॉक्स 1.3:	आवास के लिए निवेश एवं वित्तीय सहायता	14
बॉक्स 1.4:	आवास क्षेत्र के लिए केन्द्रीय बजट की घोषणाएं	14
बॉक्स 1.5:	आवास क्षेत्र के लिए नीतिगत ढांचा एवं विधायी समर्थन	14
बॉक्स 1.6:	आवास के लिए नवोन्मेषी प्रौद्योगिकी एवं क्षमता निर्माण में सहायता	15
बॉक्स 2.1:	गुजरात	27
बॉक्स 2.2 :	राजस्थान	29
बॉक्स 2.3 :	ओडिशा	30
बॉक्स 2.4 :	महाराष्ट्र	31
बॉक्स 2.5 :	पश्चिम बंगाल	32
बॉक्स 2.6 :	छत्तीसगढ़	34
बॉक्स 2.7 :	कर्नाटक	35
बॉक्स 2.8 :	मध्य प्रदेश	36
बॉक्स 2.9 :	उत्तर प्रदेश	37
बॉक्स 3.1 :	आवास वित्त कंपनियों का कार्य–निष्पादन	50

अध्याय 1 : दृष्टिकोण एवं नीतिगत माहौल

माननीय वित्त मंत्री ने अपने केन्द्रीय बजट भाषण 2015–16 में भारत के हर परिवार को अद्द छत की पहुंच तक समर्थ बनाने के महत्व को रेखांकित किया था एवं ''वर्ष 2022 तक सबके लिए आवास'' के लक्ष्य के प्रति भारत सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई जिसके लिए टीम इंडिया को शहरी क्षेत्रों में 2 करोड़ आवास एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 4 करोड़ आवासों का निर्माण करने की आवश्यकता होगी।

आवास की कमी में असर डालने वाले कुछ महत्वपूर्ण कारकों, में आवास विशेष तौर पर किफायती आवास के लिए भूमि की पर्याप्त आपूर्ति एवं मांग के अलावा आपूर्ति पक्ष के वृहत स्तर पर निधियों की दीर्घावधि व अल्प लागत के स्रोतों की अनुपलब्धता शामिल है। अतः ऐसी नीतियां एवं कार्यक्रम जिनका उद्देश्य समग्र तरीके में इन समस्याओं का निवारण करना है, देश के किफायती आवास स्टॉक में उन्नयन की दिशा में व्यापक प्रभाव डालेंगे।

केन्द्रीय बजट में की गई हाल की नीतिगत घोषणाओं के अलावा केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकार/भारतीय रिजर्व बैंक/राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा शुरू किए गये अन्य विनियामक एवं वित्तीय पहलों का उद्देश्य इस क्षेत्र को उच्चतम स्तर तक पहुँचाने के लिए आवश्यक प्रोत्साहन देना है। प्रत्येक भारतीय परिवार को पक्का आवास उपलब्ध कराने की सोच को पूरा करने के लिए 'वर्ष 2022 तक सबके लिए आवास मिशन' का शुभारंभ सहित कई पणधारक शामिल करना एवं किफायती आवास क्षेत्र को प्रभावित करने वाले विभिन्न मुद्दों का निवारण करना, जैसे बहु–आयामी दृष्टिकोण अपनाये गये हैं।

पुनर्वित्त प्रदान करने वाले संस्थान एवं ''प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई)'' के तहत ऋण सहबद्ध सब्सिडी योजना (सीएलएसएस) के कार्यान्वयन के लिए केन्द्रीय नोडल एजेंसी के तौर पर राष्ट्रीय आवास बैंक देश में आवास वित्त की उपलब्धता, अभिगम्यता एवं संवहनीयता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

1.1 आवासीय तंत्र–एक दृष्टिकोण

1.1.1 आवास का व्यक्ति एवं राष्ट्र पर व्यापक प्रभाव होता है चूंकि इसका आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक परिवेश से गहरा संबंध होता है। विगत दशक के दौरान प्रमुख वैश्विक परिस्थितियों से वैश्विक आर्थिक विकास पर काफी प्रभाव पड़ा है। इसलिए जब भारत में आवास की स्थिति की जांच की जा रही है तो वैश्विक अर्थव्यवस्था एवं आवास परिदृश्य को संदर्भ में रखना अत्यंत आवश्यक हो जाता है।

1.1.2 आवास क्षेत्र ने भारत के नीति निर्माताओं का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। इसे अधिकारिक मान्यता दी गयी कि आवास क्षेत्र के विकास का देश के आर्थिक विकास पर सीधा प्रभाव पड़ता है, लोगों की सामाजिक स्थिति, सुरक्षा एवं संरक्षा के अनुसार यह मजबूत सामाजिक प्रभाव पैदा करता है, देश की विकास यात्रा में देश की आबादी के बड़े वर्ग के समावेशन को सुविधापरक बनाता है एवं इसके अलावा यह गरीबी उन्मूलन व मानव विकास सूचकांक में सुधार के प्रति काफी योगदान देता है। भू–संपदा एवं आवास में किये गये निवेश का 250[1] से अधिक अनुषंगी उद्योगों पर या तो प्रत्यक्ष तौर पर अथवा अप्रत्यक्ष तौर पर प्रभाव पड़ता है। इसके दूरगामी प्रभाव को देखते हुए आवास क्षेत्र में विकास सामाजिक एवं वित्तीय समावेशन को सुविधापरक बनाते हुए व कई लोगों के आय स्तर में सुधार लाते हुए समग्र विकास को बढ़ावा देती है। ठीक इसी तरह आवास क्षेत्र में मंदी समग्र आर्थिक विकास की रफ्तार कम कर देता है।

1.1.3 भारत में आवास की स्थिति को वास्तविक रूप से समझने के लिए उन चुनौतियों की सीमा समझना अत्यंत आवश्यक हो जाता है जिनका सामना देश कर रहा है। आवास की बढती मांग के साथ भारत आवास की कमी का

[1] *भारत पर्यावास III राष्ट्रीय रिपोर्ट, 2016 आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय*

सामना कर रहा है। देश में बदलते सामाजिक एवं जनसांख्यिकी स्वरूप, सांस्कृतिक व आर्थिक विविधता एवं बढ़ती आबादी जैसे कारकों ने भारत में आवास की स्थिति को और भी जटिल बना दिया है। शहरीकरण, मूल परिवारों का एकीकरण, शिक्षा, आय स्तर एवं संवहनीयता इत्यादि ने देश में आवास की मांग को और भी बढ़ा दिया है। बारहवीं पंचवर्षीय योजनावधि (वर्ष 2012–2017) में भारत में शहरी क्षेत्रों एव ग्रामीण क्षेत्रों में क्रमशः 1.88 करोड़ [2] एवं 4.37 करोड़ [3] आवास इकाईयों की कमी का अनुमान लगाया गया है।

1.1.4 भारत सरकार ने भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ पर प्रत्येक भारतीय परिवार को आवास के स्वामित्व की सुविधा प्रदान करने के लिए 'वर्ष 2022 तक सबके लिए आवास मिशन' आरंभ किया है। अतीत में क्रमगत सरकारों द्वारा किये गये विभिन्न उपायों ने आवास की स्थिति में सुधार लाने के अनेक क्रियाकलापों को गति प्रदान की लेकिन असली चुनौतियां जो आज भी मौजूद हैं उनमें जमीनी स्तर पर योजनाओं के प्रभावी निष्पादन के लिए सभी प्रयासों एवं संसाधनों का एकीकरण शामिल है।

1.2 वैश्विक आर्थिक परिदृश्य

वैश्विक वित्तीय संकट जिसने वर्ष 2007–08 की अवधि में पूरे विश्व को प्रभावित किया, का विभिन्न देशों की आवास परिस्थितियों पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ा। आवास की कीमतों में होने वाले उतार–चढ़ाव एवं प्रवृत्ति से विश्व भर की अर्थव्यवस्थाओं में विविधता भरी आवास पद्धत्ति देखी गयी। आईएमएफ ग्लोबल वॉच रिपोर्ट विश्व की अर्थव्यस्था को तीन अलग–अलग वर्गों में वर्गीकृत करती है एवं अर्थव्यवस्था की उन वर्गों के संबंध में आवास कीमत सूचकांक की प्रवृत्ति का विश्लेषण करती है। उक्त का सार निम्नलिखित बॉक्स 1.1 में प्रस्तुत किया जाता है।

बॉक्स 1.1: वैश्विक आवास

- *आईएमएफ की वैश्विक आवास कीमत सूचकांक के अनुसार वर्ष 2016 में सभी देशों में वास्तविक आवास कीमत का औसत लगभग उसी स्तर पर आ गया है जो वित्तीय संकट की शुरूआत से पूर्व था।*
- *21 अर्थव्यवस्थाएं ऐसी थी जिन्हें 'तेजी' वाली अर्थव्यवस्थाओं के तौर पर संदर्भित किया गया, जहां वर्ष 2007–2012 की वित्तीय संकट की अवधि में कीमतों में मामूली गिरावट थी एवं इसके पश्चात फिर से त्वरित उछाल आ गया था। भारत को 'तेजी' वाली अर्थव्यवस्थाओं में वर्गीकृत किया गया था।*
- *18 अर्थव्यवस्थाएं ऐसी थी जिन्हें 'खराब एवं तेजी' वाली अर्थव्यवस्थाओं के तौर पर संदर्भित किया गया जहां वर्ष 2007–2012 की अवधि में तेजी से गिरावट आने के पश्चात वर्ष 2013 के पश्चात फिर से उछाल आया।*
- *18 अर्थव्यवस्थाएं ऐसी थी जिन्हें 'निराशाभरी' अर्थव्यवस्थाओं के तौर पर संदर्भित किया गया जिसमें संकट के शुरूआत में ही आवास की कीमतों में भारी गिरावट आई एवं निरंतर गिरती ही रही।*
- *अन्य अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में 'तेजी' वाली अर्थव्यवस्थाओं में अधिक तेजी से ऋण प्रदान किया।*
- *वर्ष 2007 से वर्ष 2012 की अवधि में 'धीमी एवं तेजी' वाली अर्थव्यवस्थाओं में निर्माण क्षेत्र में योजित सकल मूल्य एवं जारी भवन परमिटों की संख्या में तेजी से गिरावट आई एवं वर्ष 2013 के पश्चात उस स्तर पर अधिक या कम रहना जारी रहा।*
- *'निराशाभरी' अर्थव्यवस्थाओं में वर्ष 2013 की बाद की अवधि में निर्माण क्षेत्र में योजित सकल मूल्य एवं भवन परमिटों की संख्या में गिरावट आई। इससे पहले भी इन अर्थव्यवस्थाओं में वर्ष 2000 के बाद के वर्षों में केवल सीमांत स्तर की वृद्धि देखी गयी एवं उनमें वर्ष 2008 से गिरावट आनी शुरू हो गयी।*

स्त्रोत : आईएमएफ ग्लोबल हॉउसिंग वॉचः जुलाई, 2016 तथा आईएमएफ ग्लोबल हाउसिंग वॉच, नवम्बर 2016

[2] *शहरी आवास की कमी पर तकनीकी समूह की रिपोर्ट (टीजी–12)–(वर्ष 2012–2017)*
[3] *बारहवीं पंचवर्षीय योजना के लिए ग्रामीण आवास पर कार्यकारी दल*

1.2.1 शहरीकरण एवं आवास

बेरोजगारी एवं निम्न आय स्तर कुछ ऐसे महत्वपूर्ण कारकों में से एक हैं जिनके कारण लोग शहरों व नगरों की ओर आकर्षित होते हैं जिसके परिणामस्वरूप शहरी क्षेत्रों में आवास की मांग बढ़ती है। शहरों एवं नगरों की प्रति व्यक्ति आय एवं सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के प्रति योगदान में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी होती है। शहर निरंतर आर्थिक विकास के प्रमुख कारक एवं समावेशन व नवोन्मेष के उत्प्रेरक बने हुए हैं। हालांकि अत्यधिक घनी आबादी के कारण आवास एवं बुनियादी सुविधाओं के प्रावधानों में अपर्याप्तता आती है जिसके परिणामस्वरूप मलिन बस्तियों का प्रसार, गरीबी एवं पर्यावरण संबंधी क्षरण होता है। आवास एवं सतत शहरी विकास पर ध्यान केन्द्रित करने से शहरों को और अधिक समावेशी, सुरक्षित एवं टिकाऊ बनाने वाले समाधान उपलब्ध होंगे जो आर्थिक विकास को भी सुविधापरक बनाएंगे। बॉक्स 1.2 में विश्व भर में शहरीकरण के विषय से संबंधित कुछ प्रमुख तथ्यों की सूची प्रदान की गयी है।

बॉक्स 1.2: वैश्विक शहरीकरण की प्रवृत्ति

- *विश्व की लगभग 54 प्रतिशत आबादी शहरों में रहती है एवं इस सदी के मध्य तक इसमें 66 प्रतिशत तक की बढोत्तरी हो सकती है।*
- *वर्ष 2030 तक कम से कम पांच लाख निवासियों के साथ हर तीन व्यक्ति में से एक व्यक्ति शहरों में रहेगा एवं लगभग 5.4 बिलियन शहरी आबादी की तुलना में शहरी आबादी लगभग 3 बिलियन के स्तर तक रहेगी।*
- *10 मिलियन परिवार से अधिक की आबादी वाले शहर वर्ष 1995 में 13 की तुलना में वर्ष 2015 में 25 तक बढ़े।*
- *वैश्विक स्तर पर विश्व भर के 330 मिलियन शहरी परिवार निम्न आवास में रहते हैं अथवा आर्थिक रूप से आवास की लागतों के अनुसार फैले हुए हैं।*
- *विकासशील विश्व में लगभग 200 मिलियन परिवार मलिन बस्तियों में निवास करते हैं एवं संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोपीय संघ, जापान एवं ऑस्ट्रेलिया में 60 मिलियन से अधिक परिवार आर्थिक रूप से आवास की लागतों के अनुसार फैले हुए हैं।*
- *शहरी पलायन एवं आय वृद्धि में वर्तमान प्रवृत्तियों के आधार पर यह अनुमान लगाया जाता है कि वर्ष 2025 तक विश्व भर में लगभग 440 मिलियन शहरी परिवार भीड़भाड़ भरे, अपर्याप्त एवं असुरक्षित आवास में रहेंगे अथवा आर्थिक रूप से फैले होंगे।*
- *आवास संवहनीयता अंतर[4] प्रतिवर्ष 650 बिलियन अमरीकी डॉलर अथवा वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 1 प्रतिशत के बराबर होता है। कुछ सबसे कम किफायती शहरों में यह अंतर स्थानीय सकल घरेलू उत्पाद से 10 प्रतिशत से अधिक है जैसे एशिया व अफ्रीका महाद्वीपों में अधिकांश देशों में संस्थागत आवास वित्त निवेश बहुत कम है।*

स्रोत: वर्ल्ड अर्बनाइजेशन प्रॉसपेक्ट्स, 2014– यूएन रिपोर्ट, यूएन 2016 द्वारा विश्व के शहरों की रिपोर्ट एवं मैकिन्से ग्लोबल इंस्टीट्यूट रिपोर्ट, अक्तूबर, 2014

1.2.2 आवास क्षेत्र की विविध प्रभाव

1.2.2.1 आवास अत्यधिक श्रम–प्रधान क्षेत्र है एवं अर्थव्यवस्था में व्यापक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराता है। आवास विकास बड़ी संख्या में सूक्ष्म एंव समष्टि स्तरीय उद्योग से जुड़ा हुआ है। एनसीएईआर अध्ययन[5], के अनुसार

[4] *संवहनीयता अंतर किसी स्वीकार्य मानक आवास इकाई की लागत (जो अवस्थिति के अनुसार भिन्न हो सकती है) एवं परिवार 30 प्रतिशत से अनधिक आय का इस्तेमाल करते हुए भुगतान करने में खर्च कर सकताा है के बीच अंतर के तौर पर परिभाषित किया जाता है।*

[5] *भारतीय अर्थव्यवस्था में सकल घरेलू उत्पाद एवं रोजगार पर आवास क्षेत्र में निवेश के प्रभाव पर अध्ययन, एनसीएईआर, 2014।*

आवास क्षेत्र सकल घरेलू उत्पाद का 1 प्रतिशत के अलावा कुल रोजगार का 6.9 प्रतिशत बैठता है। आवास देश में रोजगार पैदा करने वाला चौथा सबसे बड़ा क्षेत्र है। आवास क्षेत्र में किये गये प्रत्येक एक लाख रुपये के निवेश ने चार नये रोजगार पैदा किए एवं इसके गुणक प्रभाव से सकल घरेलू उत्पाद में 2.9 लाख रुपये जुड़े। इसलिए भारत में आवास निर्माण को प्रोत्साहन देने के परिणामस्वरूप इससे जुड़े उद्योगों में बड़े रोजगार एवं आय पैदा करने के अलावा औद्योगिक उत्पादन की क्षमता भी बढ़ेगी। जैसा कि पूर्व में परिचर्चा की गयी है, आवास ने आर्थिक गतिविधि को बढ़ावा देने में एवं 269 सहायक उद्योगों के उत्पादन में या तो प्रत्यक्ष तौर पर अथव अप्रत्यक्ष तौर पर कई गुना प्रभाव डाला है।[6] निर्माण क्षेत्र जिसमें आवास क्षेत्र भी शामिल है, का भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 8.2 का योगदान है।

1.2.2.2 'वर्ष 2022 तक सबके लिए आवास' मिशन के शुभारंभ से देश भर में ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों में आवास की गतिविधि को दो योजनाओं यथा पीएमएवाई (शहरी) एवं पीएमएवाई (ग्रामीण) के तहत सार्थक बढ़ावा मिलेगा। इस मिशन का मुख्य उद्देश्य लक्षित परिवारों को बुनियादी नागरिक सुख–सुविधाओं के साथ स्वयं का समुचित एवं स्थायी आवास इकाई की पहुंच प्रदान करने में सक्षम बनाना है। इसमें वर्ष 2022 तक सभी पात्र लाभार्थी परिवारों को सामर्थ्यकारी किफायती आवास का कार्यान्वयन करने वाली एजेंसियों के माध्यम से पूंजीगत अथवा ब्याज सब्सिडी के स्वरूप में केन्द्रीय सहायता प्रदान करने का पहले से ही अनुमान लगाया गया है। पीएमएवाई में सब्सिडी, प्रोत्साहन, प्रौद्योगिकी एवं कौशल विकास के माध्यम से मांग के अलावा आपूर्ति की बाधाओं का समाधान करने, स्थानीय संसाधनों के प्रयोग एवं विभिन्न पणधारकों की सहभागिता इत्यादि को बढ़ावा देने वाले समग्र बहु–आयामी दृष्टिकोण को अपनाया गया है। यह मिशन केन्द्रित दृष्टिकोण के साथ देश में आवास की कमी का निवारण करने में प्रमुख प्रेरणा शक्ति के तौर पर कार्य कर रहा है।

1.2.3 किफायती आवास

1.2.3.1 शहरी क्षेत्रों में बढ़ती आबादी के परिणामस्वरूप पलायन करने वालों की बड़ी आबादी मलिन बस्तियों अथवा निम्न आवास में बस जाती हैं। ऐसा होने का मुख्य कारण यह है कि अधिकांश लोग अपनी संवहनीयता के भीतर आवास प्राप्त करने में संघर्षरत हैं। इस संदर्भ में भारत के माननीय राष्ट्रपति, संसद के दोनों सदनों को संबोधित करते समय यह कहते हुए आवास की महत्ता पर बल दिया कि आवास सम्मानजनक जीवन यापन के लिए मूलभूत आवश्यकता है एवं सरकार हमारी स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 'वर्ष 2022 तक सबके लिए आवास' मिशन के तहत सभी परिवार, विशेष तौर पर गरीब से गरीब लोगों की अपनी आवास इकाई होने की आकांक्षाएं पूरी करने के लिए प्रतिबद्ध है। उनकी यह दृष्टि वर्ष 2022 तक सबके लिए आवास मिशन में परिलक्षित हुई। यद्यपि इस संबंध में सरकार द्वारा विभिन्न पहलें की गई तथापि आवास की कीमतों एवं लोगों की संवहनीयता के बीच की खाई को पाटना अभी भी बहुत बड़ा कार्य है जिसका निवारण मिशन को पूरा करते हुए किये जाने की आवश्यकता है।

1.2.3.2 मैकिन्से ग्लोबल इंस्टीट्यूट द्वारा किया गया विश्लेषण दर्शाता है कि किफायती आवास सुपुर्द करने की लागत कम करने के चार तरीके हैं एवं ये विधियां मानक आवास इकाई की कुल लागत में 20 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक की कमी ला सकती हैं। ये विधियां निम्नानुसार हैं:

- सही अवस्थिति पर भूमि खोलना;
- नवोन्मेषी एवं तदनुकूल तकनीक के माध्यम से निर्माण लागत में कमी लाना;
- परिचालन बढ़ाना एवं दक्षता बनाये रखना, एवं
- उपभोक्ताओं एवं विकासकों के लिए वित्तपोषण की लागतों को कम करना

ग्राफ 1.1 में मानक इकाई की कुल लागत पर इन प्रत्येक कार्य योजनाओं के प्रभाव की मात्रा निर्धारित की गई है/दशाई गयी है। जैसा कि निम्न ग्राफ में दिखाई देता है भूमि की आपूर्ति खोलने से लागत में 8 से 23 प्रतिशत

[6] *भारत पर्यावास III राष्ट्रीय रिपोर्ट, 2016 आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय*

की गिरावट आ सकती है एवं निर्माण लागत को तर्कसंगत बनाने से संवहनीय क्षमता 12 से 16 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। उन्नत परिचालन एवं वित्तीय लागत को कम रखने से लागत में क्रमशः 2 प्रतिशत एवं 7 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है।

ग्राफ 1.1: संवहनीयता बढ़ाने के तरीके (प्रतिशत में)



स्रोतः मैकिन्से ग्लोबल इंस्टीट्यूट का विश्लेषण, किफायती आवास की वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने का खाका, अक्तूबर, 2014

1.3 भारतीय अर्थव्यवस्था एवं आवास का विहंगावलोकन

1.3.1 अपेक्षाकृत धीमी विकास दर से वैश्विक परिवेश की पृष्ठभूमि के समक्ष वर्ष 2015–16 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 7.6 प्रतिशत[7] की पर्याप्त सकल घरेलू उत्पाद दर दर्ज की गयी। यह दीर्घकालिक विकास संभावनाओं के साथ सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था के तौर पर उभरी है। आर्थिक गतिविधि ने गति पकड़ी एवं विकास की गति को मजबूत नीतियां एवं आशावादी पुनरुद्धार की मदद से सीमित राजकोषीय व चालू खाता घाटा, कमजोर पड़ती मुद्रास्फीति में सन्निहित समष्टिगत आर्थिक स्थिरता को मजबूती मिली। दक्षिण–पश्चिम मानसून का आगमन कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत है। सातवें वेतन आयोग का निर्णय सरकारी उपभोग व्यय के गुणक प्रभावों के माध्यम से लक्षित राजकोषीय घाटे के भीतर उपभोग व्यय को बढ़ा सकती है। हालांकि विभिन्न कारकों पर आर्थिक विकास की स्थिरता काफी महत्व रखती है। पर्याप्त, किफायती एवं सुरक्षित आवास भी ऐसा होने के महत्वपूर्ण कारकों में से एक है। इसमें देश का बड़ा एवं नौजवान कार्यबल अधिक उत्पादक हो सकता है एवं पर्याप्त आवास देते हुए हमारे देश के आर्थिक विकास में अधिक से अधिक योगदान दे सकता है।

1.3.2 वित्तीय बाजारों के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक ने अप्रैल, 2016 में नीतिगत दर घटा दी। वित्त वर्ष 2015–16 में सीपीआई मुद्रास्फीति 4.9 प्रतिशत रही जिससे भारतीय रिजर्व बैंक को मुख्य दरें घटाने में मदद मिली। रेपो दर में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा की गई कटौती से बैंकों को अपना ऋण दर और अधिक घटाने में मदद मिली। पिछले कुछ वर्षों से भारतीय रिजर्व बैंक ने धीरे–धीरे नीतिगत दरों एवं आरक्षित मांग को घटा दिया जिसके परिणामस्वरूप आवास वित्त क्षेत्र में उच्चतर ऋण के उठाव को सुविधापरक बनाते हुए प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों (पीएलआई) ने ब्याज दरों में कटौती की। ब्याज दर में की गई कटौती से आवास परियोजनाओं में निधि के प्रवाह को सुविधापरक बनाते हुए भू संपदा क्षेत्र में ऋण उठाव में भी सहायता मिली। ग्राफ 1.2 में वर्ष 2012 से वर्ष 2016 तक की अवधि में रेपो दर, बैंक दर, 10 वर्ष की सरकारी क्षेत्र की प्रतिफल दर एवं सीआरआर में घटती हुई प्रवृत्ति को दर्शाया गया है। रेपो दर में वर्ष 2012 में 8.5 प्रतिशत से वर्ष 2016 में 6.25 प्रतिशत तक की गिरावट आई। बैंक दर में वर्ष 2012 में 9.5 प्रतिशत से वर्ष 2016 में 6.75 प्रतिशत तक की गिरावट आई। सीआरआर में वर्ष 2012 में 6 प्रतिशत से वर्ष 2016 में 4 प्रतिशत तक की गिरावट आई। 10 वर्षों सरकारी क्षेत्र के प्रतिफल में भी 8.47 प्रतिशत से वर्ष 2016 में 6.73 प्रतिशत तक की गिरावट आई।

[7] *आर्थिक सर्वेक्षण, 2015–16*

ग्राफ 1.2: सीआरआर, बैंक दर, रेपो दर एवं 10 वर्ष के सरकारी क्षेत्र के प्रतिफल में प्रवृत्ति



स्रोत: भारतीय रिजर्व बैंक

1.3.3 आवास के विकास के लिए हाल की पहलें [8]

निम्नलिखित बॉक्स में भारत सरकार द्वारा शुरू की गई कुछ पहलें दी गई हैं जो आवास स्टॉक में सुधार लाने के लिए प्रासंगिक हैं।

बॉक्स 1.3: आवास के लिए निवेश एवं वित्तीय सहायता

- ***प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई):*** *न्यूनतम क्षेत्रफल एवं पूंजीकरण अपेक्षाओं एवं अन्य शर्तों को हटाना, सरकारी माध्यम के बजाय स्वचालित माध्यम से देश में विदेशी निवेश का सरलीकरण करना*
- ***बाह्य वाणिज्यिक उधार (ईसीबी):*** *विकासकों/भवन निर्माताओं एवं राष्ट्रीय आवास बैंक/विनिर्दिष्ट आवास वित्त कंपनियों को दीर्घकालिक निधि उपलब्ध कराते हुए किफायती आवास एवं मलिन बस्ती का उन्नयन करने के लिए समर्थ बनाना।*
- ***भू संपदा निवेश न्यास (आरईआईटी):*** *निवेशकों को नियमित आय के स्रोत, विविधताभरी एवं दीर्घकालिक पूंजी वृद्धि उपलब्ध कराते हुए भू संपदा में निवेश जुटाने को अनुमति देना।*

बॉक्स 1.4: आवास क्षेत्र के लिए केन्द्रीय बजट की घोषणाएं

- *केन्द्रीय बजट 2016 में ब्याज भुगतान कटौती की अनुमति, किफायती आवास इकाईयों का निर्माण करने वाले भवन निर्माताओं को लाभ, किराये वाले आवास के लिए लाभ, आरईआईटी के लिए लाभांश वितरण कर (डीडीटी) से छूट इत्यादि के क्षेत्र में कई मददगार घोषणाएं की गयी। कृपया केन्द्रीय बजट 2016 में आवास क्षेत्र से संबंधित घोषणाओं के विनिर्दिष्ट विवरण के लिए खंड 2.3.1 का संदर्भ लें।*

बॉक्स 1.5: आवास क्षेत्र के लिए नीतिगत ढांचा एवं विधायी समर्थन

- ***भू संपदा (नियमन एवं विकास) अधिनियम, 2016:*** *उपभोक्ता के हितों की रक्षा करने में समान विनियामक माहौल प्रदान करने, विवादों का त्वरित निर्णय लेने में मदद करने एवं भू संपदा क्षेत्र का सुव्यवस्थित विकास सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भू संपदा (विनियमन एवं विकास) अधिनियम, 2016 को अधिनियमित किया।*
- ***मॉडल भवन निर्माण उप–नियम, 2016:*** *भारत सरकार ने मार्च, 2016 में पर्यावरण संबंधी सुरक्षा के प्रावधान सहित मॉडल भवन निर्माण उप–नियम प्रकाशित किया है जिसे राज्यों द्वारा भी अपनाया जाना है। ये भवन निर्माण उप–नियमों को उनके अधिक से अधिक समावेशी एवं उपयोगकर्ता अनुकूल बनाने के उद्देश्य से सम–सामयिक शहरी प्रवृत्तियों के अनुसार अद्यतीत किया गया है।*

[8] *भारत पर्यावास III राष्ट्रीय रिपोर्ट, 2016, आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय तथा भारतीय रिजर्व बैंक*

- ***किराये का आवास:*** *आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय ने राष्ट्रीय शहरी किराया आवास नीति, 2016 का मसौदा तैयार किया जो अलग–अलग आय वर्ग के लोगों के लिए किराये को प्रोत्साहन देगी एवं सामाजिक किराया आवास (एसआरएच) को बढ़ावा देते हुए पर्याप्त किराया आवास स्टॉक तैयार करेगी। अति पिछड़े वर्ग के लोगों को आवास की सुविधाओं को बढ़ावा देते हुए एवं विनिर्दिष्ट लक्षित वर्ग के लोगों के लिए किराया आवास की आवश्यकता के आधार पर अति पिछड़े वर्ग के लोगों की संवहनीयता पर विशेष ध्यान दिया गया है।*
- *मॉडल राज्य आवास नीति राज्य एवं केन्द्र शासित प्रदेशों को अपने नीतियों का सूत्रीकरण करने/समीक्षा करने में समर्थ बनाने के उद्देश्य से जून, 2016 में शहरी क्षेत्रों में आवास नीति का नमूना जारी किया गया।*
- *कारोबार करने को आसान बनाना (ईओडीबी) तथा भवन निर्माण–योजना–अनुमोदन प्रक्रिया को युक्तिसंगत बनाना आवास एवं निर्माण परियोजनाओं की अनुमोदन प्रक्रिया को अन्य संबंधित मंत्रालय जैसे पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, नागर विमानन, संस्कृति, रक्षा एवं उपभोक्ता मामले के साथ परामर्श करते हुए सरल एवं युक्तिसंगत बनाया गया है। इस दिशा में पीएमएवाई के दिशा–निर्देशों में भी कुछ आदेश दिये गये हैं जैसे निर्माण के परमिटों के लिए एकल खिड़की की स्थापना करना, मानद भवन निर्माण की अनुमति की अवधारणा एवं खास परिस्थितियों में नक्शे का अनुमोदन इत्यादि।*

बॉक्स 1.6: आवास के लिए नवोन्मेषी प्रौद्योगिकी एवं क्षमता निर्माण में सहायता

- ***प्रौद्योगिकी उप–मिशन:*** *उन्नत निर्माण प्रौद्योगिकी एवं कार्यपद्धति आवास परियोजनाओं को अधिक सक्षमता से एवं कम से कम समय में पूरा करने में सहायता कर सकती है। पूर्वनिर्मित एवं मॉड्यूलर निर्माण जैसी निर्माण तकनीकी एवं नवोन्मेषी निर्माण सामग्री परियोजनाओं को कम से कम समय में तथा बहुत कम संसाधनों के साथ पूरा करने में सहायता कर सकती है। इस दिशा में तेजी एवं गुणवत्तापरक आवासों का निर्माण करने के लिए आधुनिक, नवोन्मेषी एवं हरित तकनीकी व भवन निर्माण सामग्री अपनाने की सुविधा प्रदान करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत प्रौद्योगिकी उप–मिशन की स्थापना की गयी है।*
- ***प्रदर्शन परियोजनाएं:*** *देश में नौ राज्यों ने स्थानीय सूक्ष्म–जलवायु परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए नई एवं उन्नत निर्माण प्रौद्योगिकियों के प्रदर्शन में रुचि दिखाई है। बड़े मंत्रालय/विभाग (रेलवे, रक्षा, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग एंव सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम) कर्मचारियों के आवास एवं अन्य कामगारों के लिए नई तकनीकी अपनाने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। चयनित प्रौद्योगिकियों के लिए दरों की मानकीकृत अनुसूची विकसित की जा रही है।*
- ***निर्माण से संबंधित कामगारों का कौशल विकास:*** *यह अनुमान लगाया गया है कि निर्माण क्षेत्र में काम करने वाले 45 मिलियन लोगों में से 6 प्रतिशत लोगों के पास ही सुव्यवस्थित प्रशिक्षण एवं कौशल निर्माण की सुविधा है। इस स्थिति को देखते हुए वर्तमान में बढ़ी हुई उत्पादकता एवं शहरी अर्थव्यवस्था में कार्य बल का अधिक से अधिक योगदान देने में निर्माण कामगारों के कौशल विकास प्रशिक्षण पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है।*

स्रोत: भारत पर्यावास III राष्ट्रीय रिपोर्ट, 2016 आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय

1.4 राष्ट्रीय आवास बैंक की भूमिका

राष्ट्रीय आवास बैंक की स्थापना राष्ट्रीय आवास बैंक, 1987 के तहत की गयी थी जिसका उद्देश्य आवास वित्त संस्थानों को बढ़ावा देने के विशेषाधिकार के साथ–साथ इन संस्थानों को भारत में आवास वित्त प्रणाली के विकास की दिशा में विनियामक मार्गदर्शन, वित्तीय सहायता, जानकारी व शोध की सहायता देना है। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्णस्वामित्वाधीन राष्ट्रीय आवास बैंक आवास क्षेत्र के लिए बहु–आयामी विकास वित्त संस्थान है। इसके क्रिया–कलापों में आवास वित्त कंपनियों का विनियमन एवं पर्यवेक्षण, भारत में आवास वित्त का वित्तपोषण एवं संवर्धन व विकास शामिल है। राष्ट्रीय आवास बैंक के उद्देश्यों में सभी वर्ग के लोगों की आवास की आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सुदृढ़, यथेष्ट, अर्थक्षम एवं किफायती आवास वित्त का संवर्धन करना एवं आवास वित्त का समग्र वित्तीय प्रणाली के साथ एकीकरण करना शामिल है।

- **विनियमन एवं पर्यवेक्षण**
  - आवास वित्त कंपनियों (आ. वि. कं.) का पंजीकरण एवं निगरानी
  - आवास वित्त कंपनियों को स्थायी एवं सुदृढ़ आवास वित्त प्रणाली के विकास के लिए निर्देश, दिशा–निर्देश, संहिता इत्यादि जारी करना।
  - स्थलीय निरीक्षण एवं स्थलेत्तर निगरानी के माध्यम से पर्यवेक्षण।
  - उपभोक्ताओं को जागरूक करना एंव उनके हितों की रक्षा करना।
  - अंतर–विनियामक समन्वय

वर्ष 2015–16 के दौरान राष्ट्रीय आवास बैंक ने 11 आवास वित्त कंपनियों को पंजीकरण प्रमाणपत्र (सीओआर) प्रदान किये। 31 दिसंबर, 2016 तक 82 आवास वित्त कंपनियां राष्ट्रीय आवास बैंक से पंजीकृत थीं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि आवास वित्त कंपनियां अपने कारोबारी मामलों के संचालन से जमाकर्ताओं, ग्राहकों एवं जन साधारण के हित के प्रति अहितकर न हों, राष्ट्रीय आवास बैंक आवास वित्त कंपनियों के निष्पादक एवं अभिशासन ढांचे में हस्तक्षेप करता है। आवास वित्त कंपनियों के विनियामक के तौर पर राष्ट्रीय आवास बैंक आवास वित्त कंपनियों का मार्गदर्शन, निगरानी व निरीक्षण करता है ताकि उनके सभी प्रयास उसी दिशा में हों। पणधारको को महत्व देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आवास बैंक ने आवस वित्त कंपनियों के विरुद्ध ग्राहकों की शिकायतों का पता लगाने के लिए ऑनलाइन शिकायत पंजीकरण एवं सूचना डाटाबेस प्रणाली (ग्रिड्स) की स्थापना की है। एक अन्य प्रमुख क्षेत्र, जहां राष्ट्रीय आवास बैंक सक्रिय रूप से हस्तक्षेप करता है वह आवास वित्त उद्योग में धोखाधड़ी को काबू में रखना है। राष्ट्रीय आवास बैंक आवास वित्त उद्योग में होने वाली धोखाधड़ियों के बारे में जानकारी एकत्रित करता है एवं चेतावनी सूचना के माध्यम से सभी आवास वित्त कंपनियों को नियमित रूप से धोखाधड़ी पर समेकित सूचना का प्रसार करता है। इससे आवास वित्त कंपनियों को बाजार की परिस्थितियों एवं अपने निवेश की सुरक्षा के प्रति और जागरूक होने में मदद मिलती है। राष्ट्रीय आवास बैंक सूचना साझा करने एवं समन्वय करने के लिए देश के अन्य विनियामकों के साथ नियमित तौर पर परिचर्चा करता है।

- **वित्तपोषण**
  - पुनर्वित्त के माध्यम से सतत आवास वित्त प्रणाली जिसमें सामान्य ब्याज दर पर उपलब्ध केन्द्रीय पुनर्वित्त योजना के अतिरिक्त राष्ट्रीय आवास बैंक में स्थापित निधियों के माध्यम से रियायती ब्याज दर पर उपलब्ध विशेष पुनर्वित्त योजनाएं शामिल है।
  - वर्ष 2015–16 के दौरान आवास वित्त कंपनियों एवं अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के बीच अधिक अथवा कम या बराबर हिस्सेदारी के साथ कुल 21,590 करोड़ रुपये का पुनर्वित्त संवितरित किया गया। विगत तीन वर्षों के दौरान किये गये पुनर्वित्त संवितरण के संस्थान–वार विश्लेषण को निम्नलिखित तालिका 1.1 में दर्शाया गया है। योजना–वार एवं अवधि–वार विवरण निम्नलिखित ग्राफ 1.3 एवं 1.4 में दर्शाया गया है।

तालिका 1.1: विगत तीन वर्षों में संस्थान–वार पुनर्वित्त संवितरण (राशि करोड़ रुपये में)

प्राथमिक ऋणदाता संस्थान	2013-14		2014-15		2015-16		2016-17 (01.07.2016-31.12.2016)	
	संवितरित राशि	कुल का प्रतिशत	संवितरित राशि	कुल का प्रतिशत	संवितरित राशि	कुल का प्रतिशत	संवितरित राशि	कुल का प्रतिशत
आवास वित्त कंपनियां	9,633	53.9	7,390	33.8	10,852	50.3	4,614	88.0
अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक	7,943	44.5	14,114	64.6	10,275	47.6	600	11.4
क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	280	1.6	253	1.2	463	2.1	30	0.6
सहकारी क्षेत्र	-	-	90	0.4	-	-	-	
कुल	**17,856**	**100.0**	**21,847**	**100.0**	**21,590**	**100.0**	**5,244**	**100.0**

ग्राफ 1.3: 30 जून, 2016 को योजना–वार पुनर्वित्त संवितरण (प्रतिशत में)



ग्राफ 1.4: 30 जून, 2016 को अवधि–वार पुनर्वित्त संवितरण (प्रतिशत में)



- सार्वजनिक एजेंसी जैसे आवास बोर्ड एवं विकास प्राधिकरण को प्रत्यक्ष तौर पर अथवा जन निजी भागीदारी विधि के माध्यम से भूमि विकास एवं आवास परियोजनाओं के लिए सामान्य ब्याज दर के अतिरिक्त मलिन बस्ती पुनर्विकास एवं निम्न आय वाले आवास के लिए राष्ट्रीय आवास बैंक में स्थापित निधियों के माध्यम से रियायती दर पर उपलब्ध परियोजना वित्त।

- विगत पांच वर्षों के दौरान राष्ट्रीय आवास बैंक ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस)/निम्न आय वर्ग (एलआईजी) की सहायता करने के अपने प्रयासों से सार्वजनिक एजेंसियों का वित्तपोषण करते हुए लगभग 24,000 आवासों का निर्माण करने में मदद की। संचयी रूप से 30 जून, 2016 तक 9,590 करोड़ रुपये की लागत की परियोजना एवं 5,522 करोड़ रुपये के ऋण घटक के साथ 448 परियोजनाओं को मंजूरी दी गयी। 31 दिसंबर, 2016 तक संचयी परियोजना वित्त संवितरण 2,406 करोड़ रुपये रहा। विगत 10 वर्षों की प्रवृत्ति को ग्राफ 1.5 में दर्शाया गया है।

ग्राफ 1.5: परियोजना वित्त संवितरण में प्रवृत्ति (राशि करोड़ रुपये में)



- **संवर्धन एवं विकास**
  - इक्विटी सहभागिता के माध्यम से नये पक्षों का सृजन
  - ऋणदाता संस्थानों के मौजूदा नेटवर्क का सुदृढ़ीकरण।
  - क्षेत्र का क्षमता निर्माण
  - प्रशिक्षण, संगोष्ठी इत्यादि के माध्यम से उपभोक्ताओं में जागरूकता फैलाना।
  - विभिन्न पणधारकों का ज्ञान का साझीदार बनना।
  - विभिन्न सरकारी योजनाओं के लिए नोडल एजेंसी बनना, एवं
  - उत्पाद विकास में सहायता करना एवं क्षेत्र का मार्गदर्शन करना।

इक्विटी सहभागिता: देश में आवास वित्त प्रणाली के संवर्धन एवं विकास के लिए राष्ट्रीय आवास बैंक को दिये गये अधिदेश के अनुसार राष्ट्रीय आवास बैंक आवास वित्त कंपनियों एवं अन्य संबंधित कंपनियों की इक्विटी शेयर पूंजी में सहभागिता करता है। वर्तमान में राष्ट्रीय आवास बैंक की पांच कंपनियों की इक्विटी शेयर पूंजी में सहभागिता है।

सरकारी योजनाओं का कार्यान्वयन: राष्ट्रीय आवास बैंक भारत सरकार की योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए केन्द्रीय नोडल एजेंसी (सीएनए) के तौर पर कार्य करता है। वे योजनाएं जिनमें राष्ट्रीय आवास बैंक इस भूमिका का निर्वहन करता है उनमें निम्नलिखित शामिल है:

- आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय की शहरी गरीब के आवास हेतु ब्याज सब्सिडी योजना, राजीव ऋण योजना एवं 'वर्ष 2022 तक सबके लिए आवास मिशन' के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)।
- वित्त मंत्रालय के अधीन एक प्रतिशत ब्याज राहत योजना, एवं
- नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अधीन घरों मे सौर जल तापक एवं सौर प्रकाश प्रणालियों के अधिष्ठापन हेतु पूंजीगत सब्सिडी योजना

इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय आवास बैंक आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय की ओर से निम्न आय आवास के लिए ऋण जोखिम गारंटी निधि न्यास का भी संचालन करता है।

क्षमता निर्माण: राष्ट्रीय आवास बैंक इस क्षेत्र के विभिन्न पणधारकों के प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण की दिशा में नियमित तौर पर विभिन्न उपाय करता है। इसमें मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बैठक एवं गोल मेज सम्मेलन जैसे मंचों में विभिन्न प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों के साथ नियमित परिचर्चा करने के अलावा प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेना व संचालन करना शामिल है। वर्ष 2015–16 में राष्ट्रीय आवास बैंक ने समूचे भारत वर्ष में 11 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जिनमें विभिन्न प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों के 443 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इन 11 प्रशिक्षण कार्यक्रमों में से मध्य प्रदेश में काम कर रहे दो क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के लिए दो तदनुकूल कार्यक्रम हिंदी में आयोजित किये गये। प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों एवं राज्य स्तरीय नोडल ऐजेंसियों (एसएलएनए) में जागरूकता पैदा करने एवं संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आवास बैंक ने वर्ष 2015–16 में प्रधानमंत्री आवास योजना – ऋण सहबद्ध सब्सिडी योजना पर अभियान चलाया एवं 12 क्षेत्रीय कार्यशालाएं आयोजित की। जन जागरूकता अभियान को प्रिंट, इलैक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया में भी चलाया गया।

1.4.1 इन सहयोगपूर्ण एवं पारस्परिक सुदृढ़ भूमिकाओं का निर्वहन करते समय राष्ट्रीय आवास बैंक ने आवास वित्त बाजार के विकास एवं विस्तार के अलावा इसकी स्थिरता में भी भारी योगदान दिया। केन्द्र एवं राज्य स्तर पर अन्य संस्थानों व नीति निर्माताओं के साथ साझेदारी करते हुए राष्ट्रीय आवास बैंक ने अनेक योजनओं व कार्यक्रमों का सूत्रपात किया जो निम्न एवं मध्यम–आय वर्ग के लोगों में पैठ बनाने पर लक्षित हैं।

अध्याय 2 : भारत में आवास

सरकार ने शहरी और ग्रामीण गरीबों के लिए सस्ते मकानों की आपूर्ति बढ़ाने के लिए अनेक योजनाएं लागू की हैं, किंतु इनकी आपूर्ति अधिकांशतः सरकारी एजेंसियों के माध्यम से ही की जाती है। देश में आवास की बड़ी चुनौती का सामना करने के लिए निजी क्षेत्र को शामिल करने की आवश्यकता है। देश के सामाजिक–आर्थिक ढांचे में भिन्नता के कारण इस समस्या को समग्रता के साथ हल करने की जरूरत है। सरकारी तंत्र शहरी आवास के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी और ग्रामीण आवास के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के क्रियान्वयन में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। अनेक राज्य सरकारों ने विशेष रूप से अपनी स्थानीय आवास मांगों को पूरा करने के लिए निजी क्षेत्र के सहयोग से और सहयोग के बिना अनेक योजनाएं आरंभ की हैं। सरकारों द्वारा अनेक वित्तीय प्रोत्साहनों की घोषणा की गई है और भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति से आवास वित्त प्रणाली में ऋण जोखिम तथा व्यवहार्यता में संतुलन बनाये रखने में सहायता मिलती है जिससे किफायती आवास अधिक मात्रा में उपलब्ध कराने को प्रोत्साहन मिला। 'रेरा' कानून बनने के बाद आवास सेक्टर को कानूनी इकोसिस्टम से बहुत मजबूती मिली है जिसमें भवन निर्माताओं को अपनी योजना के अनुपालन और किये गये वायदे पूरे करने के प्रति जबावदेह बनाया गया है।

2.1 आवास प्रेरक के रूप में

2.1.1 आवास क्षेत्र अन्य अनेक उद्योगों के साथ बहुत अधिक जुड़ा हुआ है और आवास क्षेत्र में वृद्धि से उन सभी उद्योगों में भी वृद्धि होती है। इसके साथ–साथ, आवास प्रत्येक मनुष्य की आवश्यकता है, आवास पर विचार करते समय देश में व्याप्त अनेक मुद्दों की जटिलता पर भी ध्यान रखना होगा जैसे बेरोजगारी, गरीबी, आय, शैक्षिक असमानता और वहनक्षमता। इसी कारण आवास संबंधी गतिविधियों से देश में, प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से, रोजगार के अवसर बढ़ते हैं, बेहतर शिक्षा, बेहतर आय स्तर पाने और गरीबी दूर करने में मदद मिलती है।

2.1.2 देश में आवास संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिये बहुमुखी कार्य करने और निजी क्षेत्र को शामिल करने की जरूरत है, सरकार ने विभिन्न श्रेणियों के लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिये वैविध्य विशेष आवास कार्यक्रमों को शुरू किया है। ग्रामीण क्षेत्रों के लिये तैयार कार्यक्रमों को शहरी क्षेत्रों के कार्यक्रमों से भिन्न प्रकार से तैयार किया गया है। इसके अतिरिक्त, सरकार ने आवास क्षेत्र के विकास में सुविधा हेतु अनेक वित्तीय और विधिक सुधार भी किये हैं और सरकार घोषित कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन में सहायता भी कर रही है।

2.2 भारत में आवास संबंधी पहलें

2.2.1 केन्द्र सरकार द्वारा शुरू की गई ग्रामीण आवास पहलें

2.2.1.1 ग्रामीण आवास का अनेक कारणों से बहुत अधिक महत्व है। सभी बेघर लोगों को और विशेषकर उन लोगों को जो जर्जर मकानों में रह रहे हैं, सुरक्षित और बेहतर आवास उपलब्ध कराना पहली और सर्वाधिक महत्वपूर्ण जरूरत है। सुरक्षित आवास मिलने के बाद व्यक्ति अपने जीवन के दूसरे पहलुओं पर ध्यान देता है जैसे आय बढ़ाना, परिवार के लिये शिक्षा और स्वास्थ्य की देखभाल। दूसरी बात, भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था मुख्यतः कृषि तथा संबंधित क्रियाकलापों जैसे पशुपालन व मतस्य पालन पर आधारित है। कृषि से ग्रामीणों को रोजगार मिलने में न केवल सहायता मिलती है किंतु उसे भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ भी माना जाता है क्योंकि अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों से उसकी भारी मांग और आपूर्ति जुड़ी होती है। अर्थव्यवस्था के विकास के लिये कृषि में वृद्धि महत्वपूर्ण होती है। इसमें सहायता के लिये एक सुरक्षित उपाय यह सुनिश्चित करना है कि किसानों और खेतों में काम करने वाले श्रमिकों को रहने के लिये सुरक्षित आवास उपलब्ध हों। तीसरी बात, चूंकि कृषि क्षेत्र के महत्व को मान्यता दी गई है, गांवों में कृषि से इतर भी अवसरों को तलाशना चाहिए ताकि वे अन्य आर्थिक गतिविधियों से सम्बद्ध होकर

अपनी आय बढ़ा सकें। गांवों में आय के अन्य साधनों की अनुपलब्धता के कारण ग्रामीण लोग रोजगार के लिये शहरों की ओर भागते हैं। इस परिप्रेक्ष्य में, ग्रामीण क्षेत्रों में आवास के विकास के फलस्वरूप आर्थिक गतिविधियों में भारी वृद्धि होगी क्योंकि उसके पिछड़े होने और विकास होने का अर्थव्यवस्था से गहरा संबंध होता है। ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी उन्मूलन के लिये किये गये प्रयासों में आवासीय गतिविधियों से बहुत सहायता मिलेगी।

2.2.1.2 बारहवीं पंचवर्षीय योजना के लिये कार्य समिति के प्राक्कलन के अनुसार, कुल ग्रामीण आवासों की कमी अनुमानतः 4.37 करोड़ इकाईयां थी। इसमें गरीबी रेखा से नीचे परिवारों के लिये कमी लगभग 3.93 करोड़ इकाईयों की थी। इस कमी के विभिन्न कारणों को दर्शाने वाली तालिका नीचे दी गई है।

तालिका सं. 2.1 : ग्रामीण क्षेत्रों में आवासों की कमी के विभिन्न कारण

ग्रामीण क्षेत्रों में आवासों की कमी के विभिन्न कारण	इकाईयां (करोड़)
परिवारों की संख्या जिनके पास 2012 में आवास नहीं था	0.42
2012 में अस्थायी आवासों की संख्या	2.02
2012 में भीड़भाड़ के कारण कमी	1.13
2012 में आवास अप्रयोज्य होने के कारण कमी	0.75
2012 से 2017 के दौरान अतिरिक्त आवासों की कमी	0.05
2012–2017 में कुल ग्रामीण आवासों की कमी	4.37
2012–2017 में बीपीएल परिवारों के लिये कुल ग्रामीण आवासों की अनुमानित 90 प्रतिशत कमी	3.93

स्रोतः बारहवीं पंचवर्षीय योजना के लिये ग्रामीण आवास पर गठित कार्य ग्रुप की रिपोर्ट, ग्रामीण विकास मंत्रालय, 2011

2.2.1.3 ग्रामीण आवासों की कमी को दूर करने के लिए, इंदिरा आवास योजना (आईएवाई), ग्रामीण आवास के लिये पहली योजना, भारत सरकार, ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा जून 1985 में शुरू की गई। योजना का प्रमुख उद्देश्य गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों को सुरक्षित और पक्का आवास उपलब्ध कराने में सहायता करना था। जून 2015 में, सरकार ने ''2022 तक सब के लिये आवास'' मिशन की घोषणा की। इस मिशन की घोषणा के बाद और ग्रामीण आवास की मांग और आपूर्ति में भारी अंतर की चुनौती का सामना करने के लिये, इंदिरा आवास योजना को पुनः तैयार किया गया और उसे 'प्रधानमंत्री आवास योजना – ग्रामीण' के अन्तर्गत 01 अप्रैल, 2016 से शुरू कर दिया गया।

2.2.1.4 **इंदिरा आवास योजना** – इंदिरा आवास योजना एक सार्वजनिक आवास योजना थी जो बेघर और गरीब परिवारों को जो जर्जर या कच्चे घरों में रह रहे थे, सरकार द्वारा उन्हें आबंटित भूमि पर पक्का मकान बनाने के लिये अवसर प्रदान करने हेतु थी। यह योजना, क्रियान्वयन की रणनीति के भाग स्वरूप, ऐसे लाभार्थियों को सरकार से तकनीकी और वित्तीय सहायता उपलब्ध कराती थी। जुलाई 2013 में इंदिरा आवास योजना के संशोधित दिशानिर्देशों के अनुसार, योजना के अन्तर्गत निर्दिष्ट परिवारों को नये आवास के निर्माण हेतु सहायता उपलब्ध कराई जाती है, सहायता अवधि कम से कम 30 वर्ष होती है। इसके अन्तर्गत जर्जर और कच्चे मकानों का उन्नयन कराने के लिये पुनःप्रयोज्य सामग्री का इस्तेमाल किया जाता है। इसमें उन भूमिहीन गरीबों को भूमि उपलब्ध कराने का भी प्रावधान है जिनके पास कोई आश्रय नहीं है और न ही मकान निर्माण हेतु भूमि है। इस योजना में नवीन और ग्रीन प्रौद्योगिकी का प्रयोग करके सस्ते मकान निर्माण करने का भी प्रस्ताव है। प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण आरंभ होने पर, इंदिरा आवास योजना को इसमें शामिल कर दिया गया। इंदिरा आवास योजना की विशेषताओं को सुधारों के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण में सम्मिलित कर दिया गया।

2.2.1.5 प्रधानमंत्री आवास योजना –ग्रामीण (पीएमएवाई–ग्रामीण)[9]

पीएमएवाई–ग्रामीण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में निवास कर रहे सभी बेघर परिवारों और जर्जर हालत में निवास कर रहे परिवारों को सभी बुनियादी सुविधाओं से युक्त पक्के मकान उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के सभी परिवारों को वर्ष 2022 तक आवास उपलब्ध कराना है। इस कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं निम्नानुसार हैं :

- पीएमएवाई–ग्रामीण का प्रयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में एक करोड़ आवास वर्ष 2016–17 से 2018–19 तक 3 वर्ष के दौरान उपलब्ध कराना है। इन एक करोड़ आवासों की निर्माण लागत का अनुमान 1,30,075 करोड़ रूपये है जिसमें भारत सरकार और राज्य सरकार की हिस्सेदारी 60:40 के अनुपात में होगी। यद्यपि, पूर्वोत्तर राज्यों के मामले में, राज्य सरकार की हिस्सेदारी केवल 10 प्रतिशत होगी। केन्द्र द्वारा शासित प्रदेशों में भारत सरकार द्वारा पूर्ण वित्त पोषण किया जाएगा।
- मैदानी इलाकों में वित्तीय सहायता 1,20,000 रुपये प्रति इकाई और पहाड़ी क्षेत्रों में 1,30,000 रुपये प्रति इकाई दी जाएगी।
- लाभार्थी शौचालय निर्माण हेतु स्वच्छ भारत अभियान–ग्रामीण, एमजीएनआरईजीए या किसी अन्य वित्त पोषण स्रोत से 12,000 रुपये की सहायता राशि प्राप्त करेगा।
- मकान निर्माण के लिये मनरेगा के तहत अकुशल श्रमिक मजदूरी के बतौर 90/95 व्यक्ति दिवस पारिश्रमिक पाने का प्रावधान है जो उक्त इकाई सहायता के अतिरिक्त होगा।
- लाभार्थी मकान निर्माण के लिये 70,000 रु. तक ऐच्छिक ऋण प्राप्त कर सकेगा।
- योजना के तहत इकाई का निम्नतम आकार 25 वर्ग मीटर रखा गया है।
- लाभार्थियों की पहचान ग्राम सभा आधारित सामाजिक–आर्थिक और जातिगत जनगणना (एसईसीसी 2011) आंकड़ों के आधार पर की जाएगी। इससे लाभार्थियों के चयन में पारदर्शिता और उद्देश्य परकता आएगी तथा चयन में अलग निर्णय की आशंका कम होगी।
- कार्यक्रम के तहत लक्ष्यों की प्राप्ति में तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिये राष्ट्रीय स्तर पर 'राष्ट्रीय तकनीकी सहायता एजेंसी– (एनटीएसए) का गठन करना। पीएमएवाई–ग्रामीण के लाभार्थियों को, परियोजनागत सहायता के अतिरिक्त, मकान निर्माण के लिये तकनीकी सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी।
- अंतिम लाभार्थियों को निधियों का शतप्रतिशत इलैक्ट्रॉनिक विधि से अंतरण करने के लिये, राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों को लाभार्थियों के बैंक/डाकखाना खाते में वित्तीय सहायता सीधे अंतरित करने के लिये एक एकल राज्य नोडल बैंक खाता खोलने का परामर्श दिया गया है। इससे लाभार्थियों को भुगतान करने में देरी नहीं होगी, गड़बड़ी नहीं होने की संभावना कम होगी।
- मकानों के निरीक्षण के लिये ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा एक एनड्रॉयड आधारित मोबाइल एप्लीकेशन ''आवासएप'' लांच किया गया है। इस एप्लीकेशन की सहायता से मकान निर्माण के विभिन्न स्तरों पर तस्वीरें टाइम स्टैम्प और जियो–टैगिंग से ली जा सकेंगी जिनके आधार पर अधिकारियों द्वारा जांच पड़ताल की जा सकेगी। उसके बाद वह पिक्चर ''आवाससॉफ्ट'' पर अपलोड कर दी जाएगी। लाभार्थियों को योजना के तहत वित्तीय सहायता जारी करने के लिये यह शर्त अनिवार्य है।
- योजना के तहत मकान का आबंटन पति और पत्नी के नाम संयुक्त रूप से किया जाएगा यदि वह विधवा/अविवाहित/सम्बन्ध विच्छेद व्यक्ति न हो। राज्य सरकार यह आबंटन केवल पत्नी के नाम भी कर सकती है।

[9] *ग्रामीण विकास मंत्रालय, वार्षिक रिपोर्ट 2016–17, और कार्यान्वयन हेतु फ्रेमवर्क, पीएमएवाई–जी, एमओयूडी, सितम्बर 2016*

- मकान निर्माण की गुणवत्ता को बनाये रखने और ग्रामीण इलाकों में प्रशिक्षित राजमिस्त्री नहीं मिलने के कारण, मंत्रालय ग्रामीण राज मिस्त्रियों को विशेष प्रशिक्षण देने में सहायता भी करेगी। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिये, ग्रामीण विकास मंत्रालय ने भारतीय निर्माण दक्षता विकास परिषद (सीएसडीसीआई) से सहयोग किया है और ग्रामीण राजमिस्त्रयों के लिए एक क्वालीफिकेशन पैक तैयार किया है। इस क्वालीफिकेशन पैक को राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा अनुमोदित किया गया है।
- यूएनडीपी के सहयोग से, ग्रामीण विकास मंत्रालय ने परियोजना अभिशासन एवं वर्धित जीविका सहायता (जीओएएलएस) के तहत 18 राज्यों में मकानों के डिजाइन जो वहां की मौसमी परिस्थितियों, सांस्कृतिक परिस्थितियों, लागत कम करने वाली उचित प्रौद्योगिकियों तथा स्थानीय उपलब्ध सामग्री के प्रयोग जो आपदा रोधी होता है, का अध्ययन कराया है। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों के साथ विकसित डिजाइन प्रौद्योगिकियों में जानकारी हासिल की जो लाभार्थियों के लिये लाभदायक है ताकि वे अपने मकान अधिक मजबूत और कम लागत पर बना सकें।

इस योजना के तहत 31 दिसम्बर, 2016 तक हुई प्रगति को संक्षेप में नीचे दर्शाया गया है :

- वर्ष 2016–17 के लिये पीएमएवाई–ग्रामीण के तहत 15,000 करोड़ रुपये की आंबटित राशि में से 14,290 करोड़ रुपये की राशि जारी की जा चुकी है। इस राशि में से राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों द्वारा 4645 करोड़ रुपये की राशि का उपयोग किया गया।
- एसईसीसी–2011 आंकड़ों के आधार पर, इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 1.68 करोड़ लाभार्थियों को ग्राम सभा द्वारा सत्यापन और अपीलीय प्राधिकरण द्वारा सत्यापन के बाद पात्र पाया गया।
- ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों को 32.64 लाख आवास का लक्ष्य सौंपा गया जिसमें से 19 राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों द्वारा जिला और ब्लॉक–वार लक्ष्य 24.14 लाख निर्धारित किया गया।
- 31 दिसम्बर, 2016 तक कुल 21.18 लाख मकानों का निर्माण किया गया।
- पीएमएवाई–जी के तहत मकानों की मंजूरी के लिये 'आवाससॉफ्ट' पर 10.44 लाख परिवारों द्वारा पंजीकरण कराया गया।
- वर्ष के दौरान पीएमएवाई–जी के तहत 3.5 लाख आवासों को संस्वीकृति दी गई।
- कार्यक्रम के तहत निर्माण किये जाने वाले 4.67 लाख आवासों को जियोटैग्ड किया गया (लाभार्थियों की मौजूदा आवास इकाईयों के जियो–कोआर्डिनेट कैप्चर सहित)।

यहां यह उल्लेख करना आवश्यक है कि माननीय प्रधानमंत्री ने 31 दिसम्बर, 2016 को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में 'ग्रामीण आवास ब्याज सब्सिडी योजना' (आरएचआईएसएस) को शामिल किया ताकि सभी ग्रामीण परिवार अपना पक्का मकान बनवा सकें। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने इस योजना को प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों के माध्यम से क्रियान्वित कराने के लिये राष्ट्रीय आवास बैंक को केन्द्रीय नोडल एजेंसी के रूप में उपयुक्त पाया।

2.2.2 केन्द्र सरकार की शहरी आवास पहलें

देश में विगत कुछ वर्षों में तेजी से शहरीकरण होते हुए देखा। 1996 से 2015 की अवधि में, शहरी जनसंख्या में 17.1 करोड़ की वृद्धि हुई। 2011 की जनसंख्या के आंकड़ों के अनुसार, शहरी जनसंख्या का अनुमान लगभग 37.7 करोड़ लगाया गया था जो विश्व में दूसरी सबसे बड़ी जनसंख्या है। भारत में शहरों और नगरों की संख्या बढ़ कर 7,933 हो गई। महानगरों की संख्या वर्ष 2001 में 35 थी जो वर्ष 2011 में बढ़कर 52 हो गई जहां कुल शहरी जनसंख्या के लगभग 43 प्रतिशत लोग हैं। इसी अवधि के दौरान नगरों की संख्या बढ़कर 2,532[10] शहर हो गई।

[10] *भारत में आवास की स्थिति, सांख्यिकी संकलन 2013, एमएचयूपीए*

शहरों और नगरों की संख्या में इस तेज वृद्धि के कारण आवास संबंधी समस्याएं बढ़ गईं। शहरी आवास कमी पर गठित तकनीकी समूह द्वारा 12वीं पंचवर्षीय योजना (2012–17) में 1.88 करोड़ इकाईयों की कमी का अनुमान लगाया। इस कमी का ब्योरा नीचे तालिका में दर्शाया गया है।[11]

तालिका सं. 2.2: शहरी क्षेत्रों में आवास की कमी के कारण

शहरी क्षेत्रों में आवास की कमी – कारण	इकाईयां (करोड़)
सुविधा हीन कच्चे घरों में रहने वाले परिवार	0.10
जर्जर मकानों में रहने वाले परिवार	0.23
घनी बस्ती के घरों जिन्हें नए बनाने की जरूरत है, में रहने वाले परिवार	1.50
बेघर स्थिति में रहने वाले परिवार	0.05
कुल शहरी आवासों की कमी (2012–2017)	1.88
2012–2017 की अवधि में ईडब्ल्यूएस और एलआईजी श्रेणियों में शहरी आवास में कुल कमी 96 प्रतिशत	1.80

स्रोतः शहरी आवास कमी पर तकनीकी ग्रुप की रिपोर्ट (टीजी–12)(2012–17), 2011 और वार्षिक रिपोर्ट 2016–17, एमएचयूपीए

2.1.2.1 राजीव आवास योजना [12]

राजीव आवास योजना को वर्ष 2011 में शुरू किया गया था और क्रियान्वयन के लिये इसे दो चरणों में बनाया गया। चरण 1 (जून 2011–13), तैयारी वाला चरण था और चरण 2 (2013 से 2022) क्रियान्वयन वाला चरण था। इस योजना का उद्देश्य 'स्लम मुक्त भारत' का था जहां शहरों के समान सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा जहां सभी नागरिकों को एक बेहतर आवास के साथ बुनियादी सिविक तथा सामाजिक सेवाएं उपलब्ध होंगी। योजना के तहत राज्यों /केन्द्र शासित प्रदेशों को सभी स्लम क्षेत्रों को औपचारिक सिस्टम के अंदर लाने, मौजूदा औपचारिक सिस्टम की कमियों को दूर करने के लिये काम करने हेतु प्रेरित किया ताकि नए स्लम न बने और उचित हस्तक्षेप करके शहरों में भूमि की कमी की समस्या को हल करें। राजीव आवास योजना आरंभ होने पर, जेएनएनयूआरएम की बीएसयूपी और आईएचएसडीपी के तहत किसी नई परियोजना को संस्वीकृत नहीं किया गया जबकि मौजूदा परियोजनाओं को योजना अनुसार केन्द्र से सहायता प्राप्त होती रही। 12वीं पंचवर्षीय योजना की समाप्ति तक, राजीव आवास योजना 250 शहरों में काम कर रही होगी।

2.1.2.1.1 राजीव आवास योजना के क्रियान्वयन में केन्द्र से राज्यों/ केन्द्र शासित प्रदेशों/ यूएलबी/ अन्य केन्द्रीय एजेंसियों से सहायता मिलती है। परिचालनात्मक आधार पर यह क्रियान्वयन के लिये द्विस्तरीय प्रणाली अपनाती है – 'सम्पूर्ण शहर' आधार पर स्लम–मुक्त शहरी योजना कार्रवाई (एसएफसीपीओए) की तैयारी और चयनित स्लमों के लिये 'सम्पूर्ण स्लम' आधार पर विस्तृत परियोजना रिपोर्टें (डीपीआर) तैयार करती है। एसएफसीपीओए की सुधारात्मक और निरोधात्मक पहल है। सुधारात्मक पहल के तहत, एक प्रक्रिया के तहत विकासात्मक विकल्पों को तैयार किया जाता है जिसमें स्लमों की पहचान करना, मैप बनाना, प्रोफाइल तैयार करना, प्रयोज्यता का विश्लेषण किया जाता है और आवास एवं बुनियादी कमियों के आधार पर प्राथमिकता निर्धारित की जाती है। निरोधात्मक पहल के तहत आपूर्ति विकल्पों, आवासों की कमी के मूल्यांकन के आधार पर विचार किया जाता है ताकि नए स्लम न बने। डीपीआर तैयार करते समय समग्रता के आधार पर अर्थात स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा, आजीविका और शहरी नागरिक बुनियादी सुविधाओं से सम्बद्धता को ध्यान में रखा जाता है। डीपीआर में आधारभूत सिविक बुनियादी ढांचे और सामाजिक सुविधाओं जैसे जलापूर्ति, सीवरेज, नालियों, ठोस कचरा प्रबंधन पहल, अंदर की सड़कों, सड़कों पर लाइटिंग और सामुदायिक सुविधाओं यथा प्री–स्कूल, शिशु देखभाल केन्द्रों, स्वास्थ्य केन्द्रों/उप–केन्द्रों, आजीविका केन्द्रों आदि को भी शामिल किया जाता है।

[11] *भारत में आवास की स्थिति, सांख्यिकी संकलन 2013, एमएचयूपीए*
[12] *एमएचयूपीए वेबसाइट और आरएवाई दिशानिर्देश दस्तावेज, एमएचयूपीए*

2.1.2.1.2 योजना के तहत मकानों के टाइप में शामिल हैं, स्लम निवासियों जिनके पास पक्के मकान नहीं है, के लिये नए मकान, मौजूदा मकानों में उन्नयन यथा अतिरिक्त कमरा बनाना या शौचालय बनाना, जलापूर्ति और सफाई व्यवस्था करना। यह सुविधा उन घरों के लिये है जिनका क्षेत्रफल 21–27 वर्ग मीटर है। किराये के मकान एक अन्य विकल्प है जो स्लम निवासियों, श्रमिकों, शहरी गरीबों और अन्य प्रवासी लोगों के लिये उपलब्ध है। बेहतर निगरानी और कार्यान्वयन के लिये आवासीय इकाइयों के निर्माण में लाभार्थियों को शामिल करने का प्रावधान है। लाभार्थियों को अधिकतम चार किस्तों में धन उपलब्ध कराया जाता है– शुरूआत करने पर 10 प्रतिशत, कुर्सी क्षेत्र (प्लिंथ) पर 30 प्रतिशत, छत लेवल तक पहुंचने पर 40 प्रतिशत, और पूरा होने पर 20 प्रतिशत राशि दी जाती है। यह कार्य यूएलबी, आवास बोर्डों या विकास प्राधिकरणों के माध्यम से किया जाता है। प्रस्ताव किया गया है कि प्रत्येक स्तर पर सामुदायिक भागीदारी हो ताकि लोगों की सहभागिता और सामुदायिक स्वामित्व सुविधाजनक हो तथा योजना चलती रहे।

2.1.2.1.3 राजीव आवास योजना द्वारा शहरी अभिशासन में क्षमताओं को उन्नत करके, मौद्रिक निपुणता, भूमि बैंक बनाने, सस्ते मकान बनाने की प्रक्रिया को सरल करना, प्लानिंग और अवधि की सुरक्षा बढ़ाकर सुधार करना है। कुछ प्रकार के सुधार अनिवार्य हैं, इनमें शामिल हैं –

- स्लम वासियों जो 5 वर्ष से अधिक समय से निवास कर रहे हों, को दीर्घकालीन पट्टा अधिकार देना जिसका नवीनकरण हो सके, जिसके लिये शपथ पत्र और इच्छापत्र लिया जाए।
- ईडब्ल्यूएस/एलआईजी श्रेणियों के लिये आवास इकाइयों का 35 प्रतिशत या रिहायशी एफएआर/एफएसआई के 15 प्रतिशत से अधिक आरक्षण हो तथा सभी भावी आवास परियोजनाओं में एमएचयूपीए द्वारा प्रस्तावित दिशानिर्देशों के अनुसार क्रॉस सब्सिडाइजेशन की व्यवस्था हो।
- नगरपालिका बजट में शहरी गरीबों को बुनियादी सुविधाओं के लिए 25 प्रतिशत निर्धारित करना।
- योजना अवधि के दौरान सामाजिक/सामुदायिक विकास और शहरी गरीबी उन्मूलन के लिये एक नगरपालिका कैडर बनाना और स्थापित करना।

2.1.2.1.4 राजीव आवास योजना के भाग स्वरूप, सस्ते मकानों की उपलब्धता बढ़ाना 'भागीदारी के साथ सस्ते आवास' (एएचपी) के माध्यम से संभव हो सकेगा। इसके तहत ईडब्ल्यूएस/एलआईजी इकाइयों की श्रेणियों के लिये 75,000 रुपये की केन्द्रीय सहायता प्राप्त होगी। किफायती आवास परियोजनाओं में अन्दरूनी विकास के लिये अनेक प्रकार की भागीदारी, निजी भागीदारी सहित, की जाएगी। एएचपी के तहत परियोजनाओं में कम से कम 250 आवास इकाईयां होनी चाहिए। एफएआर/एफएसआई का कम से कम 60 प्रतिशत आवास इकाइयों के लिये प्रयोग किया जाएगा जिनका कुर्सी क्षेत्र 60 वर्ग मीटर से अधिक नहीं हो।

2.1.2.2 प्रधानमंत्री आवास योजना – शहरी (पीएमएवाई–शहरी) [13]

2.1.2.2.1 प्रधानमंत्री आवास योजना – शहरी (पीएमएवाई–शहरी) की घोषणा 25 जून, 2015 को की गई। सरकार की तत्कालीन राजीव आवास योजना कार्यक्रम को पीएमएवाई–शहरी में शामिल कर दिया गया। इस कार्यक्रम को 17 जून, 2015 से 31 मार्च, 2022 तक कार्यान्वित करना है और शहरी गरीबों और स्लम निवासियों के लिये जनगणना 2011 में सूचीबद्ध 4041 सांविधिक नगरों में दो सौ लाख इकाईयां निर्माण करने का लक्ष्य है। कार्यक्रम के तहत, शहरी क्षेत्रों में आवासीय बुनियादी ढांचा चार विशेष नियोजित उपायों द्वारा तैयार किया जाएगा जो इस प्रकार हैं – क. प्राइवेट विकासकों की भागीदारी से स्लम पुनर्वास जिसमें भूमि को स्रोत के रूप में प्रयोग किया जाएगा, ख. सस्ते मकानों के विकास के लिये ऋण सहबद्ध सब्सिडी देना, ग. सस्ती आवासीय परियोजना के विकास हेतु सार्वजनिक क्षेत्र और निजी क्षेत्र से भागीदारी करना और घ. लाभार्थियों को आवास निर्माण और उन्नयन के लिये सब्सिडी देना।

[13] *वार्षिक रिपोर्ट 2016–17 एमएचयूपीए*

2.1.2.2.2 पीएमएवाई–शहरी में भी ऋण सहबद्ध सब्सिडी का प्रावधान केन्द्रीय सेक्टर की योजना के रूप में है, इसके तहत ईडब्ल्यूएस/एलआईजी श्रेणियों के लिये मकान खरीदने और मकान निर्माण हेतु लिये गए आवास ऋण पर ब्याज में सब्सिडी दी जाती है। यहां यह उल्लेख करना आवश्यक है कि माननीय प्रधानमंत्री ने 31 दिसम्बर, 2016 को राष्ट्र के नाम अपने सम्बोधन में यह भी कहा था कि इस योजना में एमआईजी श्रेणी भी शामिल है। योजना के तहत, एक लाभार्थी परिवार में पति, पत्नी और अविवाहित बच्चे शामिल हैं। लाभार्थी परिवार का न तो अपने या अपने परिवार के किसी सदस्य के नाम भारत के किसी भी भाग में पक्का मकान (सभी मौसम योग्य मकान) नहीं होना चाहिए। ईडब्ल्यूएस/एलआईजी श्रेणियों के लाभार्थियों पर लागू मानदंड नीचे तालिका में दिये गये हैं:

तालिका सं. 2.3 : सीएलएसएस के तहत ईडब्ल्यूएस/एलआईजी श्रेणियों के लाभार्थियों पर लागू मानदंड

ब्योरा	सीएलएसएस–ईडब्ल्यूएस	सीएलएसएस–एलआईजी
1. लाभार्थी	पति + पत्नी + अविवाहित बच्चे	
2. परिवार की आय	3,00,000 रुपये तक	3,00,001–6,00,000 रुपये तक
3. कुर्सी क्षेत्र (वर्ग मीटर)	30	60
4. अधिकतम ऋण राशि जिस पर ब्याज सब्सिडी उपलब्ध है	6,00,000 रुपये	
5. सम्पत्ति का स्थान	जनगणना 2011 के अनुसार सभी सांविधिक शहर तथा बाद में अधिसूचित शहर	
6. पक्के मकान पर प्रयोज्यता	नवीनीकरण/उन्नयन के लिये नहीं	
7. महिला स्वामित्व/सह स्वामित्व	मौजूदा के लिये नहीं और नया लेने के लिए वांछित	
8. उपयुक्त कार्य प्रक्रिया	पीएलआई प्रक्रिया के अनुसार	
9. पात्र ऋण राशि	पीएलआई द्वारा लागू नीति के अनुसार	
10. पहचान प्रमाण	यथा उल्लिखित। आधार नम्बर को प्राथमिकता	
11. अनुपालन	अनुमोदन, बुनियादी सिविक बुनियादी ढांचा और एनबीओ, बीआईएस तथा एनडीएमए, अंतिम प्रयोग	

2.1.2.2.3 राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों को भी कुछ अनिवार्य शर्तों को पूरा करना होता है जैसे आवासीय जोनों के लिये अलग गैर कृषि अनुमति की जरूरत को हटाना, सस्ते आवासों के लिये भूमि का निर्धारण करना, एकल–विंडो समयबद्ध स्वीकृति, भावी भवन निर्माण की अनुमति और ईडब्ल्यूएस/एलआईजी आवास के लिए लेआउट संस्तुति, मौजूदा किराया कानूनों में संशोधन, अतिरिक्त एफएआर/एफएसआई/टीडीआर और स्लम विकास और निम्न लागत के आवास के लिये घनत्व मानदंडों में ढील देना।

2.1.2.2.4 यथा 31 दिसम्बर, 2016 को पीएमएवाई–यू के तहत हुई प्रगति नीचे दर्शाई गई है : [14]

- 29 राज्यों और 5 केन्द्रशासित प्रदेशों के साथ 34 करार ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये गये हैं।
- इस कार्यक्रम में शामिल करने के लिये 34 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में 3,619 शहरों का चयन किया गया।
- 1,808 शहरों में ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिये 2,874 परियोजनाओं में 14.7 लाख मकानों के निर्माण को मिशन के तहत सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई।
- 14.70 लाख मकानों के निर्माण कार्य पूरा होने में लगभग 23,239 करोड़ रुपये की केन्द्र सरकार से सहायता मिलेगी। इसमें से केन्द्रीय सहायता के रूप में 6,478 करोड़ रु. की राशि संबंधित राज्यों को अनुमोदित परियोजनाओं के लिये जारी कर दी गई है।

[14] *एमएचयूपीए प्रगति रिपोर्ट*

- 14.7 लाख मकानों में से 2.4 लाख घरों को नए निर्माण के लिये तोड़ दिया गया और 44,103 घरों का निर्माण कार्य पूरा हो गया।
- सीएलएसएस के तहत, कुल 17,634 दावों के लिये 316.2 करोड़ रु. की राशि संवितरित कर दी गई।
- पीएमएवाई–शहरी के तहत प्रौद्योगिकी सब–मिशन पर, 31 दिसम्बर, 2016 तक ग्यारह नई प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिये निर्धारित कर दिया गया है।
- पिछली राजीव आवास योजना के तहत 183 परियोजनाओं के प्रति दायित्व, जो विभिन्न राज्यों में शुरू हो चुकी थीं, पीएमएवाई–शहरी में शामिल कर दिया गया। अप्रैल 2016 से दिसम्बर 2016 अवधि के दौरान, 13,881 आवास इकाईयों का निर्माण पूरा हो गया तथा 9,940 पर लाभार्थियों को कब्जा दे दिया गया।

2.1.2.3 निम्न आय आवास के लिये ऋण जोखिम गारंटी निधि योजना [15]

2.1.2.3.1 निम्न आय आवास के लिये ऋण जोखिम गारंटी निधि योजना (सीआरजीएफटी) की स्थापना को केन्द्र सरकार के मंत्रिमंडल द्वारा 12वीं पंचवर्षीय योजना के तहत 1,000 करोड़ रु. की शुरूआती राशि के साथ संस्वीकृति दे दी गई। योजना के तहत, न्यास ईडब्ल्यूएस तथा एलआईजी श्रेणियों के लोगों को 8 लाख रु. तक ऋणों के लिये किसी तृतीय पक्ष की गारंटी या संपार्श्विक प्रतिभूति के बिना ऋणदाता संस्थानों को ऋण जोखिम गारंटी प्रदान करेगा। यह ध्यान दिया जाए कि योजना के तहत गृह ऋण की सीमा 15 लाख रु. है, किंतु गारंटी केवल 8 लाख रु. की उपलब्ध होगी। 71 बैंकों, आवास वित्त कंपनियों और एनबीएफसी ने सीआरजीएफ न्यास के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये है। न्यास ने अभी तक ईडब्ल्यूएस तथा एलआईजी परिवारों को संवितरित 55.85 करोड़ रु. के ऋणों के लिये 1,970 आवास ऋणों के लिये गारंटी कवर दिया है। राष्ट्रीय आवास बैंक निधि न्यास का प्रबंधन कर रहा है।

2.1.2.4 जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन [16]

2.1.2.4.1 सरकार ने जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन (जेएनएनयूआरएम) को 3 दिसम्बर, 2005 को शुरू किया था। इस मिशन का प्रयोजन शहरी गरीबों/स्लम निवासियों के लिये आवास एवं बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिये राज्य सरकारों को सहायता प्रदान करना था। शहरी गरीबों को बुनियादी/मूलभूत सुविधाओं (बीएसयूपी) के तहत सहायता के लिये 65 शहरों को चिन्हित किया गया जो जेएनएनयूआरएम के तहत एक उप–मिशन था। अन्य शहरों और नगरों के लिये, समेकित आवास एवं स्लम विकास कार्यक्रम (आईएचएसडीपी) के तहत सहायता प्रदान की जाएगी। इस मिशन की अवधि 2005–06 से 7 वर्ष थी जिसे 31 मार्च, 2017 तक बढ़ा दिया गया ताकि चल रही परियोजनाओं का काम पूरा हो सके जिन्हें 31 मार्च, 2012 तक मंजूरी दी गई थी।

2.1.2.4..2 आश्रय उपलब्ध कराने के लिये विभिन परियोजनाओं के माध्यम से, मिशन का ध्यान स्लमों का समेकित विकास करने की ओर है, जहां शहरी गरीबों को बुनियादी सुविधाएं और संबंधित सिविक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। मिशन के बीएसयूपी कार्यक्रम के तहत उद्देश्य जैसे कि मिशन टूलकिट में परिभाषित किया गया है, निम्नानुसार हैं :

- शहरी गरीबों के लिये बुनियादी सुविधाओं के समेकित विकास पर ध्यान केन्द्रित करना।
- कम कीमत को कार्यकाल में बनाए रखना, उन्नत आवास, जलापूर्ति, सफाई।
- शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में सेवाएं उपलब्ध कराना।
- शहरी गरीबों को कार्य स्थल के समीप, यथा संभव, आवास उपलब्ध कराना।
- आस्ति सृजन और आस्ति प्रबंधन के बीच प्रभावी संबंध बनाना ताकि कार्यक्षमता सुनिश्चित हो।

[15] *सीआरजीएफएलआईएच दिशानिर्देश, वार्षिक रिपोर्ट 2016–17, एमएचयूपीए*
[16] *जेएनएनयूआरएम – दिशानिर्देश व टूलकिट, वार्षिक रिपोर्ट 2016–17, एमएचयूपीए*

- नागरिक सुविधाएं मुहैया कराना और शहरी गरीबों की सर्वत्र पहुंच में सेवाओं की ओर ध्यान देना और
- शहरी गरीबों की मूलभूत सुविधाओं में कमियों को दूर करने के लिये पर्याप्त निवेश सुनिश्चित करना।

2.1.2.4.3 उद्देश्य जिन पर मिशन समेकित आवास और स्लम विकास कार्यक्रम (आईएचएसडीपी) योजना के तहत ध्यान देता है, निम्नानुसार हैं :

- समग्र स्लम विकास और समूह पहुंच
- स्वास्थ्यप्रद और उपयुक्त शहरी वातावरण और
- स्लम निवासियों के लिए पर्याप्त आश्रय और बुनियादी सुविधाएं

दिसम्बर 2016 तक मिशन के तहत प्रगति निम्नानुसार है :

- बीएसयूपी के तहत 62 शहरों और आईएचएसडीपी के तहत 877 शहरों को शामिल किया गया है।
- बीएसयूपी के तहत, 62 शहरों में चल रही 478 परियोजनाओं की कुल लागत 23,126 करोड़ रु. से 7.89 लाख आवास इकाईयों के निर्माण हेतु संस्वीकृति दी गई है।
- आईएचएसडीपी के तहत, 877 शहरों में 1030 परियोजनाओं की कुल लागत 9,592 करोड़ रु. से 4.52 लाख आवास इकाईयों के निर्माण हेतु संस्वीकृति दी गई है।
- 12.41 लाख अनुमोदित आवासों में से, 10.56 लाख आवासों का निर्माण किया जा चुका है और इनमें से 8.86 लाख आवासों का लाभार्थियों द्वारा कब्जा ले लिया गया है। 1.59 लाख आवास इकाईयां निर्माणाधीन हैं।
- जेएनएनयूआरएम (बीएसयूपी एवं आईएचएसडीपी) के तहत परियोजनाओं के लिये राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों को केन्द्रीय हिस्सेदारी की राशि 17,907 करोड़ रु. संवितरित की जा चुकी है।
- अप्रैल 2016 से दिसम्बर 2016 तक अवधि के दौरान, बीएसयूपी और आईएचएसडीपी के तहत 47,735 आवासीय इकाईयों का निर्माण पूरा हो चुका है और पिछले वर्ष के खाली पड़े आवासों सहित 79,197 आवासों को कब्जाधीन किया जा चुका है।

2.2.5 आवास क्षेत्र में राज्य स्तरीय पहलें

राज्य सरकारों ने अपने स्तर पर अपनी नीतियों और कार्यक्रमों के माध्यम से आवास उपलब्ध कराने के लिये अनेक पहलें की हैं। ये नीतियां और कार्यक्रम केन्द्र सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों के अनुरूप होंगे या उनके पूरक होंगे। कुछ राज्यों के राज्य स्तरीय कार्यक्रम नीचे बाक्सों में दिये गये हैं।

बॉक्स 2.1 : गुजरात

मुख्य मंत्री गृह योजना[17]

ईडब्ल्यूएस/एलआईजी श्रेणियों के लिये आवास इकाईयों की मात्रा बढ़ाने की ओर विशेष ध्यान देने और किफायती मकानों के निर्माण कार्य में निजी क्षेत्र की भागीदारी को भी बढ़ाने के लिये, गुजरात सरकार ने वर्ष 2013 में मुख्य मंत्री गृह योजना (एमएमजीवाई) आरंभ की। योजना के तहत लाभार्थियों के लिए इकाईयों का कुर्सी क्षेत्र ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए 30 वर्ग मीटर, एलआईजी–1 श्रेणी के लिये 40 वर्ग मीटर, एलआईजी–2 श्रेणी के लिए 50 वर्ग मीटर और एमआईजी श्रेणी के लिए 65 वर्ग मीटर होगा। एमएमजीवाई के तहत विभिन्न नीतिगत पहलें इस प्रकार हैं :

[17] *शहरी विकास एवं शहरी आवास विभाग, गुजरात, सम्मेलन प्रस्तुतीकरण*

- ***किफायती आवास मिशन 2014 :***[18] *इस मिशन के तहत राज्य सरकार ने पांच वर्ष में 50 लाख आवास निर्माण की योजना तैयार की है। इनमें से 22 लाख मकान शहरी क्षेत्रों में बनाए जाएंगे। इस योजना के भाग स्वरूप, ईडब्ल्यूएस/एलआईजी–1 व 2 तथा एमआईजी–1 श्रेणियों के तहत आने वाले लाभार्थियों को किफायती मूल्य पर बुनियादी सुविधाओं से युक्त भलीभांति निर्मित मकान मिलेंगे। परियोजनाओं पर निजी क्षेत्र और गुजरात आवास बोर्ड के बीच सहभागिता से काम होगा। निजी क्षेत्र को प्रोत्साहन देने के लिए, जिन भूखंडों पर वहनीय श्रेणियों के आवासों का निर्माण किया जाएगा वे 3 तक एफएसआई के लिए पात्र होंगे। कुल भूमि में से जो प्रयोग हेतु उपलब्ध होगी, वहनीय आवासों के लिए चिन्हित भूमि से अतिरिक्त भूमि पर विकासक किसी भी प्रकार का निर्माण कराने के लिए स्वतंत्र होगा जिसमें कुल निर्मित क्षेत्र के 10 प्रतिशत तक वाणिज्यिक निर्माण करा सकेगा।*

- ***स्लम पुनर्वास नीति 2013 :*** *इस योजना में स्व–स्थाने पर स्लम पुनर्वास की सुविधा होगी। इसका मकसद ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिये वहनीय आवास की सुविधा प्रदान करना है। इस योजना का क्रियान्वयन गुजरात शहरी विकास मिशन के अन्तर्गत विभिन्न नगरपालिकाओं, नगर निगमों, क्षेत्रीय विकास प्राधिकरणों और गुजरात आवास बोर्ड द्वारा किया जा रहा है। इकाई का क्षेत्र 25 से 30 वर्ग मीटर होगा जिसमें दो कमरे, रसोई, स्नानागार और शौचालय होगा। इस भिन्न प्रकार की पीपीपी योजना के तहत, निजी क्षेत्र को टीडीआर के द्वारा भाग लेने के लिये प्रोत्साहित किया गया है। सरकार से वित्त पोषित योजना के तहत, वित्त पोषण में केन्द्र सरकार, राज्य सरकार/यूएलबी और लाभार्थियों के बीच 50 प्रतिशत, 38 प्रतिशत और 12 प्रतिशत के अनुपात में क्रमशः हिस्सेदारी होगी। योजना के अन्तर्गत 1,00,000 रु. तक वित्तीय सहायता का प्रावधान है।*

- ***एलआईजी के लिये किफायती आवास हेतु पूंजीगत सब्सिडी :*** *इस योजना का उद्देश्य एलआईजी श्रेणी के लिए किफायती आवास में सुविधा प्रदान करना है। योजना के तहत इकाई का आकार 50 वर्ग मीटर तक हो सकता है। यह योजना पूर्णतया राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषित है। योजना के अन्तर्गत 1,00,000 रु. प्रति इकाई तक वित्तीय सहायता का प्रावधान है।*

- ***उपलब्धियां :***[19]
  - *एमएमजीवाई के तहत उसकी विभिन्न परियोजनाओं के द्वारा 4.71 लाख से अधिक आवासों पर काम चल रहा है जिनमें से 1.37 लाख आवास लाभार्थियों को आबंटित किये जा चुके हैं।*
  - *लगभग 1.16 लाख आवासों का निर्माण पूरा हो चुका है।*
  - *लगभग 60,500 आवासों का ढांचा पूरा बन चुका है, लगभग 79,000 आवासों का निर्माण कार्य चल रहा है और लगभग 62,800 आवास निविदा प्रक्रिया के अधीन हैं। ये सभी कार्य एक वर्ष के दौरान किये गये हैं।*
  - *पीपीपी प्रणाली के तहत 54,000 आवासों में से स्लम पुनर्वास के लिए निर्धारित किये गये हैं, 1,000 से अधिक मकानों का निर्माण पूरा हो चुका है, 4,000 आवासों का ढांचा पूरा बन चुका है और लगभग 4,600 निर्माणाधीन हैं।*
  - *किफायती आवासों के लिए 2,13,000 आवासों में से, 5,000 से अधिक आवास निर्मित हो चुके हैं, 45,000 आवासों का ढांचा पूरा बन चुका है और लगभग 57,600 निर्माणाधीन हैं।*
  - *स्व–स्थाने स्लम पुनर्वास योजना के तहत, 2,04,000 से अधिक आवास पुनर्वास के लिये तैयार किये जा रहे हैं। अधिकांशतः का कार्य 2013–14 और 2014–15 में शुरू किया गया। 88,300 से अधिक स्लम परिवारों को पक्के मकानों में पुनर्वासित किया जा चुका है।*

[18] *शहरी विकास एवं शहरी आवास विभाग, गुजरात,, किफायती आवास नीति*
[19] *राज्य में अच्छे कार्यों का संकलन, 2015, एमएचयूपीए*

गरीब समृद्धि योजना[20]

इस योजना का उद्देश्य शहरी गरीबों को आवासों का स्वामित्व प्रदान करना है। इस योजना के तहत 2,200 करोड़ रु. की राशि आबंटित की गई है। 2,50,000 इकाइयों का निर्माण प्रस्तावित है। योजना में निर्मित प्रथम आवास की स्वामिनी महिला होगी। योजना के अन्तर्गत मौजूदा इकाइयों में अतिरिक्त सुविधाएं प्रदान करना है और यहां बहु मंजिला इमारतें होंगी।

यथा 31 दिसम्बर, 2016 को राज्य में पीएमएवाई–शहरी के तहत प्रगति[21]

- *इस कार्यक्रम के तहत राज्य में 171 शहरों का चयन किया गया है।*
- *मिशन के तहत 49 शहरों में ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिये 163 परियोजनाओं में 1,33,347 आवास निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है।*
- *1,33,347 आवास निर्माण के लिये केन्द्रीय सहायता के रूप में 1,806 करोड़ रु. का अनुमान लगाया गया है। इस राशि में से, केन्द्रीय सहायता के 695 करोड़ रु. राज्य सरकार को अनुमोदित परियोजनाओं के लिए जारी किये जा चुके हैं।*
- *1,33,347 आवासों में से, 58,824 मकानों को नव निर्माण के लिये गिराया गया और 9,070 आवासों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।*

बॉक्स 2.2 : राजस्थान

राज्य में आवास कमी को दूर करने के लिए, शहरी विकास आवास विभाग और स्थानीय स्वशासी सरकार, राजस्थान ने एक नई नीति – मुख्य मंत्री जन आवास योजना–2015 शुरू की। इस नीति की मुख्य विशेषता यह है कि राज्य में ईडब्ल्यूएस/एलआईजी आवास में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिये अनेक प्रावधान किये गये हैं, इसके अतिरिक्त आवास बोर्ड, विकास प्राधिकरणों, विकास न्यासों और शहरी स्थानीय निकायों की भागीदारी भी होगी।

मुख्यमंत्री जन आवास योजना–2015[22]

मुख्यमंत्री जन आवास योजना–2015 के मुख्य लक्ष्य नीचे दिये गये हैं :

- *राज्य में ईडब्ल्यूएस/एलआईजी श्रेणी में आवासों की कमी को दूर करने के लिए 'सब के लिए किफायती आवास' का लक्ष्य प्राप्त करना।*
- *समाज में ईडब्ल्यूएस/एलआईजी वर्ग के लिये निजी विकासकों को प्रोत्साहन देकर आवासों के निर्माण में निजी निवेश करने के लिए आकर्षित करना।*
- *किफायती आवासों के निर्माण कार्य को करने के लिए सरकारी एजेंसियों और निजी विकासकों को बढ़ावा देना।*
- *किफायती आवास के लिये भूमि की पहचान करना जिसे बड़े आधार पर निजी भागीदारी को बढ़ावा देकर किया जा सकता है।*
- *शीघ्रता के साथ संस्तुति सुविधा देकर निर्माण विकासकों की प्रक्रिया में तेजी लाना।*

राज्य सरकार ने इस कार्यक्रम के तहत विकास के निम्नलिखित प्रारूपों के लिए विस्तृत दिशानिर्देश तैयार किये हैं –

- *यूएलबी/यूटीआई/विकास प्राधिकरण/आरएचबी और निजी विकासकों की आवासीय योजना।*

[20] *शहरी विकास एवं शहरी आवास विभाग, गुजरात, सम्मेलन प्रस्तुती*
[21] *एमएचयूपीए, प्रगति रिपोर्ट*
[22] *मुख्य मंत्री जन आवास योजना, 2015, नीति दस्तावेज*

- *निजी भूमि पर प्राइवेट विकासकों द्वारा भागीदारी में वहनीय आवासों का विकास।*
- *निजी भूमि पर निजी विकासकों द्वारा ही ईडब्ल्यूएस/एलआईजी फ्लैटों का निर्माण (फ्लैट, भूतल व 3 प्रारूप)।*
- *निजी भूमि पर निजी विकासकों द्वारा ही ईडब्ल्यूएस/एलआईजी फ्लैटों का निर्माण (भूतल व 3 तल के साथ प्लाट तैयार करना)*
- *भूतल व 3 मंजिल और बहु मंजिल इमारत में निजी भवन निर्माता द्वारा सरकारी भूमि पर ईडब्ल्यूएस/एलआईजी आवासों का निर्माण करना।*
- *1–3 लाख आबादी वाले शहरों में निजी विकासकों द्वारा सरकारी भूमि पर किफायती आवासों का निर्माण।*

निजी विकासकों को उच्च एफएआर और टीडीआर के रूप में सुविधा देकर अनेक प्रकार से प्रोत्साहन दिये जा रहे हैं। इनके अतिरिक्त, उन्हें सरकारी संस्वीकृति, संस्वीकृति की फास्ट–ट्रैकिंग, भूमि के क्रॉस सब्सिडाइजेशन के प्रभारों से छूट और आबंटित कुल भूमि क्षेत्र के 10 प्रतिशत भूभाग का वाणिज्यिक प्रयोग करने और सरकार की नोडल एजेंसी द्वारा पूर्व निर्धारित दरों पर फ्लैटों को वापस खरीदने की स्वीकृति दी जा रही है।

यथा 31 दिसम्बर, 2016 को राज्य में पीएमएवाई–यू के तहत प्रगति [23]

- *इस कार्यक्रम में शामिल करने के लिए राज्य में 183 शहरों का चयन किया गया।*
- *इस मिशन के तहत 31 शहरों में ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिये 36,575 आवासों के निर्माण हेतु 56 परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है।*
- *670 करोड़ रु. की अनुमानित लागत से 36,575 आवासों के निर्माण के लिये केन्द्रीय सहायता को मंजूरी दी गई। इस केन्द्रीय सहायता राशि में से 329 करोड़ रु. की राशि राज्य सरकार को अनुमोदित परियोजनाओं के लिये जारी कर दी गई।*
- *36,575 आवासों में से पुनर्निर्माण के लिए 13,508 मकानों को गिराया और 9,779 मकान बन कर तैयार हो गये।*

बॉक्स 2.3 : ओडिशा

शहरी क्षेत्रों में सब के लिए आवास नीति – ओडिशा 2015 [24]

यह नीति जिसकी घोषणा ओडिशा सरकार द्वारा की गई, भारत सरकार की ''2022 तक सब के लिए आवास'' की वृद्धित नीति है। 12वीं पंचवर्षीय योजना (2012–2017) में शहरी आवास कमी पर तकनीकी ग्रुप ने ओडिशा राज्य में लगभग 4.10 लाख आवास इकाईयों की कमी का अनुमान लगाया। इस संख्या में, भुवनेश्वर– कटक क्षेत्र की लगभग 3.60 आवास इकाईयां जुड़ जाएंगी क्योंकि आगामी दशक में इस क्षेत्र में आर्थिक वृद्धि हो चुकी होगी। अधिक मांग ईडब्ल्यूएस और एलआईजी श्रेणियों में होगी। नीति में अंतर्निहित ही प्रोत्साहन प्रणाली को शामिल कर दिया गया है जिससे निजी विकासकों सहित सभी पणधारकों को ओडिशा राज्य में शहरी क्षेत्रों में ईडब्ल्यूएस और एलआईजी श्रेणी के आवासों का निर्माण करने के लिये प्रोत्साहन मिलेगा। सरकार द्वारा आरंभ में 1,00,000 मकानों का निर्माण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

नीति के तहत निम्नलिखित पहलों के द्वारा आवास निर्माण होगा :

- *ईडब्ल्यूएस आवासों का निर्माण करना अनिवार्य है।*

[23] *एमएचयूपीए प्रगति रिपोर्ट*
[24] *शहरी क्षेत्रों में सब के लिए आवास नीति, ओडिशा 2015*

- *ईडब्ल्यूएस और एलआईजी के आवास निर्माण के लिए, सरकार बाजार आधारित निर्माण के लिए प्रोत्साहन देती है।*
- *किफयाती आवास परियोजनाओं के निर्माण की ओर अधिक ध्यान देना।*
- *पुनः आबंटन और पुनर्वास*
- *किराया आवास*
- *यथा स्थान स्लम पुनर्विकास*
- *लाभार्थी उन्मुख वैयक्तिक आवास निर्माण या उन्नयन*

ओडिशा आवास नीति की अन्य पहलों में शामिल हैं – क) सभी प्रकार की अनुमति सिंगल विंडो प्रणाली से होगी, ख) आवेदकों और लाभार्थियों का पंजीकरण ऑनलाइन बायोमैट्रिक वैधता से होगा, इसके बाद दस्तावेजों की जांच होगी, ग) ओडिशा आवास मिशन उन आवेदकों की सुविधा केन्द्रों के माध्यम से सहायता करेगा जिनकी कंप्यूटर और इंटरनेट तक पहुंच नहीं है और घ) सभी लाभार्थी पंजीकृत समिति के परियोजना स्तर पर सदस्य होंगे।

31 दिसम्बर, 2016 तक पीएमएवाई–शहरी के तहत प्रगति [25]

- *इस कार्यक्रम में शामिल करने के लिए राज्य में 112 शहरों का चयन किया गया।*
- *इस मिशन के तहत 40 शहरों में ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिये 46,626 आवासों के निर्माण हेतु 63 परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है।*
- *791 करोड़ रु. की अनुमानित लागत से 46,626 आवासों के निर्माण के लिये केन्द्रीय सहायता को मंजूरी दी गई। इस केन्द्रीय सहायता राशि में से 280 करोड़ रु. की राशि राज्य सरकार को अनुमोदित परियोजनाओं के लिये जारी कर दी गई।*
- *46,626 आवासों में से निर्माण के लिए 4,025 मकानों को गिराया गया और 1,001 मकान बन कर तैयार हुए।*

बॉक्स 2.4 : महाराष्ट्र

महाराष्ट्र राज्य नई आवास नीति और कार्य योजना 2015 [26]

नई आवास नीति की घोषणा राज्य सरकार की वर्ष 2022 तक 19 लाख आवास उपलब्ध कराने की पृष्ठभूमि में की गई जिसमें ईडब्ल्यूएस, एलआईजी और एमआईजी आवास की ओर अधिक ध्यान दिया जाएगा। इस नीति के तहत मुम्बई महानगर क्षेत्र में 11 लाख आवासों और इस क्षेत्र से 8 लाख आवासों का निर्माण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। इस नई नीति का उद्देश्य ''सब के लिए आवास'' था। इस उद्देश्य के अनुरूप नीति के निर्देशों का नीचे दर्शाया गया है:

- *किफायती आवासों के लिये भूमि बैंक का सतत सृजन जिसमें सरकारी भूमि और निजी क्षेत्र की भूमि को रखा जाएगा।*
- *बाजार में किफायती आवासों की उपलब्धता बढ़ाना ताकि उपभोक्ता को किफायती आवास मिल सकें।*
- *पुनर्विकास को प्रोत्साहन देकर उपलब्ध भूमि का अधिकतम उपयोग।*

[25] *एमएचयूपीए प्रगति रिपोर्ट*
[26] *महाराष्ट्र राज्य नई आवास नीति एवं कार्य योजना 2015*

- *पर्यावरण का ध्यान रखते हुए जीवन को उन्नत बनाना, जीवन स्तर में सुधार करना।*
- *कारोबार करना आसान बनाना।*

इस नीति के तहत अनेक विशेष उपायों की घोषणा की गई ताकि ईडब्ल्यूएस/एलआईजी वर्गों की आवास समस्या हल हो सके। इस वर्ग की सहायता हेतु, महाराष्ट्र आवास एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण (म्हाडा) 1,000 करोड़ रु. के प्रारम्भिक कोष के साथ स्थापना करेगा। आवासों की बिक्री और खरीद पर स्टाम्प ड्यूटी और पंजीकरण शुल्क भी घटाकर ईडब्ल्यूएस, एलआईजी और एमआईजी के लिए क्रमशः 1 प्रतिशत, 2 प्रतिशत और 3 प्रतिशत कर दिया गया। न्यूनतम पंजीकरण शुल्क 1,000 रु. वसूला जाएगा।

ईडब्ल्यूएस/एलआईजी आवासों के लिये न्यूनतम मूल्य पर और एमआईजी /एचआईजी आवास के लिए मौजूदा सर्किल दर पर सरकारी भूमि को आबंटित करके आवासों की उपलब्धता बढ़ाई जाएगी। नीति के तहत किफायती आवासों के लिऐ महाडा, सीआईडीसीओ और एमएमआरडीए जैसी एजेंसियों द्वारा निजी भूमि का अधिग्रहण करने का भी प्रावधान है। वहनीय आवासीय परियोजनाओं के लिये उच्च एफएसआई देकर, कुछ शर्तों के साथ, प्राइवेट विकासकों की भागीदारी को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। राज्य सरकार ने भूमि संसाधनों का अधिकतम प्रयोग करने के लिये महाडा, शहरी नवीकरण योजनाओं, "चॉल" के पुनर्विकास तथा स्लम उन्नयन के लिये, पुनर्वास व पुनर्विकास के लिये अनेक नई और पुनर्विकास पहलों की घोषणा की है।

यथा 31 दिसम्बर, 2016 तक राज्य में पीएमएवाई–शहरी के तहत प्रगति[27]

- *कार्यक्रम में शामिल करने के लिए राज्य में 142 शहरों का चयन किया गया।*
- *22 शहरों में ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिये 1,19,102 आवासों का निर्माण करने के लिए 49 परियोजनाओं को मिशन के तहत स्वीकृति दी गई।*
- *1,19,102 आवासों का निर्माण पूरा होने के लिये केन्द्रीय सहायता के रूप में 1,775 करोड़ रु. का अनुमान लगाया गया। इसमें से, केन्द्रीय सहायता के रूप में 372 करोड़ रु. अनुमोदित परियोजनाओं के लिये राज्य सरकार को जारी किये जा चुके हैं।*

बॉक्स 2.5 : पश्चिम बंगाल

पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा अपने आवास विभाग के माध्यम से राज्य में किफायती आवासों की मांग को पूरा करने और विशेषकर शहरी गरीबों और समाज के ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लोगों के लिये आवासों के निर्माण हेतु अनेक योजनाओं को आरंभ किया है। राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई कुछ योजनाएं निम्नानुसार हैं :

गीतांजलि : यह योजना अन्य सरकारी विभागों के सहयोग से ग्रामीण इलाकों और गैर–नगरपालिका शहरी क्षेत्रों में उपलब्ध कराई जा रही है। 2014 में, पश्चिम बंगाल सरकार ने एक ज्ञापन के द्वारा घोषणा की थी कि इस योजना को इंदिरा आवास योजना के आधार पर पुनः तैयार किया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लोगों को आवास उपलब्ध करने तथा भवन निर्माण श्रमिकों के लिए अतिरिक्त रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। योजना के तहत, लाभार्थी स्वयं मकान बनवाएंगे और बीच में किसी निविदा एजेंसी को नहीं लाया जाएगा। 6,000 रु. तक या कम आय वाले परिवार इसके पात्र होंगे। बीपीएल श्रेणी के लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी। यह योजना राज्य के शहरी तथा ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में लागू होगी।

ग्रामीण क्षेत्रों में लाभार्थियों की भूमि पर ऐसे नए आवास के निर्माण पर लागत वहां की भौगोलिक, भिन्न प्रकार की मिट्टी और जलवायु के अनुसार भिन्न–भिन्न होगी:

[27] एमएचयूपीए प्रगति रिपोर्ट

- *मैदानी इलाके के ग्रामीण क्षेत्रों के निवासी लाभार्थियों को 1.67 लाख रुपये।*
- *गैर तटीय क्षेत्रों के निवासी मछुआरों को 1.23 लाख रुपये जिसे मतस्य विभाग द्वारा लागू किया जाएगा।*
- *सुन्दरबन के वन क्षेत्रों के निवासी लाभार्थियों को (जिसे वन विभाग द्वारा लागू किया जाएगा), और अन्य गैर–वन तटीय क्षेत्रों के निवासी लाभार्थियों को 1.94 लाख रुपये जिसे सुन्दरबन मामले विभाग एवं मतस्य विभाग द्वारा लागू किया जाएगा।*
- *दार्जिलिंग जिला के जंगल के निकटवर्ती क्षेत्रों और पहाड़ी क्षेत्रों में जंगल के गांवों के निवासी लाभार्थियों को 2.51 लाख रु. जिसे वन विभाग द्वारा लागू किया जाएगा।*
- *जलपाईगुड़ी जिला के जंगल के गांवों के निवासी लाभार्थियों को 3 लाख रु. जिसे वन विभाग द्वारा लागू किया जाएगा।*

गैर नगरपालिका अर्ध शहरी क्षेत्रों में नए निर्माण के लिए ऐसे आवास की लागत निम्नानुसार होगी :

- *लाभार्थी की भूमि पर एक मंजिल आवास निर्माण के लिए 1.67 लाख रु.।*
- *कार्यान्वयनकारी सरकारी एजेंसी की अपनी भूमि पर या सरकारी जमीन पर बहु मंजिली इमारत के लिए 3.30 लाख रु.।*

योजना के तहत वर्ष 2014–15 तक 42,535 इकाईयों के निर्माण हेतु संस्वीकृति दी गई और 300 करोड़ रु. की राशि जारी की गई।

पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि के तहत आवास योजनाएं (बीआरजीएफ) : *बीआरजीएफ के विशेष अनुदान के तहत राज्य के 11 पिछड़े जिलों (पुरूलिया, पश्चिम मेदिनीपुर, पूर्व मेदिनीपुर, बंकुरा, जलपाईगुड़ी, बीरभूम, दक्षिणी 24–परगना, माल्दा, मुर्शिदाबाद, उत्तरी दिनाजपुर और दक्षिणी दिनाजपुर) तथा लेफ्ट विंग उग्रवादी क्षेत्र में 34,758 आवास निर्माण का प्रस्ताव किया गया। इस प्रस्ताव को भारत के योजना आयोग द्वारा संस्वीकृति दी गई। केन्द्र सरकार ने इस परियोजना के लिए केन्द्रीय कोष से 117 करोड़ रुपये की राशि मंजूर कर दी और प्रथम चरण में 40 करोड़ रु. की राशि आबंटित भी कर दी। परियोजना का कुल लागत व्यय 160 करोड़ रु. है। इन आवास इकाइयों का कुर्सी क्षेत्र 20 वर्ग मीटर होगा। पर्वतीय, तटीय क्षेत्र और जंगल महल क्षेत्र में एक इकाई की लागत 48,500 रु. होगी। अन्य क्षेत्रों में इकाई लागत 45,000 रु. होगी। बीपीएल श्रेणी में सूचीबद्ध परिवार उक्त योजना के पात्र होंगे।*

यथा 31 दिसम्बर, 2016 तक राज्य में पीएमएवाई–शहरी के तहत प्रगति [28]

- *कार्यक्रम में शामिल करने के लिए राज्य में 125 शहरों का चयन किया गया।*
- *114 शहरों में ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिये 1,22,731 आवासों का निर्माण करने के लिए 139 परियोजनाओं को मिशन के तहत स्वीकृति दी गई।*
- *1,22,731 आवासों का निर्माण पूरा होने के लिये केन्द्रीय सहायता के रूप में 1,849 करोड़ रु. का अनुमान लगाया गया। इसमें से, केन्द्रीय सहायता के रूप में 461 करोड़ रु. अनुमोदित परियोजनाओं के लिये राज्य सरकार को जारी किये गये।*
- *1,22,731 आवासों में से, 27,568 आवास नए निर्माण हेतु गिराये गये और 1,649 आवासों का निर्माण पूरा हो चुका है।*

[28] *एमएचयूपीए प्रगति रिपोर्ट*

बॉक्स 2.6 : छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने ईडब्ल्यूएस, एलआईजी और एमआईजी श्रेणी के लोगों के लिए आवास निर्माण का विजन अपनाया है। इसके कार्यान्वयन में, राज्य सरकार ने पर्याप्त संख्या में बुकिंग प्राप्त होने के बाद ही एक परियोजना का शुभारंभ किया। इकाइयों के डिजाइनों पर भलीभांति विचार, अध्ययन और किया गया तथा बेहतर डिजाईनों को स्वीकार किया गया। सरकार ने छत्तीसगढ़ आवास बोर्ड को सामाजिक आवासीय परियोजनाओं के लिए रियायती दर पर भूमि उपलब्ध कराई। राज्य में लागू योजनाएं निम्नानुसार हैं :

अटल आवास योजना : *यह ईडब्ल्यूएस के लिए राज्य प्रायोजित योजना है। इस योजना के तहत, ब्लॉक मुख्यालय में 60,000 रु. से कम वार्षिक आय वाले परिवार पात्र होंगे। 560 वर्ग फुट क्षेत्र में निर्मित आवास स्वतंत्र इकाई होगा जिसमें निर्मित क्षेत्र 280 वर्ग फुट होगा। आवास की कीमत 1.10 लाख रु. होगी। इस योजना के तहत 19,000 आवासीय इकाईयों का निर्माण या तो पूरा हो चुका है या निर्माणाधीन हैं।*

दीनदयाल आवास योजना : *यह एलआईजी श्रेणी के लिए राज्य प्रायोजित योजना है। इस योजना के तहत, जिला मुख्यालय में 1,20,000 रु. से कम वार्षिक आय वाले परिवार पात्र होंगे। आवास स्वतंत्र इकाई होंगे या एक इमारत में भूतल सहित दो आवास होंगे। प्रत्येक इकाई का कुर्सी क्षेत्र 455 से 487 वर्ग फुट होगा। आवास की कीमत 2.25 लाख रु. होगी। इस योजना के तहत 14,700 आवासीय इकाईयों का निर्माण या तो पूरा हो चुका है या निर्माणाधीन हैं।*

कुशाभाऊ ठाकरे आवास योजना : *यह एमआईजी श्रेणी के लिए छत्तीसगढ़ आवास बोर्ड द्वारा प्रायोजित योजना है। इस योजना के तहत, जिला मुख्यालय में 2,00,000 रु. से कम वार्षिक आय वाले परिवार पात्र होंगे। आवास डुपलेक्स इकाई होंगे। प्रत्येक इकाई का कुर्सी क्षेत्र 600 वर्ग फुट होगा। आवास की कीमत 4.50 लाख रु. से 6.00 लाख रु. तक होगी। इस योजना के तहत 700 आवासीय इकाईयों का निर्माण या तो पूरा हो चुका है या निर्माणाधीन हैं।*

अटल विहार आवास योजना : *यह मिश्रित आवासों की राज्य प्रायोजित योजना है। इस योजना का उद्देश्य ब्लॉक मुख्यालय में आवास उपलब्धत बढ़ाना है। योजना के तहत, ईडब्ल्यूएस के लिये 80,000 रु. और एलआईजी के लिये 40,000 रु. की सब्सिडी प्रति आवासीय इकाई का प्रावधान है। सरकार द्वारा 1 रु. प्रति वर्ग फुट की दर से जमीन उपलब्ध कराई जाती है।*

यथा 31 दिसम्बर, 2016 तक राज्य में पीएमएवाई–शहरी के तहत प्रगति [29]

- *कार्यक्रम में शामिल करने के लिए राज्य में 59 शहरों का चयन किया गया।*
- *16 शहरों में ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिये 29,268 आवासों का निर्माण करने के लिए 51 परियोजनाओं को मिशन के तहत स्वीकृति दी गई।*
- *29,268 आवासों का निर्माण पूरा होने के लिये केन्द्रीय सहायता के रूप में 437 करोड़ रु. का अनुमान लगाया गया। इसमें से, केन्द्रीय सहायता के रूप में 162 करोड़ रु. अनुमोदित परियोजनाओं के लिये राज्य सरकार को जारी किये गये।*
- *29,268 आवासों में से, 3,129 आवास नए निर्माण हेतु गिराये गये और 834 आवासों का निर्माण पूरा हो गया।*

[29] *एमएचयूपीए प्रगति रिपोर्ट*

बॉक्स 2.7 : कर्नाटक

कर्नाटक राज्य सरकार राजीव गांधी ग्रामीण आवास निगम लि0 (आरजीआरएचसीएल) के माध्यम से समाज के ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लोगों को आवास उपलब्ध कराने में सहायता करती है। यह एसपीवी है जिससे राज्य सरकार को लाभार्थियों तक योजना का लाभ पहुंचाने में मदद मिलती है। आरजीआरएचसीएल के मुख्य उद्देश्य निम्नानुसार हैं :

- *राज्य भर में ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिये किफायती आवास आवास उपलब्ध कराना।*
- *ग्राम पंचायतों और एनजीओ से सहभागिता।*
- *मकानों के डिजाइन, सामग्री और प्रौद्योगिकी में स्व–सहायता से लोगों को विकल्प उपलब्ध कराना।*
- *''निर्मिती केन्द्रों'' को मजबूत करके और नए केन्द्र स्थापित करके विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में किफायती भवन निर्माण प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देना।*
- *संसाधनों को बढ़ाना और निधियों के पुनः परिचालन को सुनिश्चित करना।*
- *लाभार्थियों को आवास के लिये बचत करने और आवास ऋण चुकाने में समर्थ बनाने के लिये चलते रहने वाले आवास कार्यक्रम को बढ़ावा देना।*
- *प्रबंधन में पारदर्शिता और सक्षमता।*

कंपनी लाभार्थियों के रूप में केवल महिलाओं का चयन करती है। कंपनी स्व–सहायता आवास को बढ़ावा देती है और लाभार्थियों की पहलों में सहयोग करती है। यह संवितरित ऋण की वसूली के लिये लाभार्थी से मित्रता पूर्ण तंत्र और बचतों को बढ़ावा देती है। विभिन्न योजनाओं के तहत चल रही गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिये सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग किया जाता है। आरजीआरएचसीएल की योजनाओं के माध्यम से किये समेकित प्रयासों से प्राप्त लाभ निम्नानुसार हैं :

- *ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत 28 लाख आवासों का निर्माण किया गया।*
- *कुछ अच्छे उपायों जैसे सही लाभार्थियों का चयन, लाभार्थियों का शीघ्र अनुमोदन, एक माह के अंदर आवास का निर्माण कार्य शुरू करना, और आधार नम्बर लेकर लाभार्थियों को पुनः लाभ लेने से रोकना, को लागू किया गया है।*
- *लाभार्थियों को बल्क मैसेज के माध्यम से आवासीय योजनाओं के कार्यान्वयन के विषय में सूचित किया जाता है जो कि योजना में पारदर्शिता को दर्शाती है।*
- *लोगों/लाभार्थियों को उनके दरवाजे पर सेवाएं उपलब्ध कराके आवास योजनाओं का उचित और प्रभावी ढंग से कार्यान्वयन किया जा रहा है।*
- *कंपनी द्वारा ली गईं अनेक पहलों के कारण तीसरे पक्ष की हस्तक्षेप पूर्णतया समाप्त हो गई है।*

यथा 31 दिसम्बर, 2016 तक राज्य में पीएमएवाई–यू के तहत प्रगति [30]

- *कार्यक्रम में शामिल करने के लिए राज्य में 271 शहरों का चयन किया गया।*
- *271 शहरों में ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिये 1,14,455 आवासों का निर्माण करने के लिए 508 परियोजनाओं को मिशन के तहत स्वीकृति दी गई।*
- *1,14,455 आवासों का निर्माण पूरा होने के लिये केन्द्रीय सहायता के रूप में 2009 करोड़ रु. का अनुमान लगाया गया। इसमें से, केन्द्रीय सहायता के रूप में 587 करोड़ रु. अनुमोदित परियोजनाओं के लिये राज्य सरकार को जारी किये गये।*

[30] *एमएचयूपीए प्रगति रिपोर्ट*

- *1,14,455 आवासों में से, 18,413 आवास नए निर्माण हेतु गिराये गये और 8,756 आवासों का निर्माण पूरा हो गया।*

बॉक्स 2.8. मध्य प्रदेश

राज्य सरकार की आवास योजना निम्नलिखित का समावेश है :

- *मध्य प्रदेश विजन दस्तावेज –2018 में मध्य प्रदेश में शहरी क्षेत्रों 5 लाख वहनीय आवास इकाईयां निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।*
- *पीपीपी के तहत निजी क्षेत्र के सहयोग से 2.5 लाख इकाईयों का निर्माण करना।*
- *केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजना के तहत 1.5 लाख इकाईयों का निर्माण करना।*
- *राज्य द्वारा प्रायोजित योजना के तहत 1 लाख इकाईयों का निर्माण करना।*

राज्य सरकार ने अपने लोगों के लिए अनेक कार्यक्रमों की घोषणा की है :

- ***अटल आश्रय योजना :*** *यह कार्यक्रम ईडब्ल्यएस और एलआईजी श्रेणियों के लिये है। इस योजना के तहत सरकारी भूमि परियोजनाओं के लिये बहुत ही कम मूल्य पर उपलब्ध कराई जाती है।*
- ***स्लमों के स्व–स्थानें पर पुनर्विकास के लिये पीपीपी योजना :*** *राज्य सरकार ने स्लम स्थलों पर ईडब्ल्यएस और एलआईजी श्रेणियों के लिये आवास निर्माण के लिये पीपीपी मॉडल का प्रयोग करने का प्रस्ताव किया है।*
- ***ग्रीनफील्ड किफायती आवास परियोजनाओं के लिये पीपीपी योजना– 2014 :*** *इस योजना के तहत सरकार पूर्णतया निर्मित ईडब्ल्यएस और एलआईजी आवासों के बदले भूमि उपलब्ध कराती है।*
- ***ड्राफ्ट किफायती आवास नीति–2015 :*** *यह राज्य सरकार की एक प्रमुख नीति है जिसके द्वारा राज्य सरकार ''2022 तक सबके लिये आवास'' कार्यक्रम के तहत भारत सरकार के अनुरूप अपनी ओर से पहलों का प्रस्ताव करती है।*
- ***भूमि पूलिंग के लिए ड्राफ्ट नियमावली– 2015 :*** *नियमों के इस सेट में, राज्य सरकार ने आवास और बुनियादी परियोजनाओं के लिये भूमि पूलिंग करने हेतु टेक्नो–लीगल ढांचा तैयार किया है।*

यथा 31 दिसम्बर, 2016 तक राज्य में पीएमएवाई–शहरी के तहत प्रगति [31]

- *कार्यक्रम में शामिल करने के लिए राज्य में 165 शहरों का चयन किया गया।*
- *60 शहरों में ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिये 1,08,729 आवासों का निर्माण करने के लिए 90 परियोजनाओं को मिशन के तहत स्वीकृति दी गई।*
- *1,08,729 आवासों का निर्माण पूरा होने के लिये केन्द्रीय सहायता के रूप में 1,729 करोड़ रु. का अनुमान लगाया गया। इसमें से, केन्द्रीय सहायता के रूप में 527 करोड़ रु. अनुमोदित परियोजनाओं के लिये राज्य सरकार को जारी किये गये।*
- *1,08,729 आवासों में से, 34,593 आवास नए निर्माण हेतु गिराये गये और 1,296 आवासों का निर्माण पूरा हो गया।*

[31] *एमएचयूपीए प्रगति रिपोर्ट*

बॉक्स 2.9 : उत्तर प्रदेश

राज्य सरकार ने दिनांक 9 अगस्त, 2016 को एक परिपत्र जारी करके घोषणा की कि उसके सभी आवास कार्यक्रमों को भारत सरकारी की पीएमएवाई योजना के अनुरूप बनाया जाएगा। कार्यक्रम के तहत ईडब्ल्यूएस और एलआईजी श्रेणियों को सहायता दी जाएगी। भारत सरकार अपेक्षित निधियों के 60 प्रतिशत तक वित्तीय सहायता प्रदान करेगी जबकि शेष अपेक्षित राशि की व्यवस्था राज्य सरकार द्वारा की जाएगी। राज्य सरकार ने सूचित किया कि नगर निगमों/नगरपालिका क्षेत्रों में परियोजनाओं के लिये राज्य शहरी विकास प्राधिकरण को नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करना चाहिए और उसे विभिन्न सरकारी विभागों और समितियों से सम्पर्क करके अपेक्षित जरूरतों को पूरा करना होगा। अन्य क्षेत्रों के लिये, ''आवास बंधु'' को समन्वय करना चाहिए। आवास एवं शहरी योजना विभाग के अधीन आवास बंधु एक शीर्ष संस्थान है जो आवास क्षेत्र में कार्य निष्पादकता को देखता है तथा अधीनस्थ विभागों/एजेंसियों यथा टाउन एंड कंट्री योजना विभाग, विकास प्राधिकरणों तथा उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास बोर्ड के कार्यकलापों में समन्वय करता है।

यथा 31 दिसम्बर, 2016 तक राज्य में पीएमएवाई–शहरी के तहत प्रगति [32]

- *कार्यक्रम में शामिल करने के लिए राज्य में 628 शहरों का चयन किया गया।*
- *48 शहरों में ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिये 19,695 आवासों का निर्माण करने के लिए 53 परियोजनाओं को मिशन के तहत स्वीकृति दी गई।*
- *19,695 आवासों का निर्माण पूरा होने के लिये केन्द्रीय सहायता के रूप में 449 करोड़ रु. का अनुमान लगाया गया। इसमें से, केन्द्रीय सहायता के रूप में 128 करोड़ रु. अनुमोदित परियोजनाओं के लिये राज्य सरकार को जारी किये गये।*
- *19,695 आवासों में से, 787 आवास नए निर्माण हेतु गिराये गये और 2,934 आवासों का निर्माण पूरा हो गया।*

2.3 वित्तीय सुधार

देश में वित्तीय सुधारों की दृष्टि से अनेक बदलाव देखे गये हैं जिनका प्रभाव आवास और आवास वित्त पर प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से पड़ा। इनमें से कुछेक की घोषणा केन्द्रीय बजट में की गई जबकि अन्य की घोषणा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा की गई।

2.3.1 केन्द्रीय बजट 2016

वर्ष 2016 के केन्द्रीय बजट में, माननीय वित्त मंत्री ने आवास और आवास वित्त क्षेत्र में अनेक बदलावों को प्रस्तावित किया। उनका उल्लेख किया गया है :

- आवास ऋण पर ब्याज भुगतान पर कर कटौती के लिये राशि 2,00,000 रु. से बढ़ा कर 2,50,000 रु. कर दी गई जिससे पहली बार मकान क्रेताओं को प्रोत्साहन मिले। यह अतिरिक्त कर राहत उनके लिये भी उपलब्ध होगी जो 50 लाख रु. मूल्य तक का मकान खरीदते हैं और 35 लाख रु. से अधिक ऋण नहीं लेते हैं।

- सम्पदा निवेश न्यास (आरईआईटी) को सम्पदा सेक्टर में निवेश लाने के उद्देश्य से सक्रिय किया गया। आरईआईटी को उच्च फुटकर मात्रा में सम्पदा क्षेत्र में छोटे निवेशों को सुव्यवस्थित करने के लिये बनाया

[32] *एमएचयूपीए प्रगति रिपोर्ट*

गया है। आरईआईटी में निवेश, वस्तुतः सम्पदा में निवेश के रूप में समान लाभ देती है, इसके अतिरिक्त सुरक्षा, तरलता और निधियों के अधिक नियोजित प्रयोग को सुनिश्चित करती है। आरईआईटी को अपने निवेशकों को लाभांश का भुगतान करते समय, 17 प्रतिशत लाभांश संवितरण पर कर देने से छूट दी गई है। यह एक बड़ा कदम है और इससे विकासकों और निधि प्रबंधकों निधियां जुटाने में मदद मिलेगी।

- वे विकासक जो राज्य और केन्द्र की आवास योजनाओं के तहत किफायती आवास इकाइयों का निर्माण करते हैं, उन्हें लाभ पर कर अदायगी में 100 प्रतिशत छूट है। अपार्टमेंटों का आकार चार मुख्य मैट्रो शहरों में 30 वर्ग मीटर और अन्य शहरों में 60 वर्ग मीटर से अधिक नहीं होना चाहिए। इन फ्लैटों को जून 2016 से मार्च 2019 तक मंजूरी प्रदान की जाएगी और मंजूरी मिलने से तीन वर्ष में पूरे हो जाने चाहिए।

- किराया आवास को बढ़ावा देने के लिये धारा 80 जीजी में एक संशोधन किया गया जिसके अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा जो आवास किराया भत्ता नहीं पा रहा है तथा स्व–नियोजित सहित, द्वारा व्यय की गई राशि के बारे में कटौती की सीमा, को 24,000 रु. प्रति वर्ष से बढ़ाकर 60,000 रु. प्रति वर्ष कर दिया गया।

- केन्द्र या राज्य सरकार, पीपीपी योजनाओं सहित, की किसी भी योजना के तहत 60 वर्ग मीटर तक वहनीय आवासों के निर्माण पर सेवा कर से छूट होगी।

- अब तक स्व–कब्जाधीन सम्पत्ति पर कर दाताओं को 2,00,000 रु. तक कटौती मिलती है, जब वे निर्माण पूरा कर लेते हैं या कर देय वर्ष के अंत से तीन वर्ष के अंदर सम्पत्ति का कब्जा ले लेते हैं, और जब वे निधियां प्राप्त करते हैं। इस अंतराल अवधि को बढ़ाकर पांच वर्ष कर दिया गया है।

- राष्ट्रीय भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम के तहत समेकित भूमि सूचना प्रबंधन प्रणाली का निर्माण करना, डिजिटल इंडिया इनीशिएटिव के अन्तर्गत केन्द्रीय सेक्टर की योजना 01 अप्रैल, 2016 से लागू है।

2.3.2 भारतीय रिजर्व बैंक की नीतियां

प्राथमिकता क्षेत्र ऋण

भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने परिपत्र ''मास्टर निर्देश – प्राथमिकता क्षेत्र को ऋण – लक्ष्य और वर्गीकरण'' दिनांक 7 जुलाई, 2016 में प्राथमिकता सेक्टर वर्ग में आवास तथा आवास वित्त को बढ़ावा देने के लिये अनेक उपायों का उल्लेख किया। नीचे दिये गये मानदंडों का प्रयोग प्राथमिकता क्षेत्र के लिए बैंकों द्वारा निवेशित निधियों के वर्गीकरण करने के लिये किया जाएगा और बैंकों को प्राथमिकता क्षेत्र में अपने लक्ष्यों को ज्ञात करने में मदद मिलेगी।

- महानगर के केन्द्रों (जहां की जनसंख्या 10 लाख या अधिक है) में व्यक्तियों को ऋण 28 लाख रु. तक और अन्य केन्द्रों में 20 लाख रु.। महानगरों तथा अन्य केन्द्रों में आवास का मूल्य क्रमशः 35 लाख रु. और 25 लाख रु. से अधिक नहीं होना चाहिए।

- महानगरीय केन्द्रों में आवास की मरम्मत के लिये 5 लाख रु. और अन्य केन्द्रों में 2 लाख रु. तक ऋण का प्रावधान है।

- बैंकों द्वारा किसी सरकारी एजेंसी को आवासों के निर्माण या स्लम की सफाई और स्लम निवासियों के पुनर्वास के लिये ऋण 10 लाख रु. प्रति इकाई तक दिया जा सकता है।

- ईडब्ल्यूएस और एलआईजी वर्गों के लिये ही आवासों के निर्माण हेतु ऋण की सीमा 10 लाख रु. प्रति इकाई के अनुसार कुल ऋण दिया जाएगा।

- आवास वित्त कंपनियों को ऋण जिसे फुटकर ग्राहकों को अपना मकान खरीदने/निर्माण कराने/पुनर्निर्माण कराने या स्लम निवासियों के पुनर्वास और स्लम सफाई के लिये दिया जाता है, 10 लाख रु. प्रति उधारकर्ता तक के अनुसार हो सकता है।

- आवास वित्त कंपनियों को प्राथमिकता सेक्टर के ऋण की सीमा प्रत्येक बैंक के कुल प्राथमिकता सेक्टर अग्रिमों के 5 प्रतिशत तक होगी।

- राष्ट्रीय आवास बैंक में जमा राशि।

प्राथमिकता सेक्टर को ऋण के तहत आवास को शामिल करना एक महत्वपूर्ण घटक है जिससे आवास विकास और आवास वित्त को सीधे लाभ पहुंच रहा है।

2.4 विधिक सुधार

वित्तीय सुधारों के साथ साथ, भारत सरकार ने भारत में आवास और आवास वित्त के कार्यक्रम को सहायता देने के लिये अनेक विधिक सुधार किये हैं। विधिक संशोधनों की मुख्यता जरूरत भूमि को विवाद से छुड़ाने, निर्माण संबंधी विनियमों और सांविधिक संस्वीकृति देने में होती है। इस खंड में सरकार द्वारा किये गये विधिक सुधार कार्रवाई की समीक्षा की गई है।

2.4.1 भू सम्पदा (विनियमावली और विकास) अधिनियम, 2016

भू सम्पदा (विनियमावली और विकास) अधिनियम, 2016 को प्रख्यापित करना भू सम्पदा सेक्टर से संबंधित विधिक इकोसिस्टम संशोधित करना एक अत्यधिक महत्वपूर्ण पहल है। समग्र भू सम्पदा इकोसिस्टम के लिये इस अधिनियम का महत्व और प्रभाव अत्यधिक है। जिसे खंड 2.5 में अलग से दिया गया है।

2.4.2 भूमि अधिग्रहण पुनर्वास और पुनर्स्थापन (संशोधन) अध्यादेश, 2015 (एलएएआर) में उचित मुआवजे और पारदर्शिता का अधिकार

यह अध्यादेश इसी नाम के अधिनियम 2013 में संशोधन था और वह सार्वजनिक प्रयोग के लिये अधिग्रहण को विनियमित करता है। वहनीय आवास की कुछ परियोजनाओं को इस अध्यादेश के कुछ प्रावधानों से छूट प्राप्त है। निम्नलिखित प्रावधान वहनीय आवास परियोजनाओं पर लागू नहीं होंगे –

- जब प्राइवेट परियोजना के लिये भूमि अधिग्रहीत की जाएगी तो 80 प्रतिशत भू स्वामियों की सहमति अपेक्षित नहीं होगी और जब सार्वजनिक–निजी भागीदारी परियोजना के लिये भूमि अधिग्रहीत की जाएगी तो 70 प्रतिशत भू स्वामियों की सहमति अपेक्षित नहीं होगी।
- सामाजिक प्रभाव का मूल्यांकन करना, और
- कृषि और बहु फसली भूमि अधिग्रहण की सीमा।

2.4.3 डिजीटल भारत भू अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी) और ई–स्टैम्प/ई–पंजीकरण

इस कार्यक्रम की रूपरेखा ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा भूमि अभिलेख के प्रबंधन को आधुनिक करने, भूमि/सम्पत्ति विवादों को न्यूनतम करने, भूमि अभिलेख रखरखाब प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ाने और अचल सम्पत्ति के स्वामित्व हस्तांतरण को सरल बनाने के लिए वर्ष 2008–09 में तैयार की गई थी। कार्यक्रम के मुख्य घटकों में सभी भू अभिलेखों यथा हस्तांतरण, नक्शों डिजीटलाइज करना, लिखित विशेष आंकड़ों का समेकन, सभी सर्वेक्षणों का पुनः सर्वेक्षण और उन्हें अद्यतन करना तथा निपटान अभिलेख व मूल भूनक्शा अभिलेख बनाना जहां अपेक्षित हो, शामिल है। एक दूसरा महत्वपूर्ण घटक पंजीकरण को कंप्यूटरीकृत करना और भू अभिलेख अनुरक्षण सिस्टम के साथ समेकन करना है।

इसी के साथ ही फिजीकल स्टाम्प पेपर को समाप्त करना, स्टाम्प डयूटी और पंजीकरण शुल्क का इलैक्ट्रॉनिक भुगतान करना शामिल है। ई–स्टाम्पिंग का काम कई राज्यों यथा दिल्ली, हरियाणा, गुजरात, कर्नाटक, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, असम तथा कुछ अन्य स्थानों पर शुरू हो चुका है।

2.4.4 शहरी क्षेत्रों के लिये भूमि पूलिंग प्रणाली

दिल्ली, पंजाब और हरियाणा सहित अनेक राज्यों में भिन्न भिन्न प्रकार की भूमि पूलिंग प्रणाली अपनाई गई है। शहरी क्षेत्रों में आवास विकास पर इन योजनाओं का सीधा प्रभाव पड़ता है। दिल्ली के लिये दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित भू पूलिंग नीति इस सिद्धान्त पर आधारित है जिसमें कोई भू स्वामी या भू स्वामियों का वर्ग भूमि पूलिंग एजेंसी को अपने भू स्वामित्व के अधिकार का हस्तांतरण कर देता है जो बाद में उस भूमि के कुछ भाग को विकास के लिये भू स्वामियों को स्वामित्व वापस दे देती है, इस प्रकार भू स्वामियों को विकास प्रक्रिया में भागीदार होने का विकल्प मिल जाता है।

2.5 भू सम्पदा (विनियम एवं विकास) अधिनियम, 2016 और प्रभावित क्षेत्र[33]

2.5.1 पिछले कुछ वर्षों से जमीन की बढ़ती मांग के कारण भू संपदा सेक्टर की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो गई है क्योंकि उससे भारत के उपयोगी बुनियादी ढांचे का समग्र विकास होता है। विगत अनेक वर्षों के दौरान, परियोजनाओं के पूरा होने और विकासकों द्वारा कब्जा देने में देरी की बहुत घटनाएं हुई हैं। ग्राहकों से विकासकों द्वारा सहमत्य शर्तों के उल्लंघन के मामले बढ़ते रहे है जो भारी असंतोष को दर्शाता है। भू संपदा विकासकों द्वारा निधियों के गलत प्रयोग करके धोखाधड़ी करने, कानूनी प्रावधानों के उल्लंघन के भी अनेक मामले सार्वजनिक रूप से सामने आए हैं। अतः भू संपदा सेक्टर के औपचारिक विनियमन की मांग बढ़ी है जो रोक लगाने का काम ही नहीं बल्कि सुधार भी करेगी। इस पृष्ठभूमि में भू सम्पदा (विनियम एवं विकास) अधिनियम, 2016 को मार्च 2016 में प्रख्यापित किया गया। इस अधिनियम से निम्नलिखित उद्देश्य पूरा होने की संभावना है –

- क्रेताओं के प्रति भवन निर्माताओं की जबावदारी सुनिश्चित हो और क्रेताओं के हितों की रक्षा हो।
- निर्माण कार्य में पारदर्शिता, ईमानदारी हो, घोखाधड़ी कम हो और देरी न हो।
- पूरे देश में भू संपदा में व्यावसायिकता और मानकीकरण शुरू हो।
- भवन निर्माताओं और क्रेताओं के बीच सूचना तंत्र स्थापित हो।
- भवन निर्माताओं और क्रेताओं दोनों पर उत्तरदायित्व हो।
- अनुबंधों को लागू करने के लिये विनियामक तंत्र स्थापित हो।

[33] *भू संपदा (विनियम एवं विकास) अधिनियम, 2016– आमतौर से पूछे जाने वाले प्रश्न, एमएचयूपीए 2016*

- विवादों के निपटारे के लिये एक फास्ट–ट्रैक तंत्र स्थापित हो।
- भू संपदा सेक्टर में बेहतर अभिशासन हो जिससे निवेशकों का विश्वास बढ़ेगा।

2.5.2 एमएचयूपीए ने अधिनियम की कुछ विशेष धाराओं को 1 मई, 2016 से लागू करने के लिये अधिसूचित किया ताकि नियम बनाने और विनियामक प्राधिकरण तथा अपीलीय न्यायाधिकरण की स्थापना में सुविधा हो। सभी राज्य सरकारों को इस अधिनियम के तहत नियम बनाना और विनियामक प्राधिकरण तथा अपीलीय न्यायाधिकरण की स्थापना करना अपेक्षित है ताकि राज्य अपने क्षेत्र में भू संपदा सेक्टर को विनियमित और विकसित कर सकें।

2.5.3 अधिनियम की कुछ मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं :

- अधिनियम के तहत आवासीय और वाणिज्यिक दोनों परियोजनाएं आती हैं।
- अधिनियम के दायरे में चल रही/ अधूरी और भावी परियोजनाएं आती हैं। अधिनियम में प्रावधान है कि ''सभी चल रही परियोजनाएं जिन्होंने अभी कम्लीशन प्रमाणपत्र नहीं लिया है, उन्हें विनियमन प्राधिकरण के यहां इसके लागू होने से 3 माह के अंदर पंजीकृत कराना होगा।''
- अधिनियम में प्रावधान है कि शब्द ''विज्ञापन'' में बिक्री के लिए अपनाया गया कोई भी माध्यम यथा प्रास्पेक्टस के द्वारा, ईमेल और एसएमएस भेजकर या किसी अन्य प्रकार से, शामिल है। विकासक विज्ञापनों में दिये विवरण के लिये उत्तरदायी होता है और किसी गलत जानकारी के कारण यदि क्रेता को हानि होती है तो विकासक द्वारा उसकी पूर्ति की जाएगी।
- अधिनियम में प्रयुक्त शब्द 'विकासक' में निजी और सार्वजनिक भूसंपदा विकासक दोनों ही शामिल हैं। अतएव, सभी विकासक, निजी भवन निर्माता, विकास प्राधिकरण और आवास बोर्ड सहित, जब परियोजना के विकास और बिक्री से संबंधित हों तो वे इस अधिनियम के तहत आएंगे।
- अधिनियम में प्रावधान है कि ''विकासक'' और ''आबंटिती'' के बीच निष्पादित करार में कोई चूक होती है तो दोनों में से किसी के भी द्वारा देय ब्याज दर समान होगी।
- विकासक संस्वीकृत प्लान या परियोजना के विनिर्देशों में सक्षम प्राधिकारियों और आबंटितियों को सूचित करके संशोधित कर सकते हैं।
- विकासक परियोजना के बारे में विज्ञापन विनियामक प्राधिकरण द्वारा पंजीकरण होने, संबंधित सभी औपचारिकताओं को पूरा करने, अपेक्षित शुल्क का भुगतान करने और यथा अपेक्षित सभी संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने के बाद ही जारी कर सकता है।
- विकासक को प्रत्येक परियोजना का अलग खाता बनाना होगा और आबंटितियों से प्राप्त राशि का 75 प्रतिशत अंश इस खाते में निर्माण कार्य और भूमि लागत के लिये जमा करना होगा। यह ''निलम्ब'' खाता नहीं होगा और विकासक इस खाते से परियोजना के पूरा होने के प्रतिशत के अनुपात में ही राशि आहरित कर सकता है।

2.5.4 अनेक राज्य सरकारों ने इस अधिनियम के तहत काम शुरू कर दिया है। अभी तक किये गये कुछ कार्य निम्नानुसार हैं–

- उत्तर प्रदेश सरकार, गुजरात सरकार और मध्य प्रदेश सरकार ने भू सम्पदा (विनियम एवं विकास) अधिनियम, 2016 के तहत अधीनस्थ नियमों को अधिसूचित कर दिया है।

- महाराष्ट्र सरकार और कर्नाटक सरकार ने उक्त अधिनियम के तहत अधीनस्थ नियमों का प्रारूप तैयार कर लिया और उस पर पणधारकों की टिप्पणियां/सुझाव आमंत्रित किये हैं।

- केन्द्र शासित प्रदेश पुडुचेरी ने प्रारूप नियम अक्तूबर, 2016 में प्रकाशित करके जनता और पणधारकों से टिप्पणियां/सुझाव आमंत्रित किये हैं।

- केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के सचिव (आवास), चंडीगढ़ प्रशासन ने अंतरिम विनियामक के रूप में अधिसूचित किया है। चंडीगढ़ के केन्द्रशासित प्रदेश के वैट न्यायाधिकरण को अंतरिम अपीलीय प्राधिकरण के रूप में अधिसूचित किया है।

- केन्द्र शासित प्रदेश दादर और नगर हवेली ने, अपना छोटा प्रशासन होने के कारण, स्वयं को भूसंपदा विनियामक प्राधिकरण और अपीलीय न्यायाधिकरण, महाराष्ट्र राज्य के साथ संलग्न कर लिया है।

- केन्द्र शासित प्रदेश अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह ने प्रधान सचिव (यूडी), अंडमान और निकोबार प्रशासन को अंतरिम विनियामक प्राधिकरण और अंतरिम अपीलीय न्यायाधिकरण प्रस्तावित किया है।

अध्याय 3: प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों द्वारा आवास वित्त कारोबार

राष्ट्रीय आवास बैंक ने अपनी संवर्धनात्मक एवं विनियामक भूमिकाओं के तहत नीति एवं विनियामक फ्रेमवर्क पर अपने इनपुट के माध्यम से पिछले कुछ वर्षों में बाजार उन्मुख आवास वित्त पद्धति को विकसित किया है। प्राथमिक ऋणदाता संस्थान (आवास वित्त कंपनियां, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक, सहकारी संस्थान) बाजार में सक्रियता से संलग्न है तथा उस कारण आवास ऋण की वृद्धि में बड़ा योगदान दिया है। यथा मार्च 2016 को देश में सभी प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों द्वारा निर्मित आवास ऋण बही 10,63,000 करोड़ रुपये था। पिछली प्रवृत्तियों के आधार पर, अगले पांच वर्षों में देश में आवास वित्त बाजार में औसत 15 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि का अनुमान है। आवास वित्त कंपनियां आवास वित्त बाजार में अपने अंश (शेयर) को तेजी से बढ़ा रही है।

3.1 आवास वित्त में प्राथमिक ऋणदाता संस्थान

3.1.1 प्राथमिक ऋणदाता संस्थान जिसमें आवास वित्त कंपनिया एवं अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक शामिल हैं, ने पिछले कुछ वर्षों में आवास वित्त हेतु ऋण उधार देने के लिए अपनी पहुंच स्थापित की है। पिछले तीन दशकों में आवास वित्त के विकास में प्राथमिक ऋणदाता संस्थान बाजार में सक्रियता से शामिल हुए हैं तथा उस कारण आवास ऋण की वृद्धि में बड़ा योगदान दिया है। यद्यपि आ.वि.कं के लिए आवास वित्त उनकी प्राथमिक कारोबारी गतिविधि है, अलग आवास वित्त शीर्षों का निर्माण तथा अपने व्यापक ब्रांच नेटवर्क को लीवरेज करके बड़ी संख्या में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का भी फोकस आवास वित्त है। बाजार में विविधता तथा मामलों की जटिल प्रकृति के कारण बाज़ार को विकसित होने में थोड़ा समय लगता है। आज से, आवास वित्त अनेकों कंपनियों के लिए एक सफल कारोबारी मॉडल बनने के लिए विकसित हुआ है तथा आवास पारिस्थितिकी तंत्र के मुख्य पहलू के रूप में उभरा है।

3.1.2 वर्ष 1988 में रा.आ.बैंक की स्थापना देश में आवास वित्त कंपनियों को विनियमित एवं नियंत्रित करने के लिए एक शीर्ष संस्थान बनने के लिए हुई थी। रा.आ.बैंक की प्रस्तावना इस प्रकार है ''स्थानीय एवं क्षेत्रीय दोनों स्तरों पर आवास वित्त संस्थान को प्रोत्साहित करने के लिए एक मुख्य एजेंसी के रूप में संचालन करने तथा ऐसे संस्थानों को वित्तीय एवं अन्य सहायता प्रदान करने एवं उनसे संबंधित या उनसे अतिरिक्त मामलों के लिए''। पिछले कुछ वर्षों में इसके नवोन्मेषी उपायों, सक्रिय दिशा–निर्देश एवं उपयुक्त नियामक हस्तक्षेप के माध्यम से रा.आ.बैंक ने देश में आवास वित्त बाजार को विस्तार एवं मजबूती प्रदान करने में काफी सहायता की है। रा.आ.बैंक ने 82 विशेष आवास वित्त संस्थानों को पंजीकरण प्रदान किया है। इस क्षेत्र में रा.आ.बैंक की सक्रिय भागीदारी ने भारत में नए वित्त पारिस्थितिकी तंत्र की रचना की है जिसमें आवास वित्त को सभी मुख्य प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों के लिए एक महत्वपूर्ण खुदरा उधार उत्पाद के रूप में देखा जाने लगा है।

3.1.3 अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक हमेशा से अपने ग्राहकों को आवास ऋण प्रस्तुत करते रहे हैं लेकिन यह वर्ष 1990 के अंत तक और 2000 से पहले नहीं था, जब उन्होंने अनुकूल तरीके से इस उद्योग में प्रवेश किया। आवास वित्त प्रस्तुत करने वाली इकाईयों की संख्या तेजी से बढ़ने के कारण बाजार में उत्साह बढ़ा। इस कारण विशेषकर देश के स्तर 2 एवं 3 शहरों के मौजूदा बाजारों की मजबूती में एवं नए बाजारों में विस्तार को सहायता मिली। वर्ष 1990 के अंत तथा 2000 की शुरूआती अवधि में, देश में बेहतर आर्थिक वृद्धि भी दिखाई दी जिसने आवास उद्योग तथा बदले में आवास वित्त क्षेत्र की वृद्धि को तेजी मिली। अर्थव्यवस्था की इस वृद्धि तथा इसके तहत निजी बिल्डरों के

माध्यम से आवास स्टॉक की वृद्धि शहरी केन्द्रों में सक्रिय हो रही है जिसने देश में आवास वित्त उद्योग की समग्र वृद्धि को प्रेरित किया है। पिछले कुछ वर्षों में, भारत सरकार की नीतियों की सहायता से तथा भारतीय रिज़र्व बैंक एवं राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा विनियामक पर्यवेक्षण, दिशा–निर्देश एवं हस्तक्षेप से अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों एवं आवास वित्त कंपनियों दोनों के आवास ऋण पोर्टफोलियो काफी विकसित हुए है। आरक्षित निधि अपेक्षाओं, क्रेडिट वृद्धि सीमा, चलनिधि अपेक्षाओं, एवं अन्य के साथ नीति दर के संबंध में भा.रि.बैंक की मौद्रिक नीति कार्यवाही का आवास वित्त क्रेडिट पर प्रत्यक्ष प्रभाव था। भा.रि.बैंक ने आवास वित्त के लिए विवेकपूर्ण मानदंड निर्धारित किए हैं तथा रा.आ.बैंक ने भी उसी अनुसार मानदंड निर्धारित किए हैं। ये मानदंड आस्ति वर्गीकरण, प्रावधानीकरण, जोखिम भार, पूंजी पर्याप्तता अपेक्षाएं तथा मूल्य अनुपात हेतु ऋण को कवर करते हैं। इन्होंने यह सुनिश्चित करने में सहायता की है कि बनाया जा रहा आवास वित्त पोर्टफोलियो उन प्रणालीगत जोखिम हेतु मजबूत एवं लचीला है जो किसी वैश्विक तथा/या स्थानीय विघटन के कारण अर्थव्यवस्था में उत्पन्न हो सकते है।

3.1.4 भा.रि.बैंक एवं रा.आ.बैंक द्वारा सक्रिय विनियमन की 25 वर्षों की इस पृष्ठभूमि में तथा देश द्वारा देखी गई काफी स्थिर आर्थिक वृद्धि ने बैंकों, आ.वि.कं. एवं सहकारी संस्थानों से मिलकर बनी संस्थागत वित्त प्रणाली ने काफी विस्तार किया है। पिछले कुछ वर्षों में बैंकों एवं आ.वि.कं. द्वारा निर्मित आवास ऋण पोर्टफोलियो की वृद्धि नीचे ग्राफ 3.1 में दर्शायी गई है। ग्राफ जीडीपी हेतु बकाया आवास ऋणों के बढ़ते योगदान को भी दर्शाता है।

ग्राफ 3.1: बैंकों एवं आ.वि.कं. के आवास ऋण बकाया



स्रोतः भा.रि.बैंक एवं रा.आ.बैंक

जीडीपी के प्रतिशत के रूप में बकाया आवास ऋण वर्ष 1996–97 में 1.8 प्रतिशत से वर्ष 2015–16 में 9.3 प्रतिशत तक बढ़ गया है। वर्ष 1996–97 में 3,00,000 करोड़ रुपये से कम से बकाया आवास ऋण वर्ष 2015–16 में 12,00,000 करोड़ रुपये से अधिक तक बढ़ गए है।

3.1.5 आवास बाजार के विकास की प्राथमिक अवस्था में, आ.वि.कं का अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की एक छोटे सी भूमिका के साथ संपूर्ण बाजार का काफी ज्यादा अंश था। यह बाजार की धीमी वृद्धि का भी एक महत्वपूर्ण कारक था, जिसका कारण उस समय आ.वि.कं के पास सीमित नेटवर्क एवं पहुंच था। वर्ष 2003–2004 से अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की बढ़ती भागीदारी से आवास वित्त बाजार अधिक तेज गति से बढ़ना शुरू हुआ एवं अगले कुछ वर्षों के लिए एक बड़ा बाजार अंश अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के अधिकार में था। हालांकि, धीरे–धीरे आ.वि.कं. ने

भी अपना संवितरण बढ़ाया जिससे बाजार अंश में पुनर्विभाजन आया। पिछले दो दशकों में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों एवं आ.वि.कं. के बीच आवास वित्त बाजार के विभाजन को नीचे ग्राफ 3.2 में दर्शाया गया है।

ग्राफ 3.2: बैंकों एवं आ.वि.कं. के बीच आवास ऋण बाजार अंश



स्रोत: भा.रि.बैंक एवं रा.आ.बैंक

3.1.6 कुल बकाया खाद्येतर ऋण के प्रतिशत के तौर पर अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) और आवास वित्त कंपनी (आ.वि.कं.) के बकाया आवास ऋण का कुल शेयर पिछले कुछ वर्षों में निरंतर बढ़कर वर्ष 2015–16 में 17.4 प्रतिशत हो गयी है। ग्राफ 3.3 कुल बकाया खाद्येतर ऋण में बकाया आवास ऋण की वृद्धि को दर्शाता है।

ग्राफ 3.3 : कुल खाद्येतर पोर्टफोलियो हेतु अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) और आवास वित्त कंपनी (आ.वि.कं.) का आवास पोर्टफोलियो



स्रोत: भा.रि.बैंक एवं रा.आ.बैंक

3.1.7 बैंकों एवं आ.वि.कंपनियों ने पिछले दो दशकों में पोर्टफोलियो की स्थिर वृद्धि दर्शायी है। बैंकों एवं आ.वि.कंपनियों के वर्ष दर वर्ष आवास ऋण पोर्टफोलियो को नीचे ग्राफ 3.4 में दर्शाया गया है।

ग्राफ 3.4 – बैंकों और आ.वि.कंपनियों के बकाया आवास ऋणों में प्रवृत्ति

(लाख करोड़ रूपये में)



स्रोतः भा.रि.बैंक एवं रा.आ.बैंक

3.1.8 बैंक और आवास वित्त कंपनियां उद्योग जगत के महत्वपूर्ण पक्ष है। सहकारी संस्थान, गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) और सूक्ष्म वित्त संस्थान (एमएफआई) वे अन्य पक्ष है जो बाजार में कार्य कर रहे हैं। यह क्षेत्र किफायती और स्थिरता के संबंध में बाजार–आधारित समाधान अपनाने के लिए विनियामकों और नीति निर्माताओं द्वारा सदैव प्रेरित होता रहा है। यह, एक सुदृढ़, प्रगतिशील और उत्तरदायी विनियामक पद्धति के साथ मिलकर इस बात को सुनिश्चित करता है कि सिस्टम संपूर्ण वित्तीय बाजार में स्थिर और अच्छी तरह से एकीकृत हो। केन्द्रीय और राज्य सरकारों के कानूनी एवं राजकोषीय सुधारों, और भारतीय रिज़र्व बैंक ने किफायती और निम्न आय आवास को बढ़ावा देने के लिए परिस्थिति को अधिक अनुकूल बनाया है। इससे बढ़े दृढ़ विश्वास से समग्र समष्टि अर्थव्यवस्था के साथ आवास क्षेत्र के अनुकलन में भी सहयोग मिला है और निवेशकों के व्यापक समूह से किफायती आवास के लिए अधिक निवेश प्रवाह को सहायता प्राप्त हुई है। हाल के वर्षों में अनेकों नई आ.वि.कंपनियों का संचालन किफायती आवास पर विशेष ध्यान के साथ इस तथ्य के लिए साक्ष्य है कि उद्योग जगत किफायती आवास प्राप्त करने के इच्छुक ग्राहक हेतु वित्तपोषण की चुनौती का जवाब देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। आज खुदरा आवास वित्त विभिन्न संस्थानों से प्रतिस्पर्धी शर्तों पर उपलब्ध है। यह क्षेत्र भारतीय प्रतिभूतिकरण परिसंपत्ति पुनर्निर्माण और प्रतिभूति स्वत्व की केन्द्रीय रजिस्ट्री (सरसाई), बंधक गारंटी उत्पाद, आवास ऋण प्राप्त करने के लिए बीमा कवर का व्यापक उपयोग के रूप में एक अटैनडेंट पारिस्थितिकी प्रणाली से जुड़ा हुआ है जो पोर्टफोलियो गुणवत्ता में सहायता करता है। वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्रचना एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (जिसे सरफेसी अधिनियम के नाम से भी जाना जाता है) भुगतान न करने वाले ग्राहकों से ऋणों की वसूली सुनिश्चित करने के लिए उधारदात्री संस्था हेतु उपयुक्त कानूनी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करता है।

3.1.9 पिछली प्रवृत्ति के आधार पर, अगले पांच वर्षों में देश में आवास वित्त बाजार के सालाना 15 फीसदी की औसत से बढ़ने की उम्मीद है। आने वाले वर्षों में आवास वित्त उद्योग की वृद्धि आपूर्ति एवं मांग, दोनों पक्षों में वृद्धि की एक क्रिया है। बैंक और आ.वि.कं. न केवल मांग पक्ष में बल्कि आपूर्ति पक्ष में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं। निम्न, मध्यम एवं उच्च–आय परिवारों में वैयक्तिकों को खुदरा ऋण प्रस्तुत करके मांग पक्ष को संबोधित किया जाता है। विकासकों को निर्माण–कार्य वित्त प्रस्तुत करके आपूर्ति पक्ष को संबोधित किया जाता है। जो विकासक रिहायशी परियोजनाओं का निर्माण करते हैं, उन्हें प्रायः अपनी परियोजनाओं को पूरा करने के लिए निधि की

आवश्यकता होती है। अनेकों बैंक एवं आ.वि.कं. विकासकों को अपनी परियोजनाओं को पूरा करने के लिए निर्माण–कार्य वित्त प्रस्तुत करते हैं, जो विकासकों की उनकी परियोजनाओं को पूरा करने तथा इकाईयों को बिक्री हेतु उपलब्ध कराने में सहायता करते हैं।

3.2 वैयक्तिक आवास ऋण पर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) की कार्य–निष्पादकता

3.2.1 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के मामले में, वर्ष 2015–16 में आवास ऋणों के लिए ऋण काफी हद तक बढ़ गया। पीएसबी से वैयक्तिक आवास ऋण के आंकड़ों को वार्षिक आधार पर पांच विभिन्न खंडों – 2 लाख रुपये तक, 2 लाख रुपये से 5 लाख रुपये तक, 5 लाख रुपये से 10 लाख रुपये तक, 10 लाख रुपये से 25 लाख रुपए तक और 25 लाख से ऊपर को तालिका 3.1 में दर्शाया गया है। यथा 31 मार्च, 2016 को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) का कुल वैयक्तिक आवास ऋण बकाया 520,722 करोड़ रुपए तथा यथा 31 दिसम्बर, 2016 को 565,241 करोड़ रुपए था। वर्ष 2015–16 के दौरान पीएसबी द्वारा वैयक्तिक आवास ऋण संवितरण 129,727 करोड़ रुपये था। यह पिछले वित्तीय वर्ष के संवितरण में 15 प्रतिशत की वृद्धि और कुल बकाया में 19 प्रतिशत की वृद्धि को बताता है। ज्यादातर वृद्धि 10 लाख रुपये से 25 लाख रुपए तक और 25 लाख से ऊपर के खंडों में देखी गई है।

तालिका 3.1 – सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के वैयक्तिक आवास ऋणों की कार्य–निष्पादकता

(करोड़ रुपये में)

आवास ऋण खंड (₹)	2014-15			2015-16				
	संवितरण	बकाया	एनपीए (%)	संवितरण	वृद्धि वर्ष दर वर्ष (%)	बकाया	वृद्धि वर्ष दर वर्ष (%)	एनपीए (%)
2 लाख तक	1,424	5,864	11.6	1,365	-4.0	5,854	-0.2	12.0
> 2 लाख से 5 लाख	3,807	31,041	3.0	3,581	-6.0	28,229	-9.0	3.4
> 5 लाख से 10 लाख	12,557	78,787	1.5	12,866	+2.0	81,875	+4.0	1.8
> 10 लाख से 25 लाख	40,939	171,954	1.0	49,341	+21.0	202,138	+18.0	1.2
> 25 लाख	53,636	153,315	0.7	62,574	+17.0	202,626	+32.0	1.2
कुल	**112,364**	**440,960**	**1.1**	**129,727**	**+15.0**	**520,722**	**+19.0**	**1.5**

स्रोतः सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के संकलन के आधार पर

ग्राफ 3.5 से पता चलता है कि सभी खंडों में उच्चतम आवास वित्त व्यापन के संबंध में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में महाराष्ट्र सबसे ऊपर है। आवास ऋण खंड व्यापन (10 लाख रुपये के खंड तक) में, महाराष्ट्र के बाद कर्नाटक, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश का स्थान है।

ग्राफ 3.5 – यथा 31–03–2016 को शीर्ष सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के वैयक्तिक आवास ऋण बकाया (खंड–वार)

सफेद (निम्न), पीला (मध्यम), हरा (उच्च)



सफेद (निम्न), पीला (मध्यम), हरा (उच्च)



सफेद (निम्न), पीला (मध्यम), हरा (उच्च)



सफेद (निम्न), पीला (मध्यम), हरा (उच्च)

स्रोतः सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के संकलन के आधार पर

ग्राफ 3.6 – सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) का खंड–वार बकाया वैयक्तिक आवास ऋण आंकड़े



स्रोतः सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के संकलन के आधार पर

3.3 आवास वित्त कंपनियां एवं उनका कारोबार

यथा 31 मार्च, 2016 को नीचे दिए गए ग्राफ 3.7 के 71 आवास वित्त कंपनियों को पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रदान किया गया था।

ग्राफ 3.7 : पंजीकृत आवास वित्त कंपनियों का वर्गीकरण



यथा 31 दिसम्बर, 2016 को आवास वित्त कंपनियों की संख्या 82 तक बढ़ गई है। इनमें से 64 आवास वित्त कंपनियों को बिना अनुमति के सार्वजनिक जमा स्वीकार करने का पंजीकरण प्रमाण पत्र दिया गया था।

3.3.1 आ.वि.क. की शाखाओं / कार्यालयों का नेटवर्क

आवास वित्त कंपनियों की शाखाओं / कार्यालयों में लगभग 19 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ यथा 31 मार्च, 2015 को 2,958 से यथा 31 मार्च, 2016 को 3,512 तक की वृद्धि हुई। ग्राफ 3.8 आ.वि.कं. का राज्य / केन्द्र शासित प्रदेश–वार शाखाओं / कार्यालयों का विवरण प्रस्तुत करता है।

ग्राफ 3.8 – विगत 2 वर्षों में पंजीकृत आ.वि.कं. की शाखाओं / कार्यालयों का राज्य / केन्द्र शासित प्रदेश–वार वितरण



3.3.2 आवास वित्त कंपनियों की वित्तीय रूपरेखा

राष्ट्रीय आवास बैंक के साथ पंजीकृत आवास वित्त कंपनियों का वित्त वर्ष 01 अप्रैल से 31 मार्च होता है और तदनुसार दिये गए आंकड़े 31 मार्च, 2016 के अनुसार हैं।

बॉक्स 3.1 – आवास वित्त कंपनियों का कार्य–निष्पादन

कार्य–निष्पादन आवास वित्त कंपनियों की कुछ मुख्य विशिष्टताएं इस प्रकार हैं–

- *आ.वि.कं. का कुल ऋण पोर्टफोलियो यथा 31 मार्च, 2015 के 5,62,315 करोड़ रुपये से बढ़कर यथा 31 मार्च, 2016 तक 6,81,118 करोड़ रुपये हो गया जिससे 21.13 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जिसमें से,*
  - *आवास ऋण यथा 31 मार्च, 2015 के 4,23,346 करोड़ रुपये से बढ़कर यथा 31 मार्च, 2016 तक 5,12,589 करोड़ रुपये हो गया जिससे 21.08 प्रतिशत की वृद्धि हुई, तथा*
  - *गैर–आवास ऋण यथा 31 मार्च, 2015 के 1,38,970 करोड़ रुपये से बढ़कर यथा 31 मार्च, 2016 तक 1,68,529 करोड़ रुपये हो गया जिससे 21.27 प्रतिशत की वृद्धि हुई।*
- *इसके अतिरिक्त ऋण पोर्टफोलियो यथा 31 दिसम्बर, 2016 को बढ़कर 7,66,009 करोड़ रुपये हो गया। जिसमें से,*
  - *आवास ऋण यथा 31 दिसम्बर, 2016 को बढ़कर 5,75,728 करोड़ रुपये हो गया तथा*
  - *गैर–आवास ऋण यथा 31 दिसम्बर, 2016 को बढ़कर 1,90,281 करोड़ रुपये हो गया।*

- *जहां कुल ऋणों और अग्रिमों के लिए आवास ऋण सीमांत रूप से यथा 31 मार्च, 2015 के 75.29 प्रतिशत से घटकर यथा 31 मार्च, 2016 तक 75.26 प्रतिशत हो गए वहीं कुल ऋणों और अग्रिमों के लिए गैर–आवास ऋण यथा 31 मार्च, 2015 को 24.71 प्रतिशत से थोड़ा सा बढ़कर यथा 31 मार्च, 2016 तक 24.74 प्रतिशत हो गए।*
- *यथा 31 मार्च, 2016 को जीएनपीए, जो पिछले वर्ष (यथा 31 मार्च, 2015 को 6,070 करोड़ रुपये) में लगभग 23 प्रतिशत की वृद्धि होकर 7,452 करोड़ रुपये हो गया था। यथा 31 दिसम्बर, 2016 को और बढ़कर 9,553 करोड़ रुपये हो गया। हालांकि, प्रतिशत के हिसाब से कुल ऋणों और अग्रिमों के लिए जीएनपीए सीमांत रूप से यथा 31 मार्च, 2015 के 1.08 प्रतिशत से बढ़कर यथा 31 मार्च, 2016 तक 1.09 प्रतिशत हो गया।*
- *यथा 31 मार्च, 2016 को एनएनपीए जो पिछले वर्ष (यथा 31 मार्च, 2015 को 2,638 करोड़ रुपये) में लगभग 34 प्रतिशत की वृद्धि होकर 3,537 करोड़ रुपये हो गया था। यथा 31 दिसम्बर, 2016 को एनएनपीए और बढ़कर 4,912 करोड़ रुपये हो गया। हालांकि, प्रतिशत के हिसाब से कुल ऋणों और अग्रिमों के लिए एनएनपीए सीमांत रूप से यथा 31 मार्च, 2015 के 0.47 प्रतिशत से बढ़कर यथा 31 मार्च, 2016 तक 0.52 प्रतिशत हो गया।*
- *आ.वि.कं. की कुल निवल स्वाधिकृत निधियों में 20.84 प्रतिशत की वृद्धि हुई, अर्थात यथा 31 मार्च, 2015 के 61,790 करोड़ रुपये से यथा 31 मार्च, 2016 को 74,665 करोड़ रुपये।*
- *यथा 31 मार्च, 2015 को 21.36 प्रतिशत की वृद्धि के साथ आ.वि.कं. की बकाया उधार राशियां (सार्वजनिक जमाओं सहित) 5,09,016 करोड़ रुपये से बढ़कर यथा 31 मार्च, 2016 तक 6,17,761 करोड़ रुपये हो गयी थी। यथा 31 दिसम्बर, 2016 को आ.वि.कं. की बकाया उधार राशियां (सार्वजनिक जमाओं सहित) और बढ़कर 7,13,823 करोड़ रुपये हो गयी।*
- *यथा 31 मार्च, 2015 को 16.55 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बकाया सार्वजनिक जमाएं 63,681 करोड़ रुपये से बढ़कर यथा 31 मार्च, 2016 को 74,222 करोड़ रुपये थी। यथा 31 दिसम्बर, 2016 को बकाया सार्वजनिक जमाएं और बढ़कर 83,456 करोड़ रुपये हो गई।*

तालिका 3.2 – आवास वित्त कंपनियों के मुख्य वित्तीय संकेतक

(करोड़ रुपये में)

विवरण	31-03-2014	31-03-2015	वृद्धि (%)	31-03-2016	वृद्धि (%)	31-12-2016
चुकता पूंजी	6,014	6,629	10.23	7,904	19.23	उपलब्ध नहीं
निर्बंध आरक्षित निधियां	55,179	62,994	14.16	74,673	18.54	उपलब्ध नहीं
निवल स्वाधिकृत निधियां	51,785	61,790	19.32	74,665	20.84	उपलब्ध नहीं
सार्वजनिक जमाएं	51,981	63,681	22.51	74,222	16.55	83,456
बकाया आवास ऋण	347,858	423,346	21.70	512,589	21.08	5,75,728
बकाया कुल ऋण	463,942	562,315	21.20	681,118	21.13	7,66,009
बकाया कुल ऋणों का जीएनपीए	1.18	1.08	0.10	1.09	0.01	1.24
बकाया कुल ऋणों का एनपीए	0.56	0.47	0.09	0.52	0.05	0.64

यथा 31 मार्च, 2016 को अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा प्रायोजित पांच आ.वि.कंपनियां थी एवं एक आ.वि. कंपनी को बहु–राज्य सहकारी बैंक द्वारा प्रायोजित किया गया:

- केनफिन होम्स लि. – केनरा बैंक द्वारा प्रायोजित
- सेंट बैंक होम फाइनेंस लि. – सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा प्रायोजित
- आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कं. लि. – आईसीआईसीआई बैंक लि. द्वारा प्रायोजित
- इंड बैंक हाउसिंग लि. – इंडियन बैंक द्वारा प्रायोजित
- पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लि. – पंजाब नेशनल बैंक द्वारा प्रायोजित
- रेपको होम फाइनेंस लि. – रेपको बैंक (बहु–राज्य सहकारी बैंक) द्वारा प्रायोजित

यथा 31 मार्च, 2015 एवं 31 मार्च, 2016 को 18 आवास वित्त कंपनियों को सार्वजनिक जमाएं स्वीकार करने की अनुमति के साथ पंजीकरण प्रमाण पत्र दिया गया था। 18 आ.वि.कंपनियों में से 6 को सार्वजनिक जमाएं स्वीकार करने से पहले रा.आ.बैंक से लिखित अनुमति लेना आवश्यक है। पिछले तीन वर्षों के आ.वि.कं. के मुख्य वित्तीय मापदंड, जिन्हें सार्वजनिक जमाएं स्वीकार करने एवं सार्वजनिक जमाएं स्वीकार न करने वाली आ.वि.कंपनियों के वर्गीकरण के आधार पर अलग–अलग कर तालिका 3.3 में दर्शाया गया है।

तालिका 3.3 : आ.वि.कं. की जमाएं स्वीकार करने की स्थिति के आधार पर आ.वि.कं. के मुख्य वित्तीय मापदंड

(करोड़ रुपये में)

विवरण	2013-14			2014-15			2015-16			यथा 31-12-2016		
	जमा स्वीकार करने वाली आ.वि.कं.	जमा स्वीकार न करने वाली आ.वि.कं.	कुल	जमा स्वीकार करने वाली आ.वि.कं.	जमा स्वीकार न करने वाली आ.वि.कं.	कुल	जमा स्वीकार करने वाली आ.वि.कं.	जमा स्वीकार न करने वाली आ.वि.कं.	कुल	जमा स्वीकार करने वाली आ.वि.कं.	जमा स्वीकार न करने वाली आ.वि.कं.	कुल
चुकता पूंजी	4,138	1,876	6,014	4,240	2,389	6,629	4,577	3,327	7,904	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
निर्बंध आरक्षित निधियां	48,239	6,940	55,179	54,358	8,636	62,994	60,894	13,779	74,673	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
निवल स्वाधिकृत निधि	43,772	8,013	51,785	51,091	10,699	61,790	57,916	16,749	74,665	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
सार्वजनिक जमाएं	51,981	--	51,981	63,681	--	63,681	74,222	--	74,222	83,456	--	83,456
बकाया आवास ऋण	311,111	36,747	347,858	370,191	53,155	423,346	432,666	80,323	512,589	472,507	103,221	575,728

3.3.3 आवास वित्त कंपनियों के संसाधनों की रूपरेखा

आवास विकास कंपनियों की चुकता पूंजी (वरीयता शेयर पूंजी सहित जो अनिवार्य तौर पर इक्विटी में परिवर्तित होती है) में यथा 31 मार्च, 2015 को 6,629 करोड़ रुपये से यथा 31 मार्च, 2016 को 7,904 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई यानी 19.23

प्रतिशत प्रति वर्ष की वृद्धि। हालांकि, आवास वित्त कंपनियों के निवल स्वाधिकृत निधियों में 20.84 प्रतिशत प्रति वर्ष की वृद्धि हुई थी यानी यथा 31 मार्च, 2015 को 61,790 करोड़ रुपये से यथा 31 मार्च, 2016 को 74,665 करोड़ रुपये।

3.3.3.1 आवास वित्त कंपनियाँ अपने स्वाधिकृत निधियों के अतिरिक्त मुख्य तौर पर बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों से ऋणों एवं डिबेंचरों पर आश्रित हैं। आवास वित्त कंपनियों के लिए बॉण्ड एवं डिबेंचर के माध्यम से उधार राशियां, अन्तर–सामूहिक जमाएं (आईसीडी), वाणिज्यिक पत्र, अधीनस्थ ऋण एवं सार्वजनिक जमाएं निधियों के अन्य स्रोत हैं। सार्वजनिक जमाओं को छोड़कर, आवास वित्त कंपनियों के बकाया उधार राशियों में 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई यानी यथा 31 मार्च, 2015 को 445,335 करोड़ रुपये से यथा 31 मार्च, 2016 को 543,538 करोड़ रुपये। बैंकिंग प्रणाली से ली गयी उधार राशियां यथा 31 मार्च, 2015 को 136,746 करोड़ रुपये के एवज में यथा 31 मार्च, 2016 को 166,744 करोड़ रुपये रहा। अन्य उधार राशियां यथा 31 मार्च, 2015 के 308,589 करोड़ रुपये से बढ़कर यथा 31 मार्च, 2016 को 376,794 करोड़ रुपये हुई जिसने 22 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। आवास वित्त कंपनियों के साथ कुल बकाया सार्वजनिक जमाओं में 17 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी यानी यथा 31 मार्च, 2015 को 63,681 करोड़ रुपये से यथा 31 मार्च, 2016 को 74,222 करोड़ रुपये।

3.3.3.2 यथा 31 मार्च, 2015 को आ.वि.कं. की कुल निवल स्वाधिकृत निधि 61,790 करोड़ रुपये थी जो यथा 31 मार्च, 2016 तक 74,665 करोड़ रुपये तक बढ़ गयी जिससे पिछले वर्ष से 20.84 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी। आ.वि. कं. के लिए सार्वजनिक जमाओं में 16.55 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो यथा 31 मार्च, 2015 को 63,681 करोड़ रुपये था वह यथा 31 मार्च, 2016 तक 74,222 करोड़ रुपये हो गया। आ.वि.कं. के बकाया संसाधन आंकड़ों पर प्रवृत्ति विश्लेषण से पता चलता है कि आ.वि. कंपनियों ने उधार एवं डिबेंचरों के अभिदान (सब्सक्रिप्शन) के माध्यम से बैंकों से लगभग 39 प्रतिशत संसाधन जुटाया; कुल संसाधनों का लगभग 28 प्रतिशत अन्यों द्वारा अभिदत्त डिबेंचर है। यद्यपि आवास वित्त कंपनियों के बकाया संसाधनों में लगभग 4 प्रतिशत रा.आ. बैंक की पुनर्वित्त सहायता शामिल है लेकिन उधार की लागत को नियंत्रित करने में राष्ट्रीय आवास बैंक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ग्राफ 3.9 विगत तीन वर्षों में आ.वि.कं. के बकाया संसाधनों की प्रवृत्ति दर्शाता है:

ग्राफ 3.9: विगत तीन वर्षों में आ.वि.कं. के बकाया संसाधनों की प्रवृत्ति



तालिका 3.4 : आवास वित्त कंपनियों की उधार राशियों का संघटन

(करोड़ रुपये में)

विवरण	2013-14	2014-15	वृद्धि (%)	2015-16	वृद्धि (%)
राष्ट्रीय आवास बैंक	19,376	23,027	19	26,440	15
विदेशी सरकार, विदेशी प्राधिकरण एवं विदेशी नागरिक अथवा व्यक्ति	3,314	5,261	59	9,398	79
बैंक	128,407	136,746	6	166,744	22
अचल संपत्तियों अथवा परिवर्तनशील डिबेंचर के बंधक द्वारा सुरक्षित डिबेंचर	169,015	200,804	19	247,863	23
बैंकों द्वारा अभिदत्त डिबेंचर	*40,795*	*62,941*	*54*	*73,258*	*16*
अन्य द्वारा अभिदत्त डिबेंचर	*128,220*	*137,863*	*8*	*174,606*	*27*
अन्य	49,466	79,497	61	93,093	17
सार्वजनिक जमाएं	51,981	63,681	23	74,222	17
कुल	**421,559**	**509,016**	**21**	**617,761**	**21**

3.3.4 आवास वित्त कंपनियों में सार्वजनिक जमाएं

3.3.4.1 आ.वि.कं. की आकार–वार सार्वजनिक जमाएं: वर्ष 2015–16 के दौरान आवास वित्त कंपनियों में बकाया सार्वजनिक जमाओं ने वृद्धि की प्रवृत्ति दर्शायी है। यथा 31 मार्च, 2016 को कुल सार्वजनिक जमाओं के 89.32 प्रतिशत शेयर के साथ अधिकतम 100,000 रुपये से अधिक सार्वजनिक जमाएं थी। विगत तीन वर्षों के अंत में सार्वजनिक जमाओं की आकार–वार बकाये की प्रवृत्ति को ग्राफ 3.10 में दर्शाया गया है। प्रमुख आवास वित्त कंपनियां – हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हाउसिंग एंड अर्बन डेवलेपमेंट कॉर्पोरेशन लि., दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, गृह फाइनेंस लिमिटेड, सुंदरम बीएनपी परिबास होम फाइनेंस लि., एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, इत्यादि ने वर्ष 2015–16 के दौरान सार्वजनिक जमाओं की महत्वपूर्ण राशि जुटाई।

ग्राफ 3.10: विगत तीन वर्षों में आ.वि.कं. की सार्वजनिक जमाओं की आकार–वार प्रवृत्ति



3.3.4.2 आवास वित्त कंपनियों की ब्याज दर–वार सार्वजनिक जमाएँ – यथा, 31 मार्च, 2016 को आवास वित्त कंपनियों द्वारा संघटित कुल सार्वजनिक जमाओं का कुल 63 प्रतिशत, 9 से 11 प्रतिशत प्रतिवर्ष के दर खंड में आता है। आवास वित्त कंपनियों के पास 6 से 9 प्रतिशत प्रतिवर्ष की ब्याज दर श्रेणी में सार्वजनिक जमाओं का 34 प्रतिशत था, जो पिछले वर्ष की तुलना में भारी वृद्धि को दर्शाता है। पिछले तीन वर्षों में बकाया सार्वजनिक जमाओं के ब्याज दर–वार वर्गीकरण की प्रवृत्ति को ग्राफ 3.11 में दर्शाया गया है।

ग्राफ 3.11: विगत तीन वर्षों में आ.वि.कं. की सार्वजनिक जमाओं की ब्याज दर–वार प्रवृत्ति



3.3.4.3 **आवास वित्त कंपनियों की परिपक्वता–वार सार्वजनिक जमाएँ:** विगत तीन वर्षों में सार्वजनिक जमाओं का परिपक्वता–वार वर्गीकरण का विश्लेषण यह संकेत देता है कि अधिकतर सार्वजनिक जमाकर्ताओं ने 24 महीने अथवा उससे अधिक, लेकिन 48 महीने से कम की परिपक्वता अवधि को वरीयता दी। वर्ष 2014–15 की तुलना में वर्ष 2015–16 के दौरान इस वर्ग में सार्वजनिक जमाओं के शेयर में वृद्धि की प्रवृत्ति देखी गई। विगत तीन वर्षों के अंत में बकाया सार्वजनिक जमाओं के परिपक्वता–वार वर्गीकरण की प्रवृत्ति को ग्राफ 3.12 में दर्शाया गया है।

ग्राफ 3.12: विगत तीन वर्षों में आ.वि.कं. की सार्वजनिक जमाओं की परिपक्वता प्रवृत्ति



3.3.5 आवास वित्त कंपनियों की आस्ति रूपरेखा

आवास वित्त कंपनियों की आस्ति रूपरेखा में मुख्य तौर पर आवास ऋण, अन्य ऋण एवं निवेश शामिल हैं; यथा 31 मार्च, 2016 को बकाया राशि 720,555 करोड़ रुपये थी। वर्ष 2015–16 में, आवास ऋण ने लगभग 21 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ (वर्ष 2014–15 में 22 प्रतिशत की तुलना में) आवास वित्त कंपनियों की कुल आस्ति पोर्टफोलियो का लगभग 71 प्रतिशत का योगदान दिया। आवास वित्त कंपनियों की आस्ति रूपरेखा में आवास ऋणों के पश्चात लगभग 23 प्रतिशत के अंश के साथ अन्य ऋणों एवं अग्रिम का स्थान आता है। निवेश का अंश गिरावट की प्रवृत्ति में था – वर्ष 2015–16 में आवास वित्त कंपनियों की कुल आस्तियों का केवल 6 प्रतिशत रहा। आवास वित्त कंपनियों द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के संकलन से प्राप्त की गई प्रमुख आस्तियों की बकाया स्थिति तालिका 3.5 में दशाई गयी है।

तालिका 3.5 आवास वित्त कंपनियों के बकाया ऋण एवं अग्रिम तथा निवेश

(करोड़ रुपये में)

विवरण	2013-14	2014-15	वृद्धि (%)	2015-16	वृद्धि (%)
आवास ऋण	347,858	423,346	21.7	512,589	21.1
अन्य ऋण एवं अग्रिम	116,084	138,970	19.7	168,529	21.3
निवेश	34,228	33,817	(1.2)	39,437	16.6
कुल	**498,170**	**596,132**	**19.7**	**720,555**	**20.9**

ग्राफ 3.13 विगत तीन वर्षों में आ.वि.कं. के बकाया ऋण एवं अग्रिम तथा निवेश की प्रवृत्ति



3.3.6 आवास वित्त कंपनियों के आवास ऋण

आवास वित्त कंपनियों का बकाया आवास ऋण यथा 31 मार्च, 2015 के 423,346 करोड़ रुपये के बकाया की तुलना में 31 मार्च, 2016 को 512,589 करोड़ रुपये थे; उसमें 21.08 प्रतिशत की वृद्धि देखी गयी। आवास वित्त कंपनियों के बकाया अन्य ऋण एवं अग्रिम यथा 31 मार्च, 2015 के 138,970 करोड़ रुपये की तुलना में 31 मार्च, 2016 को 168,529 करोड़ रुपये थे, उसमें 21.27 प्रतिशत की वृद्धि देखी गयी।

तालिका 3.6 : आवास वित्त कंपनियों के कुल ऋणों के साथ आवास ऋणों की तुलना

(करोड़ रुपये में)

विवरण	2013-14	2014-15	वृद्धि (%)	2015-16	वृद्धि (%)
बकाया आवास ऋण	347,858	423,346	21.7	512,589	21.08
बकाया कुल ऋण	463,942	562,315	21.2	681,118	20.13
कुल ऋणों से आवास ऋण	75.0 %	75.29%	0.3	75.26	0.6

तालिका 3.7 : आवास वित्त कंपनियों के खंड–वार वैयक्तिक आवास ऋण

(करोड़ रुपये में)

आवास ऋण खंड (₹)	2014-15			2015-16			2016-17 (31 दिसम्बर, 2016 तक)		
	संवितरण	बकाया	एनपीए (%)	संवितरण	बकाया	एनपीए (%)	संवितरण	बकाया	एनपीए (%)
2 लाख तक	869	3,656	4.8	1,434	3,574	6.1	1,263	4,287	10.1
> 2 लाख से 5 लाख	2,257	14,106	1.8	2,870	14,083	1.5	2,261	14,060	2.2
> 5 लाख से 10 लाख	9,997	43,388	0.5	12,706	47,978	0.4	10,564	51,825	0.6
> 10 लाख से 25 लाख	45,331	133,367	0.4	53,562	158,090	0.3	41,693	172,499	0.5
> 25 लाख	63,102	163,026	0.4	89,586	214,049	0.3	71,273	239,118	0.6
कुल	**121,556**	**357,543**	**0.6**	**160,158**	**437,775**	**0.4**	**127,054**	**481,788**	**0.7**

3.3.7 आवास वित्त कंपनियों के आवास ऋणों का परिपक्वता स्वरूप

आवास वित्त कंपनियों के वैयक्तिकों हेतु बकाया आवास ऋणों की परिपक्वता स्वरूप की प्रवृत्ति का विश्लेषण करने पर यह देखा गया था कि लगभग 97 प्रतिशत आवास ऋणों की परिपक्वता सात वर्षों से अधिक थी। यह संकेत देता है कि आवास वित्त कंपनियों के वैयक्तिक आवास ऋण ग्राहक, आवास ऋणों के लिए अल्प अथवा मध्यम अवधि की तुलना में लम्बी अवधि को अधिक महत्व देते थे। विगत तीन वर्षों के अंत में वैयक्तिकों हेतु बकाया आवास ऋणों के परिपक्वता स्वरूप को ग्राफ 3.14 में दर्शाया गया है।

ग्राफ 3.14: आ.वि.कं. के वैयक्तिकों हेतु आवास ऋणों की परिपक्वता स्वरूप–वार प्रवृत्ति



3.3.8 वैयक्तिकों हेतु आवास ऋणों का उद्देश्य–वार संवितरण

संवितरित ऋणों का लगभग 70 प्रतिशत नये घरों के अधिग्रहण/निर्माण के लिए था; 27 प्रतिशत पुराने/मौजूदा घरों की खरीद (पुनर्विक्रय) के लिए था; तथा शेष 3 प्रतिशत मुख्य मरम्मत सहित उन्नयन के लिए था। यह दर्शाता है कि आवास वित्त कंपनियों द्वारा संवितरित आवास ऋणों से नये आस्तियों का सृजन मुख्य गतिविधि थी। विगत तीन वर्षों के दौरान संवितरण की उद्देश्यवार प्रवृत्ति को ग्राफ 3.15 में दर्शाया गया है।

ग्राफ 3.15: आ.वि.कं. के वैयक्तिकों हेतु आवास ऋणों की उद्देश्य–वार प्रवृत्ति



3.3.9 आवास ऋणों का उधारकर्ता के प्रकार–वार संवितरण

वर्ष 2014–15 की तुलना में वर्ष 2015–16 में लगभग 18 प्रतिशत की वृद्धि दर से आवास वित्त कंपनियों द्वारा आवास ऋणों का संवितरण किया गया था। वर्ष 2015–16 में आवास ऋणों के संवितरण का उधारकर्ताओं के प्रकार–वार विश्लेषण से प्रतीत होता है कि आवास ऋणों का लगभग 73 प्रतिशत वैयक्तिकों, 25 प्रतिशत भवन निर्माताओं एवं 2 प्रतिशत कॉरपोरेट निकायों एवं अन्य के लिए संवितरण किया गया था। इससे स्पष्ट होता है कि आवास वित्त कंपनियों के आवास ऋणों की मुख्य सेवा वैयक्तिकों पर केन्द्रित थी। विगत तीन वर्षों में किया गया संवितरण ग्राफ 3.16 में दर्शाया गया है।

ग्राफ 3.16: आवास ऋणों की उधारकर्ता के प्रकार–वार संवितरण की प्रवृत्ति



वर्ष 2015–16 में आवास वित्त कंपनियों ने नये घरों के अधिग्रहण/निर्माण, उन्नयन (मुख्य मरम्मत सहित) एवं पुराने/मौजूदा घरों की खरीद (पुनर्विक्रय) के लिए 12,38,185 ऋण खातों के लिए 1,46,479 करोड़ रुपये संवितरित किए। अलग–अलग एवं समेकित विवरण को तालिका 3.8 से 3.11 में दर्शाये गये हैं।

तालिका 3.8: आ.वि.कं. द्वारा वैयक्तिकों को नए घरों के अधिग्रहण/निर्माण हेतु आवास ऋणों के संवितरण की तुलना (करोड़ रुपये में)

विवरण	2013-14	2014-15	वृद्धि (प्रतिशत)	2015-16	वृद्धि (प्रतिशत)
₹ 2 लाख तक	566	826	45.9	1,324	60.3
> ₹ 2 लाख से ₹ 5 लाख	1,385	1,386	0.1	1,549	11.8
> ₹ 5 लाख से ₹ 10 लाख	7,199	7,088	-1.5	8,166	15.2
> ₹ 10 लाख से ₹ 15 लाख	13,240	12,502	-5.6	12,623	1.0
> ₹ 15 लाख से ₹ 25 लाख	17,031	21,144	24.2	24,954	18.0
₹ 25 लाख से ऊपर	37,281	44,384	19.1	53,750	21.1
कुल (1)	**76,702**	**87,330**	**13.9**	**1,02,366**	**17.2**

तालिका 3.9: आ.वि.कं. द्वारा वैयक्तिकों को उन्नयन (मुख्य मरम्मतों सहित) हेतु आवास ऋणों के संवितरण की तुलना (करोड़ रुपये में)

विवरण	2013-14	2014-15	वृद्धि (प्रतिशत)	2015-16	वृद्धि (प्रतिशत)
₹ 2 लाख तक	57	49	-14.04	59	20.4
> ₹ 2 लाख से ₹ 5 लाख	490	559	14.08	735	31.5
> ₹ 5 लाख से ₹ 10 लाख	919	1,176	27.97	1,757	49.5
> ₹ 10 लाख से ₹ 15 लाख	467	653	39.83	895	37.1
> ₹ 15 लाख से ₹ 25 लाख	317	501	58.04	696	38.9
₹ 25 लाख से ऊपर	152	279	83.55	459	69.5
कुल (2)	**2,402**	**3,216**	**33.89**	**4,601**	**43.1**

तालिका 3.10: आ.वि.कं. द्वारा वैयक्तिकों को पुराने/मौजूदा घरों (पुनर्विक्रय) के अधिग्रहण हेतु आवास ऋणों के संवितरण की तुलना (करोड़ रुपये में)

विवरण	2013-14	2014-15	वृद्धि (प्रतिशत)	2012-13	वृद्धि (प्रतिशत)
₹ 2 लाख तक	28	25	-10.7	23	-8.0
> ₹ 2 लाख से ₹ 5 लाख	291	301	3.4	325	8.0
> ₹ 5 लाख से ₹ 10 लाख	1,720	1,722	0.1	1,960	13.8
> ₹ 10 लाख से ₹ 15 लाख	2,919	3,367	15.4	3,810	13.2
> ₹ 15 लाख से ₹ 25 लाख	5,948	7,237	21.7	8,985	24.2
₹ 25 लाख से ऊपर	14,048	18,466	31.5	24,409	32.2
कुल (3)	**24,954**	**31,118**	**24.7**	**39,512**	**27.0**

तालिका 3.11: आ.वि.कं. द्वारा वैयक्तिकों को आवास ऋणों के कुल संवितरण की तुलना

(करोड़ रुपये में)

विवरण	2013-14	2014-15	वृद्धि (प्रतिशत)	2015-16	वृद्धि (प्रतिशत)
₹ 2 लाख तक	651	900	38.3	1,406	56.1
> ₹ 2 लाख से ₹ 5 लाख	2,166	2,246	3.7	2,609	16.2
> ₹ 5 लाख से ₹ 10 लाख	9,838	9,986	1.5	11,883	19.0
> ₹ 10 लाख से ₹ 15 लाख	16,625	16,522	-0.6	17,328	4.9
> ₹ 15 लाख से ₹ 25 लाख	23,295	28,882	24.0	34.635	19.9
₹ 25 लाख से ऊपर	51,481	63,129	22.6	78,618	24.54
कुल (4) = (1) + (2) + (3)	**104,057**	**121,665**	**16.9**	**146,479**	**20.4**

3.3.10 आवास ऋणों का राज्य/केंद्र शासित–वार संवितरण

वैयक्तिकों को आवास ऋणों पर, संवितरण एवं बकाया पर, और ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में भी आवास ऋण संवितरण के राज्य/केंद्र शासितवार आंकड़ों को नीचे तालिका 3.12 में दर्शाया गया है।

तालिका 3.12: वैयक्तिकों को आवास ऋणों का राज्य/केन्द्र शासित–वार संवितरण

(करोड़ रुपये में)

राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश	वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान संवितरण						यथा 31 मार्च, 2016 को बकाया
	शहरी		ग्रामीण		कुल		
	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि	राशि
आंध्र प्रदेश	24,529	3,462	14,447	1,063	38,976	4,524	15,558
अरुणाचल प्रदेश	-	-	-	-	-	-	2
असम	3,428	351	51	7	3,479	358	1,551
बिहार	2,755	409	1,682	37	4,437	446	1,268
छत्तीसगढ़	11,735	1,105	1,974	135	13,709	1,240	3,227
दिल्ली	21,861	6,273	753	101	22,614	6,374	16,223
गोवा	902	181	468	73	1,370	254	786
गुजरात	72,579	7,144	41,326	2,734	113,905	9,878	22,432
हरियाणा	34,560	6,642	5,256	419	39,816	7,060	19,108
हिमाचल प्रदेश	372	34	193	13	565	47	183
जम्मू एवं कश्मीर	575	24	1	0	576	24	86
झारखंड	3,846	508	496	69	4,342	577	1,822
कर्नाटक	45,485	9,773	46,348	5,036	91,833	14,810	44,006
केरल	16,352	1,908	27,077	1,837	43,429	3,746	12,194
मध्य प्रदेश	44,637	4,242	23,305	963	67,942	5,205	13,595
महाराष्ट्र	221,143	32,803	122,778	8,569	343,921	41,372	117,709
मणिपुर	104	5	6	0	110	6	62
मेघालय	-	-	-	-	-	-	-

मिजोरम	113	5	3	0	116	5	40
नागालैंड	1	0	-	-	1	0	6
ओडिशा	7,402	697	2,692	58	10,094	755	2,405
पंजाब	14,328	1,715	7,667	615	21,995	2,330	6,538
राजस्थान	53,381	4,839	17,997	1,028	71,378	5,868	15,142
सिक्किम	1,183	156	2	0	1,185	156	474
तमिलनाडु	86,933	12,643	41,518	3,055	128,451	15,698	55,201
तेलंगाना	38,810	6,600	8,924	1,252	47,734	7,852	22,068
त्रिपुरा	2	0	-	-	2	0	1
उत्तराखंड	15,949	1,345	2,930	245	18,879	1,590	3,740
उत्तर प्रदेश	111,134	11,411	6,745	820	117,879	12,231	37,345
पश्चिम बंगाल	22,232	2,977	1,818	213	24,050	3,190	9,692
उप कुल	856,331	117,254	376,457	28,342	1,232,788	145,596	422,461
केन्द्र शासित :							
चंडीगढ़	1,940	552	176	24	2,116	576	-
पुडुचेरी	1,807	218	222	18	2,029	236	1,377
दादर एवं नगर हवेली	904	54	9	1	913	55	794
दमन एवं दीव	253	16	7	1	260	16	151
लक्षद्वीप	-	-	-	-	-	-	50
अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	-	-	-	-	-	-	-
उप कुल	4,904	839	414	44	5,318	883	2,372
कुल	**861,235**	**118,093**	**376,871**	**28,386**	**1,238,106**	**146,479**	**424,834**

3.4 आवास वित्त में अन्य पक्ष

3.4.1 भारतीय राष्ट्रीय सहकारी आवास परिसंघ, भारतीय सहकारी आवास आंदोलन का राष्ट्रव्यापी संगठन है। इसके गठन की बुनियादी जरूरत यह थी कि राष्ट्रीय स्तर पर एक ऐसा संगठन हो जो देश में आवास सहकारी समितियों की गतिविधियों के संवर्धन, विकास एवं समन्वय की जिम्मेदारी ग्रहण कर सके। सहकारी आवास संरचना का निर्माण, जमीनी स्तर पर प्राथमिक आवास सहकारी समितियों और शीर्ष सहकारी आवास परिसंघों से मिलकर किया गया है। वर्ष 2015–16 के दौरान, इन परिसंघों ने अभी तक अपने सदस्यों के लिए आवास इकाईयों के निर्माण हेतु प्राथमिक आवास सहकारी समितियों को 12,581 करोड़ रू. संवितरित किए हैं। इनका बकाया ऋण पोर्टफोलियो 1,629 करोड़ रू. था।

तालिका 3.13 – विगत तीन वर्षों की शीर्ष सहकारी आवास परिसंघों (संचयी) के उधार राशियों, संस्वीकृतियों एवं संवितरणों की प्रवृत्ति **(करोड़ रुपये में)**

प्रकार	2013-14	2014-15	2015-16
उधार ली गई राशि	10,755	10,888	11,062
संस्वीकृत ऋण	12,574	12,851	13,008
संवितरित ऋण	12,128	12,390	12,581

तालिका 3.14 – विगत तीन वर्षों के संवितरित आवास ऋण एवं एसीएचएफ (राज्य वार) द्वारा निर्मित इकाईयों की प्रवृत्ति **(करोड़ रुपये में)**

राज्य	2013-14		2014-15		2015-16	
	निर्मित/वित्त पोषित इकाईयां	राशि	निर्मित/वित्त पोषित इकाईयां	राशि	निर्मित/वित्त पोषित इकाईयां	राशि
आंध्र प्रदेश	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	2404	32.3	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
असम	815	उपलब्ध नहीं	-	-	-	-
बिहार	-	-	-	-	-	-
चण्डीगढ़	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
दिल्ली	उपलब्ध नहीं	67.3	239	52.4	238	5,966.0
गोवा	26	2.6	28	2.2	30	432.8
गुजरात	-	-	-	-	-	-
हरियाणा	840	1.9	उपलब्ध नहीं	6.3	25	180.3
हिमाचल प्रदेश	उपलब्ध नहीं	1.2	उपलब्ध नहीं	1.1	उपलब्ध नहीं	112.8
जम्मू एवं कश्मीर	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
कर्नाटक	139	15.0	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	347	974.4
केरल	18,940	66.6	1977	84.6	2921	9,878.8
मध्य प्रदेश	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	-	-	-	-
महाराष्ट्र	-	-	-	-	-	-
मणिपुर	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
मेघालय	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
ओडिशा	-	-	-	-	-	-
पुडुचेरी	43	3.3	40	1.5	7	277.9
पंजाब	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	1267	55.0	-	-
राजस्थान	4	0.1	16	1.5	6	48.8
तमिलनाडु	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	539	24.2	180	920.0
उत्तर प्रदेश	-	-	-	-	-	-
पश्चिम बंगाल	-	-	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं	1,803	300.0
अन्य	-	-	-	-	-	-
कुल	**20,807**	**157.4**	**6510**	**261.1**	**5,557**	**19,092**

3.4.2 गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियां एवं सूक्ष्म वित्त संस्थान वे अन्य संस्थान है जो वैयक्तिकों को आवास ऋण प्रदान करने में शामिल हैं, हालांकि उनका व्यापन काफी कम है। गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों का आवास ऋणों हेतु प्रत्यक्ष एक्सपोज़र वर्ष 2012–13 के 5,613 करोड़ रुपए की तुलना में वर्ष 2013–14 में 17 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर के साथ 6,548 करोड़ रुपए था।

ग्राफ 3.17: वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान वैयक्तिकों को आवास ऋणों के संवितरण का राज्य–वार विभाजन



प्रवृत्तिः छत्तीसगढ़ ने पिछले वर्ष की तुलना में अपनी स्थिति में सुधार किया है तथा हरी से पीली श्रेणी में चला गया है।

ग्राफ 3.18: वैयक्तिकों हेतु बकाया आवास ऋणों का राज्य–वार विभाजन



प्रवृत्तिः बिहार और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह ने पिछले वर्ष की तुलना में अपनी स्थिति में सुधार किया है। बिहार हरी से पीली श्रेणी में जबकि अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह सफेद से हरी श्रेणी में चला गया है।

ग्राफ 3.19: वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान भवन निर्माताओं को आवास ऋणों के संवितरण का राज्य–वार विभाजन



प्रवृत्तिः असम, पुडुचेरी, हरियाणा तथा उत्तर प्रदेश ने पिछले वर्ष की तुलना में अपनी स्थिति में सुधार किया है। असम और पुडुचेरी सफेद से हरी श्रेणी में जबकि हरियाणा पीली से नीली श्रेणी में चला गया है। उत्तर प्रदेश हरी से पीली श्रेणी में चला गया है। राजस्थान पीली से हरी श्रेणी में नीचे चला गया है।

ग्राफ 3.20 भवन निर्माओं हेतु बकाया आवास ऋणों का राज्य–वार विभाजन



प्रवृत्तिः उत्तर प्रदेश तथा हरियाणा ने पिछले वर्ष की तुलना में अपनी स्थिति में सुधार किया है। उत्तर प्रदेश हरी से पीली श्रेणी में चला गया है जबकि हरियाणा पीली से नीली श्रेणी में चला गया है। त्रिपुरा हरी से सफेद श्रेणी में नीचे चला गया है।

